@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

सोमवार, 5 मई 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 174 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी: दो जासूस गिरफ्तार

चंडीगढ़, 4 मई। पंजाब पुलिस के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। अमृतसर में बड़ा जासूसी कांड बेनकाब करते हुए दो जासूसों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सेना की गोपनीय जानकारी लीक कर रहे थे। दोनों के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से कनेक्शन उजागर हुए हैं। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान पलक शेर मसीह और सुरज मसीह के तौर पर हुई है। दोनों को अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार आरोपियों ने सेना छावनियों और एयरबेस की तस्वीरें दुश्मन को भेजीं। आईएसआई के लिए जासूसी कर रहे दोनों जासूसों एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। जिससे आर्मी कैंट और एयरफोर्स से जुड़ी बेहद संवेदनशील सूचनाएं आरोपी पाकिस्तान को भेज रहे थे। एसएसपी देहाती मनिंदर सिंह ने बताया कि उक्त दोनों आरोपियों के बारे में जानकारी मिली थी कि यह लोग पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई के संपर्क में है। इसी के तहत ट्रैप लगाया और दोनों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों से जो मोबाइल बरामद हुआ है उसे कई तरह की जानकारियां मिली हैं कि आरोपी आर्मी कैंट से संबंधित जानकारी पाकिस्तान भेज रहे थे। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और मजदूरी करते थे। इसी दौरान आरोपी जेल में बंद कुख्यात अपराधी हैप्पी के संपर्क में आ गए और उसके जरिए आईएसआई के लिए काम करने लगे। फिलहाल आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है और पूछताछ की जा रही है ताकि पता चल सके कि और कौन-कौन लोग उनके साथ जुड़े हुए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने एक्स पर ट्वीट किया कि आरोपियों के खिलाफ जांच जारी है। पंजाब पुलिस भारतीय सेना के साथ मजबूती से खड़ी है, राष्ट्रीय हितों की रक्षा के अपने कर्तव्य में अडिग है। हमारे सशस्त्र बलों की सुरक्षा को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का दृढ़तापूर्वक और तत्काल जवाब दिया जाएगा। वहीं दो जासूसों की गिरफ्तारी के बाद से पूरे प्रदेश में एक बार फिर चौकसी बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसियां आरोपियों से पूछताछ करेंगी और उनके नेटवर्क के बारे में खुलासा करेंगे। पहलगाम हमले के बाद पंजाब पुलिस के इस एक्शन को सुरक्षा के लिहाज से बड़ा महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# कांग्रेस राज की गलतियों का जिम्मा लेता हूं: राहुल गांधी

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 4 मई। पिछले महीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था और भारत से जुड़े कई मामलों पर अपनी बात रखी थी। इसी दौरान का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक सिख व्यक्ति ने इतिहास में समुदाय के प्रति कांग्रेस के बर्ताव पर सवाल उठाए। शख्स ने सज्जन कुमार और उनके जैसे नेताओं का कांग्रेस में होने का जिक्र किया। इस पर राहुल ने कहा कि जो कुछ भी हुआ, उस वक्त मैं नहीं था। हालांकि, कांग्रेस राज में जो कुछ भी गलत हुआ, उसके लिए मैं जिम्मेदारी लेता हूं। इस वीडियो को भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी पोस्ट किया और राहुल के बयान को राजनीतिक ढोंग करार दिया। भाजपा नेता की ओर से शेयर किए गए वीडियो पर 21 अप्रैल 2025 की तारीख दिखाई दे रही है। कार्यक्रम वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटीनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में आयोजित किया गया था। इस दौरान एक सत्र में राहुल ने हिस्सा लिया था, जब वहां मौजूद लोगों ने उनसे सीधे सवाल किए थे। इस दौरान राहुल से एक सिख शख्स ने राहुल से तीखे सवाल किए थे और कांग्रेस के बीते इतिहास को याद दिलाया था। सिख व्यक्ति ने राहुल गांधी से पूछा कि आपने अपनी पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान ट्वीट किया था, जिसमें आपने भारत और बाहर के सिखों से बात की थी। आपने पूछा था कि क्या भाजपा राज में आपको कड़ा पहनने और पगड़ी बांधने दिया जा रहा है? जबकि कांग्रेस ने खुद भी सिखों को अभिव्यक्ति की आजादी नहीं दी। पार्टी ने सिखो के बीच एक डर तैयार किया, जैसा आप भाजपा को बता रहे हैं। आप निष्पक्ष राजनीति की बात करते हैं, डर के बिना राजनीति की बात करत हैं। हम सिर्फ कड़ा नहीं पहनना चाहते हैं, सिर्फ पगड़ी नहीं बांधना चाहते हैं। हम अभिव्यक्ति की आजादी चाहते हैं, जो कांग्रेस पार्टी ने इतिहास में हमें नहीं दी। आपकी पार्टी ने कभी गलती मानने की परिपक्वता नहीं दिखाई। सज्जन कुमार जैसे नेता इसके उदाहरण हैं। ऐसे कई नेता आज भी पार्टी में हैं। आप सिख समुदाय के साथ इसे कैसे सुधारेंगे? राहुल गांधी ने जवाब में कहा, बहुत कुछ तब हुआ, जब मैं राजनीति में नहीं था। हालांकि, मैं कांग्रेस पार्टी की ओर से की गई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। मैंने सार्वजनिक रूप से कहा भी है कि 80 के दशक में जो कुछ भी हुआ, वह गलत था। मैं कई



बार स्वर्ण मंदिर जा चुका हूं। सिख समुदाय के साथ मेरे अच्छे रिश्ते रहे हैं। रही बात भाजपा की तो उनके शासनकाल में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर जो डर का माहौल है, वह सच में है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कांग्रेस पार्टी और राहुल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 1984 का सिख नरसंहार, एक ऐसा काला अध्याय, जिसे कोई सिख कभी भूल नहीं सकता। कांग्रेस और गांधी परिवार की शह पर 8000 से ज्यादा सिखों को दिल्ली की सड़कों पर जिंदा जला दिया गया। गुरु घरों में बेअदबी हुई, माताओं की गोद उजड़ गई और आज राहुल गांधी उस दर्द पर बस ये कहते हैं.. जो हुआ, गलत हुआ। उन्होंने कहा कि विदेशों में जाकर भारत और सिखों का अपमान करने वाले राहुल गांधी, जब सच का सामना करने की बारी आई तो दरबार साहिब में सेवा का हवाला देकर पीछे हट गए। सवाल ये है कि क्या सिखों के लहू का प्रायश्चित एक सेवा से हो जाएगा? राहुल गांधी जवाब देंज्कमलनाथ, सज्जन कुमार और टाइटलर जैसे सिखों के कातिल आज भी कांग्रेस में क्यों हैं? भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अभिव्यक्ति की आजादी की बात तो करती है पर पिछले 15 दिनों से वो वीडियो तक शेयर नहीं किया जिसमें सिख युवाओं ने राहुल गांधी के सामने सच रखा।

## वायुसेना प्रमुख ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 4 मई। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई। इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और प्रधानमंत्री मोदी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर हुई यह बैठक पीएम की अध्यक्षता में उस बैठक के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए





थे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के एक दिन बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई थी। हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। सरकार ने आतंकवाद को करारा झटका देने के भारत के राष्ट्रीय संकल्प के प्रतिबद्धता जताई। पीएम मोदी ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसके पीछे के साजिशकर्ताओं को कड़ी सजा मिलेगी। सरकार ने सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी।

## भारत में इमरान खान, बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट ब्लॉक

नई दिल्ली, 4 मई। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट को भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार के एक्स अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे एक दिन पहले ही उन्होंने दावा किया था कि इस्लामाबाद के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है, जिससे पता चलता है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली 24 से 36 घंटे के भीतर पड़ोसी देश पर सैन्य हमला कर सकता है। इमरान खान और बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट पर एक संदेश लिखा हुआ सामने आ रहा है। इसमें लिखा है कि कानूनी मांग के जवाब में इसे भारत में रोक दिया गया है। पाकिस्तानी राजनेताओं के एक्स अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर और कवर इमेज ब्लैंक (खाली) दिख रही है। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर की गई। हमले में प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की शाखा द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) के आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों पर गोलीबारी की और 26 की निर्मम हत्या कर दी।

## केवाईसी सिस्टम को केंद्रीकृत किया जा रहा: सेबी अध्यक्ष

नई दिल्ली, 4 मई। बाजार नियामक संस्था सेबी, केंद्रीय वित्त मंत्रालय और अन्य बाजार नियामकों के साथ मिलकर केवाईसी सिस्टम को केंद्रीकृत करने की दिशा में काम कर रहा है। सेबी अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने यह जानकारी दी। केंद्रीय चङ्क्ष्ट एक ऑनलाइन डेटाबेस है जो ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड को केंद्रीकृत तरीके से रखता है, जिसका उद्देश्य वित्तीय संस्थानों में अनुपालन को आसान करना है। सेबी अध्यक्ष ने बताया कि केंद्रीकृत केवाईसी सिस्टम बनाने के लिए काम कर रही समिति की अध्यक्षता वित्त सचिव कर रहे हैं और प्रक्रिया को तेज करने की कोशिश हो रही है। हालांकि उन्होंने इसकी कोई समयसीमा तय नहीं की, लेकिन कहा कि ये जल्द हो जाना चाहिए। उन्होंने केंद्रीकृत केवाईसी सिस्टम की खूबी बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था बहुत प्रभावी रहेगी, जहां एक जगह केवाईसी होगी और वो सभी जगह अपने आप हो जाएगी। तुहिन कांत पांडे ने यह सिर्फ ऐसा नहीं है कि केवाईसी अपलोड हो जाएगी, बल्कि इसकी वैधता की पूरी जांच होगी। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में घोषणा की कि 2025 में एक नया, संशोधित केंद्रीय अपने ग्राहक को जानो (चङ्क्ष्ट) रजिस्ट्री शुरू की जाएगी। इसके बाद, अप्रैल में, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने केंद्रीय चङ्क्ष्ट रिकॉर्ड रजिस्ट्री के पुनर्गठन पर चर्चा करने और वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच की सुविधा के लिए चङ्क्ष्ट अनुपालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

# पंचायतों को कानूनी रूप से सशक्त बनाने की है जरूरत: राष्ट्रपति

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 4 मई। पंचायतों को गांवों में विवादों को सुलझाने और मध्यस्थता करने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए विवाद समाधान तंत्र को ग्रामीण क्षेत्रों तक बढ़ाने की सख्त जरूरत है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रथम राष्ट्रीय मध्यस्थता सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि गांवों में सामाजिक सद्भाव राष्ट्र को मजबूत बनाने की एक आवश्यक शर्त है। गांवों में पारिवारिक या भूमि विवादों में मध्यस्थता करने वाले लोग सामाजिक रूप से सशक्त होते हैं, लेकिन उनके पास कानूनी सशक्तिकरण का अभाव होता है। इस वजह से ऐसे मामले गांव के स्तर पर ही नहीं सुलझ पाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि विवादों के समाधान के दौरान, प्रभावित पक्षों को पता होता है कि मध्यस्थों के पास कानूनी शक्तियों का अभाव होता है, इसलिए वे निर्णयों से सहमत नहीं होते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मध्यस्थता न्याय प्रदान करने का एक अनिवार्य हिस्सा है। यह भारतीय संविधान के मूल में है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता न केवल विचाराधीन विशिष्ट मामले में न्याय देने में तेजी ला सकती है, बल्कि अन्य मामलों में भी बड़ी संख्या में मुकदमों के बोझ को कम कर न्याय दे सकती है। राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा तंत्र बनाने की जरूरत है



जहां गांव स्तर पर विवादों का निपटारा वहीं हो जाए, माहौल खराब न हो और लोग सद्भाव के साथ रहें। उन्होंने कहा कि इस तरह से कई छोटे-मोटे मुद्दों को जमीनी स्तर पर ही सुलझाया जा सकता है। मुर्मू ने कहा कि शायद यह किसी चूक या वक्त की कमी की वजह से गांव से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक न्यायिक व्यवस्था स्थापित नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि गांवों में मध्यस्थता की व्यवस्था पहले से ही थी, लेकिन लोग अब शिक्षित हो गए हैं, इसलिए उन्हें पता है कि मध्यस्थों के पास कोई शक्ति नहीं है। इस कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, सीजेआई पदनाम बीआर गवई और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शनिवार को भारत के बढ़ते मुकदमों के लिए नए और अधिक संदर्भ-संवेदनशील समाधानों की वकालत की। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता को बढ़ावा देना फायदेमंद होगा क्योंकि इससे पक्षों को आपसी समझ बनाने में मदद मिलेगी। वे मध्यस्थता की प्रभावकारिता और पहुंच की खोज पर राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। यहां उन्होंने मध्यस्थता बार एसोसिएशन को एक परिवर्तनकारी कदम बताया। मेहता ने कहा कि वकील होने के नाते हम जानते हैं कि विवाद हमारे जीवन का एक अपरिहार्य हिस्सा हैं। जब कोई मामला अदालत में जाता है, तो एक पक्ष संतुष्ट हो जाता है जबकि दूसरा असंतुष्ट हो जाता है।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान पर साधा निशाना

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 4 मई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ रहे तनाव को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान पर निशाना साधा। नई दिल्ली में हो रहे आर्कटिक सर्कल इंडिया फोरम 2025 में विदेश मंत्री ने कहा कि हम दुनिया में भागीदारों की तलाश करते हैं, उपदेशकों की नहीं। हमें ऐसे उपदेशक नहीं पसंद हैं, जो विदेश में उपदेश देते हैं, उसे अपने देश में नहीं अपनाते। दरअसल पाकिस्तान यूएन और वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के समर्थन की बात नकारता है, लेकिन आतंक को पनाह देता है। विदेश मंत्री ने कहा कि यूरोप के कुछ देश अभी भी उपदेशक बने हुए हैं। यूरोप वास्तविकता की जांच के एक निश्चित क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। वे आगे बढ़ने में सक्षम हैं या नहीं, यह हमें देखना होगा। अगर हमें साझेदारी विकसित करनी है, तो कुछ समझ, संवेदनशीलता, हितों की पारस्परिकता और दुनिया कैसे काम करती है, इसका एहसास होना चाहिए। डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि आर्कटिक के साथ हमारी भागीदारी बढ़ रही है। अंटार्कटिका के साथ हमारी भागीदारी पहले से भी अधिक है, यह अब 40 साल से ज्यादा की हो गई है। हमने कुछ साल पहले आर्कटिक नीति बनाई है। स्वालबार्ड पर चङ्क्ष्ज के साथ हमारे समझौते हैं, जो हमारे अंतरिक्ष के लिए प्रासंगिक है। आर्कटिक में जो कुछ भी होता है, पृथ्वी पर सबसे अधिक युवा लोगों वाले देश के रूप में वह भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिस दिशा में चीजें आगे



बढ़ रही हैं, उसके परिणाम न केवल हमें बल्कि पूरे विश्व को महसूस होंगे। उन्होंने कहा कि आर्कटिक के प्रक्षेपवक्र का प्रभाव वैश्विक होगा, जिससे यह सभी के लिए चिंता का विषय बन जाएगा। तापमान में वृद्धि से नए रास्ते खुल रहे हैं, जबकि तकनीकी और संसाधन वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया आकार देने के लिए तैयार हैं। भारत के लिए यह बहुत मायने रखता है क्योंकि हमारी आर्थिक वृद्धि तेज हो रही है। जयशंकर ने कहा कि भू-राजनीतिक विभाजन के बढ़ने से आर्कटिक की वैश्विक प्रासंगिकता और बढ़ गई है। आर्कटिक का भविष्य दुनिया में हो रही घटनाओं से जुड़ा हुआ है, जिसमें अमेरिकी राजनीतिक प्रणाली के भीतर चल रही बहसें भी शामिल हैं। अमेरिका आज पहले से कहीं अधिक आत्मनिर्भर है। यूरोप आज बदलाव के लिए दबाव में है। विदेश मंत्री ने कहा कि बहुध्रुवीयता की वास्तविकताएं यूरोप को समझ में आ रही हैं। मुझे लगता है कि यूरोप ने अभी भी इसे पूरी तरह से समायोजित और आत्मसात नहीं किया है। अमेरिका ने नाटकीय रूप से अपना रुख बदल लिया है। चीनी वही कर रहे हैं जो वे पहले कर रहे थे। इसलिए हम प्रतिस्पर्धा का ऐसा क्षेत्र देखने जा रहे हैं जिसे याद करना आसान नहीं होगा। हम एक बहुत अधिक प्रतिस्पर्धी दुनिया, बहुत अधिक तीव्र प्रतिस्पर्धा देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने रूस के यथार्थवाद की वकालत की है। हमने हमेशा महसूस किया है कि रूस के साथ जुड़ने की आवश्यकता है। मैं रूस के यथार्थवाद का समर्थक हूं, मैं अमेरिका के यथार्थवाद का भी समर्थक हूं।

## विशेष विधानसभा सत्र का एलान

नई दिल्ली, 4 मई। दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए दो दिन का विशेष विधानसभा सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया। इस सत्र में प्राइवेट स्कूल फीस बिल को विधानसभा में पेश किया जाएगा। दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने कहा, विधायक दल की बैठक आने वाले विधानसभा सत्र की तैयारी को लेकर थी और सभी विधायकों ने आपस में अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, 125 साल में दिल्ली में मई में इतनी बारिश कभी नहीं हुई और एक घंटे के अंदर जलभराव की समस्या हल हो गई। हमारी मानसून की सही तैयारी चल रही हैं और हम सफल होंगे। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में मेडिकल लीगल एविडेंस एंड पेशेंट रिपोर्टिंग पोर्टल का शुभारंभ किया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्देश्य मेडिको-लीगल दस्तावेजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही को बढ़ाना है। इस अवसर पर गृह मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र और पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एक वैन भी लॉन्च की गई।

# मुख्यमंत्री ममता का दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद जाना पर्यटन जैसा: अधीर रंजन

**नरेश मल्होत्रा**

कोलकाता, 4 मई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले के दौरे को लेकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि हिंसा भड़कने के करीब 20 दिन बाद सीएम ममता का वहां का अपना दौरा तय करना पर्यटन जैसा है। अधीर रंजन ने कहा कि टीएमसी सुप्रीमो जिला में दंगा पर्यटन शुरू कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वह दोनों समुदायों से संबंधित आम लोगों के घरों और संपत्तियों पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किए जाने के दौरान व्यस्त थीं, जिन्होंने 11-12 अप्रैल को शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक वक्फ (संशोधन) अधिनियम विरोधी विरोध में घुसपैठ की थी। शमशेरगंज और अन्य हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने वाले पूर्व सांसद चौधरी ने बरहामपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें कई प्रभावित परिवारों ने बताया कि आगजनी की घटनाओं के लिए स्थानीय टीएमसी गुंडे जिम्मेदार थे और आरोप लगाया कि घटना के चार से पांच घंटे बाद पुलिस पहुंची। सीएम पर दीघा, पूर्व मेदिनीपुर में जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन की तैयारियों



पर ध्यान केंद्रित करने का आरोप लगाते हुए चौधरी ने कहा कि अब हिंसा के कई दिनों बाद, जब वह अन्य कार्यों में व्यस्त थीं, तो सीएम प्रचार अभ्यास के लिए मुर्शिदाबाद जा रही हैं। जाहिर है, वह दंगा पर्यटन पर निकल पड़ी हैं। पूर्व पीसीसी प्रमुख ने टिप्पणी की, मुझे आश्चर्य है कि वह शमशेरगंज के बजाय हजारद्वारी जैसे पर्यटन स्थलों पर क्यों नहीं जा रही हैं। दीघा की उनकी यात्रा के बाद ऐसा करना उचित होता। कांग्रेस नेता चौधरी ने टीएमसी पर आरोप लगाया कि वह जिले के निर्वाचन क्षेत्रों से सांसद और विधायक चुने जाने के बावजूद हिंसा को रोकने में विफल रही है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि शमशेरगंज में हिंसा भड़काने की साजिश हो सकती है, क्योंकि यह विधानसभा क्षेत्र मालदा से कांग्रेस सांसद ईशा खान की लोकसभा सीट में आता है, ताकि पार्टी को बदनाम किया जा सके। चौधरी ने दावा किया कि मुर्शिदाबाद हिंसा के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा की गई गोलीबारी में 17 लोग घायल हो गए और कहा कि प्रशासन द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। चौधरी ने मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने दीघा में जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन करके और इसे धाम कहकर धर्म आधारित राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया, जिससे ओडिशा और बंगाल में असंख्य जगन्नाथ भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा, इस तरह के संतुलन का खेल बंगाल के लिए खतरा पैदा करता है, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। कांग्रेस नेता चौधरी ने पहलगाम हमले की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक विवाद पैदा करने की पाकिस्तान की कोशिश सफल नहीं हुई और न ही सफल होगी। उन्होंने कहा कि पहलगाम के कुछ दिनों बाद आतंकवादियों के साथ एक और मुठभेड़ में सेना के कमांडो झंटू अली शेख का सर्वोच्च बलिदान इस बात की गवाही देता है कि हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई पाकिस्तान की योजना को विफल करने के लिए एकजुट हैं और एकजुट होकर लड़ेंगे। टीएमसी विधायक मनीरुल इस्लाम ने बताया कि मुख्यमंत्री मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित जिले के दो दिवसीय दौरे पर जा सकती हैं। सोमवार को वह जिला मुख्यालय बहरामपुर पहुंचेंगी। इसके बाद मंगलवार को शमशेरगंज और धुलियान जाएंगी। मनीरुल ने कहा कि सुति के छपघाटी मैदान में मुख्यमंत्री प्रशासनिक बैठक की अध्यक्षता भी करेंगी। बनर्जी के बहरामपुर में पार्टी नेताओं से मिलने और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करे की संभावना है। ऐसा माना जा रहा है कि इस मुलाकात में हाल की घटनाओं का जायजा लिया जाएगा।

## बंगाल के सामने कट्टरपंथ और उग्रवाद की दोहरी चुनौती: राज्यपाल

कोलकाता, 4 मई। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद जिले में हाल में हुए दंगों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि राज्य में कट्टरपंथ और उग्रवाद की दोहरी चुनौती पैदा कर रहे हैं। रिपोर्ट में राज्यपाल ने सुझाव दिया कि बांग्लादेश सीमा से सटे जिलों में केंद्रीय बलों की चौकियां बनाई जाएं। एक जांच आयोग गठित किया जाए, पूरे घटनाक्रम की जांच करे। उन्होंने यह भी लिखा कि यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि संविधान के अनुच्छेद 356 के प्रावधान भी बने रहेंगे। अनुच्छेद 356 का मतलब राष्ट्रपति शासन लागू करने से है। हालांकि, एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि राज्यपाल ने अनुच्छेद 356 को लागू करने की सिफारिश नहीं की, केवल यह संकेत दिया कि अगर हालात और बिगड़ते हैं तो केंद्र के पास यह विकल्प है। दंगों पर चिंता जताते हुए राज्यपाल ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा का असर अन्य जिलों पर भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार सांविधानिक विकल्पों पर विचार करना चताहिए, ताकि लोगों का कानून-व्यवस्था पर भरोसा बना रहे। मुर्शिदाबाद और मालदा दोनों ही जिले बांग्लादेश की सीमा से सटे हैं और यहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं। उत्तर दिनाजपुर में इनकी बहुलता है। राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में नए वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी। इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। राज्यपाल ने कहा कि ये दंगे पहले से सोचे-समझे लगते हैं और सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल 2025 को कानून लागू हुआ और उसी दिन राज्य सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया, जिससे साफ है कि सरकार को खतरे की भनक थी। राज्यपाल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने समुचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं की। प्रशासन और पुलिस में ठोस तालमेल की कमी थी या उन्होंने जानबूझकर कार्रवाई नहीं की।

## पाकिस्तान ने भारत को फिर दी परमाणु हमले की गीदड़ भभकी

एजेंसी

**मास्को।** पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत को परमाणु हमले की गीदड़ भभकी दी है। रूस में पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने कहा कि यदि भारत हमला करता है तो उनका देश परमाणु हमला करेगा। रसिया टीवी के मुताबिक पाकिस्तान के राजदूत ने दावा किया है कि भारत जल्द ही उनके देश के कुछ हिस्सों पर हमला कर सकता है। ऐसे में पाकिस्तान मूकदर्शक नहीं रहेगा। पाकिस्तान भी पूरी ताकत के साथ इसका मुकाबला करेगा। जरूरत पड़ने पर परमाणु हमले का भी विकल्प खुला है। गौरतलब है कि इससे पहले पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी भी भारत पर परमाणु हमले की धमकी दे चुके हैं। उन्होंने कहा था कि शाहीन, गौरी और गजनवी जैसी मिसाइलें चौराहों पर सजाने के लिए नहीं रखी हैं। यह सभी भारत के लिए ही हैं।

## भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान ने अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया

**इस्लामाबाद।** भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से दोनों देशों के बीच उपजे तनाव के बीच आज पाकिस्तान ने अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया। जियो न्यूज चैनल ने एक्ट अकाउंट पर पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी साझा की। आईएसपीआर ने कहा कि 450 किलोमीटर रेंज वाली अब्दाली हथियार प्रणाली का प्रशिक्षण प्रक्षेपण सैनिकों की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। इसका परीक्षण सफल रहा। इस दौरान सेना सामरिक बल कमान के कमांडर, सामरिक योजना प्रभाग, सेना सामरिक बल कमान के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुखों ने इसके लिए वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी।

## पश्चिमी टेक्सास में महसूस हुए भूकंप के झटके, 5.3 रही तीव्रता

**पश्चिमी टेक्सास।** पश्चिमी टेक्सास में शनिवार रात (स्थानीय समय) 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने इसकी पुष्टि की। भूकंप 7:47 बजे (स्थानीय समय) आया। यह न्यू मैक्सिको के व्हाइट्स सिटी से करीब 35 मील दक्षिण में हुआ, जो टेक्सास के मिडलैंड और एल पासो शहरों के बीच के क्षेत्र में है। यूएसजीएस के अनुसार, इस क्षेत्र में कम आबादी होने के कारण लोगों पर भूकंप का सीमित प्रभाव पड़ा। जिससे भूस्खलन या मिट्टी धंसने की संभावना भी बहुत कम थी। इससे पहले, यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर (ईएमएससी) ने भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी थी और इसका केंद्र टेक्सास के पेकोस से लगभग 50 मील पश्चिम और वैन हॉर्न से 45 मील उत्तर-पूर्व में बताया था। स्वतंत्र वैज्ञानिक निकाय ने एक्स पर बताया कि अगले कुछ घंटों या दिनों में भूकंप के झटके आने की संभावना है। ईएमएससी ने अपने एडवाइजरी में कहा, 'जब तक जरूरी न हो, अपनी सुरक्षा के लिए क्षतिग्रस्त क्षेत्रों से दूर रहें। सावधान रहें और राष्ट्रीय अधिकारियों की जानकारी का पालन करें। 'एजेंसी के अनुसार, भूकंप के झटके अमेरिका और मैक्सिको में 200 मील के दायरे में लगभग दो मिलियन लोगों ने महसूस किए। बता दें कि यह घटना चिली और अर्जेंटीना के दक्षिणी तटों पर आए 7.4 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के ठीक एक दिन बाद हुई।

## दक्षिण-पश्चिमी सूडान में दो दिनों में अर्धसैनिक हमलों में 300 लोगों की मौत

**खार्तूम।** दक्षिण-पश्चिमी सूडान के पश्चिमी कोर्डोफन राज्य के अल-नुहूद शहर पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 300 लोग मारे गए। यह जानकारी सूडान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को दी। मंत्रालय के एक बयान में कहा कि ये हमले पिछले दो दिनों में हुए हैं और आरएसएफ पर मानवता के विरुद्ध अपराध करने का आरोप लगाया। उसने कहा कि हत्याएं जातीय आधार पर की गई हैं। मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य अंतर्राष्ट्रीय पक्षों से आरएसएफ की कार्रवाइयों के प्रति अपनी उदारता समाप्त करने का फिर से आह्वान किया। स्वतंत्र मानवीय समूह, सूडानी डॉक्टर्स सिंडिकेट की प्रारंभिक समिति ने भी 15 महिलाओं और 21 बच्चों सहित 300 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि की है। आरएसएफ ने अभी तक आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। शुक्रवार को आरएसएफ ने घोषणा किया कि उसने अल-नुहूद पर नियंत्रण कर लिया है, दोनों पक्षों के बीच झड़पों के बाद शहर में सूडानी सेना की 18वीं इन्फैंट्री डिवीजन के मुख्यालय पर कब्ज़ा कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सेना और आरएसएफ के बीच चल रहे संघर्ष, जो अप्रैल 2023 के मध्य में शुरू हुआ था, में हजारों लोग मारे गए हैं, 1.5 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, और सूडान को दुनिया के सबसे खराब मानवीय संकटों में से एक का सामना करना पड़ रहा है।देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ध्वस्त हो गई है और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि सूडान अकाल के कगार पर है।

# नेपाल में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन का दौर जारी, मैत्री पार्क का निर्माण कार्य बंद

एजेंसी

**काठमांडू।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले के विरोध में नेपाल में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। पिछले हफ्ते काठमांडू से शुरू हुआ यह विरोध-प्रदर्शन देश के अलग-अलग शहरों तक पहुंच गया है। विरोध-प्रदर्शन के साथ ही मैत्री पार्क का निर्माण कार्य भी बंद करवा दिया गया है। इसका निर्माण पाकिस्तानी दूतावास करवा रहा है।भारतीय सीमा से सटे हुए नेपाली क्षेत्र में भी पाकिस्तान को लेकर विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। तराई मधेश के प्रमुख शहर बीरगंज, जनकपुर, सिरहा, विराटनगर, नेपालगंज, भैरहवा, लुंबिनी और धनगढ़ी में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान की सरकार और सेना के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। आतंकी घटना से नाराज लोगों ने



पाकिस्तानी सेना प्रमुख की तस्वीर को जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोगों की हत्या के विरोध में लोगों में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिल रही है। खासकर हिंदू होने के कारण यह हत्या किए जाने से लोगों में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा दिख रहा है। इसी बीच, सिरहा में स्थानीय नगरपालिका द्वारा बनाए जा रहे नेपाल पाकिस्तान मैत्री पार्क के निर्माण कार्य को भी रोक दिया गया है। आतंकी घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे धर्मराज हिंदू सेना के प्रमुख संरक्षक विकास ठाकुर और इस संस्था के अध्यक्ष हनी सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने नेपाल पाकिस्तान मैत्री पार्क के निर्माण स्थल पर जाकर इसके निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने की चेतावनी दी थी। लोगों के विरोध के कारण वहां का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। विकास ठाकुर ने बताया कि नेपाल में पाकिस्तानी दूतावास के सहयोग से भारतीय सीमा के नजदीक यह मैत्री पार्क के नाम पर जो निर्माण कार्य हो रहा है, उसे हमेशा के लिए बंद करने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि दोबारा इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया तो पुनः इसका विरोध किया जाएगा। हनी सिंह ने बताया कि एक तरफ पाकिस्तान आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तानी दूतावास के सहयोग से मैत्री पार्क के निर्माण का ढोंग किया जा रहा है जो कि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तानी दूतावास को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि वह अपने आर्थिक सहयोग से सिरहा में बनाए जा रहे नेपाल पाकिस्तान मैत्री पार्क का निर्माण कार्य तत्काल बंद करें और इसे दोबारा शुरू करने की कोशिश ना करें अन्यथा जो भी अब तक निर्माण कार्य किया गया है उसे स्थानीय लोग ध्वस्त कर देंगे।

## भारत से डरे पाकिस्तान ने अब लगाई तुर्किये के सामने गुहार

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा दिखाए जा रहे कड़े रुख से पाकिस्तान खासा भयभीत है। अंतर्राष्ट्रीय जगत से लगातार गुहार लगा रहा है। अब पाकिस्तान ने तुर्किये के सामने घड़ियाली आंसू बहाते हुए मदद की गुहार लगाई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने देर रात इस्लामाबाद में तुर्किये के राजदूत डा. इरफान नेजिरोग्लू से बात कीं। सफाई देते हुए कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान का कोई हाथ नहीं हैं। साथ ही प्रस्ताव रखा कि वह इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय देशों की टीम से जांच को तैयार हैं। इस जांच टीम में तुर्किये भी शामिल हो और पाकिस्तान को न्याय दिलाए। पाकिस्तान अखबार डान के मुताबिक तुर्किये के राजदूत से बात कर पाकिस्तान ने अपना पक्ष उनके सामने रखा है।गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने एक ओर सेना को कार्रवाई की कड़ी छूट दे दी है, वहीं



सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया है। इसके अलावा भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानियों को निकाल बाहर किया है। सभी व्यापारिक गतिविधयों के साथ ही डाक सेवा और हवाई उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिय गया है। इसके चलते पाकिस्तान में कोहराम मच गया है।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ने बदले सुर, कहा-युद्ध हुआ तो किसी के पक्ष में नहीं

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा कि यदि दक्षिण एशिया में दो देशों के बीच में युद्ध हुआ तो नेपाल किसी भी एक देश का पक्ष नहीं लेगा। नेपाल किसी एक देश के लिए दूसरे देश से दुश्मनी नहीं कर सकता। सुबह अपनी पार्टी की संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि नेपाल हमेशा ही शांति के पक्ष में रहा है और आगे भी रहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव के बीच नेपाल के प्रधानमंत्री की यह अभिव्यक्ति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में युद्ध का माहौल बन रहा है। ऐसे में नेपाल न किसी देश के पक्ष में रहने वाला है और न ही किसी देश के खिलाफ रहने वाला है। नेपाल असंलग्न विदेश नीति का समर्थन करता है, इसलिए युद्ध की अवस्था में वो किसी भी सैन्य गठबंधन का समर्थन नहीं कर सकता है।



पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बनने का जिक्र करते हुए ओली ने अपने सांसदों से कहा कि हम किसी भिन्नता के युद्ध का समर्थन नहीं करते हैं। दोनों देशों को वार्ता के माध्यम से इस समस्या का समाधान करना चाहिए।

## जनरल मुनीर पहुंचे रावलपिंडी, सेना मुख्यालय में शीर्ष सैन्य कमांडरों से की चर्चा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर आज रावलपिंडी स्थित जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) पहुंचे। उन्होंने मुल्क के शीर्ष सैन्य कमांडरों से चर्चा में भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनाव और संभावित सैन्य टकराव पर तैयारियों की समीक्षा की। जीएचक्यू मुल्क की सेना का मुख्य मुख्यालय है। यह सेना के परिचालन, रणनीतिक नियोजन और विभिन्न सैन्य गतिविधियों का केंद्र है। पाकिस्तान के अखबार द नेशन ने इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के हवाले से खबर में कहा है कि जनरल मुनीर ने इस अवसर पर विशेष कोर कमांडर सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस दौरान मौजूदा भू-रणनीतिक हालात की व्यापक समीक्षा की। इसमें पाकिस्तान-भारत गतिरोध और क्षेत्रीय सुरक्षा पर विशेष जोर दिया



गया। सम्मेलन में किसी भी आक्रमण या दुस्साहस के खिलाफ मुल्क की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए पाकिस्तान सशस्त्र बलों के संकल्प को दोहराया गया। इस दौरान कहा गया कि पहलगाम हमले की आड़ में भारत राजनीतिक और सैन्य उद्देश्यों को प्राप्त करने की फिराक में है। भारत 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर अपने भावी कदमों का संकेत पहले ही दे चुका है। सैन्य कमांडरों ने कहा कि सिंधु जल संधि को स्थगित करना अस्वीकार्य है। यह संधि पाकिस्तान की जीवनरेखा है। इस दौरान कहा गया कि अगर भारत आक्रमण करता है तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा।

# सिंगापुर आम चुनाव 2025: प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की पीएपी को दो-तिहाई बहुमत

एजेंसी

**सिंगापुर।** सिंगापुर में हुए आम चुनावों में सत्तारूढ़ पीपल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने एक बार फिर भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज की है, जिससे उसका छह दशकों से चला आ रहा सत्ता का सिलसिला और मजबूत हुआ है। यह चुनाव प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नेतृत्व में पार्टी का पहला चुनाव था, जिन्होंने मई 2024 में ली सीन लूंग के स्थान पर पदभार संभाला था। प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नेतृत्व वाली पीपल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने चुनाव में शानदार जीत दर्ज करते हुए दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल किया है। पीएपी ने 97 में से 87 सीटों पर जीत हासिल की, जिसमें से 5 सीटें बिना विरोध के जीती गईं। जबकि मुख्य विपक्षी दल वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) ने अपनी 10 सीटों को बरकरार रखा। यह परिणाम 2020




के चुनावों से बेहतर है, जब पीएपी ने 83 सीटें जीती थीं। पीएपी की यह ऐतिहासिक जीत देश की स्थिरता और राजनीतिक भरोसे को दर्शाती है, जहां पार्टी आजादी के बाद से सत्ता में बनी हुई है। इस चुनाव में कुल 2.6 मिलियन (26 लाख) नागरिकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें 65.57 प्रतिशत मत पीएपी के खाते में गए। चुनाव परिणाम आने के बाद, प्रधानमंत्री वोंग ने मार्सिलिंग-यू टी जीआरसी सीट से मिली जीत को अपने लिए एक ÷विनम्र अनुभव÷ बताया। उन्होंने देशवासियों के विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, हम आपके मजबूत जनादेश के लिए कृतज्ञ हैं। हम इस विश्वास को निभाने के लिए और भी अधिक मेहनत करेंगे। 52 वर्षीय वोंग ने ऐसे समय पर यह चुनाव लड़ा जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अमेरिकी व्यापार प्रतिबंधों की वजह से दबाव में है। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण वातावरण में देश की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने का भरोसा दिया। वोंग ने युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया का प्रभावी इस्तेमाल किया। चुनाव में उनके नेतृत्व को व्यापक जनसमर्थन मिला, जिससे पीएपी की मजबूत पकड़ एक बार फिर सिद्ध हुई है।

## रुस की विक्ट्री परेड में शामिल होने वाले मेहमानों को हो सकता है खतराः जेलेंस्की

एजेंसी

**कीव।** रूस में नौ मई को होने जा रही 80वीं विक्ट्री परेड में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए जान का खतरा हो सकता है। इस तरह की धमकी यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने दी है। उन्होंन रूस द्वारा तीन दिवसीय सीज फायर के प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया है। आरबीसी न्यूज पोर्टल के मुताबिक जेलेंस्की ने साफ तौर पर चेतावनी भी दी है कि रूस की विक्ट्री परेड में आने वाले मेहमानों की सुरक्षा की गारंटी नहीं हैं। विक्ट्री परेड के दौरान यदि कुछ हुआ तो उसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी। पुतिन द्वारा नाजी जर्मनी के ऊपर जीत के उपलक्ष में तीन दिन का युद्ध विराम का प्रस्ताव देना एक मजाक भर है। यह प्रस्ताव रूस द्वारा एक धोखा देने के सिवाय कुछ भी नहीं हैं।गौरतलब है कि दूसरे विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर अपने जीत के 80 साल पूरे होने पर रूस द्वारा विक्ट्री परेड का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य कार्यक्रम मास्को रेड स्क्वायर पर होगा। इस आयोजन को देखते हुए रूस द्वारा तीन दिन के सीज फायर का प्रस्ताव बीते दिन दिया गया था। उधर इस परेड में शामिल होने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी न्यौता मिला है, लेकिन वह इस कायर्क्रम में शामिल नहीं होंगे। उसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जाने की बात आई थी, लेकिन वह भी इसमें भाग नहीं लेंगे।

# अमेरिका में कुख्यात यौन अपराधी के घर से लापता किशोरी बरामद, कोई वकील पैरवी को तैयार नहीं

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के उत्तरी कोलोराडो प्रांत के फोर्ट कॉलिन्स में रहने वाले एक कुख्यात यौन अपराधी के घर से एक लापता किशोरी को फोर्ट कॉलिन्स पुलिस ने बरामद किया है। 16 वर्षीय यह लड़की मिसौरी (कोलंबिया) की रहने वाली है। मिसौरी से उत्तरी कोलोराडो की दूरी लगभग 700 मील है। यूएसए टुडे समाचार पत्र के अनुसार, फोर्ट कॉलिन्स पुलिस के जासूसों ने किशोरी को बरामद करने में फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ाए। इसके बाद 44 वर्षीय मैक्सिमिलियन बॉन्ड्रेस्कु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसे लैरीमर काउंटी जेल में रखा गया है। ऑनलाइन कोर्ट रिकॉर्ड के अनुसार, उसका बॉन्ड 500,000 डॉलर निर्धारित

> **बॉन्ड्रेस्कु से पहले इस बात से इनकार किया कि उसके घर पर कोई लड़की है। जासूसों के तलाशी लेने पर लापता लड़की मिल गई।**

किया गया है। इस पर पांच मई को सुबह 8:30 बजे सुनवाई होगी। फिलहाल कोई भी वकील उसकी पैरवी करने के लिए तैयार नहीं है। आठवें न्यायिक जिले में जिला अटॉर्नी के फोर्ट कॉलिन्स कार्यालय ने पुष्टि की है कि दो मई तक बॉन्ड्रेस्कु के पास कोई वकील नहीं था। इस लड़की के 06 दिसंबर, 2024 को स्कूल न पहुंचने पर परिजनों ने लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। फोर्ट कॉलिन्स पुलिस सेवा के बयान के अनुसार, मैक्सिमिलियन बॉन्ड्रेस्कु पंजीकृत यौन अपराधी है। मई 2019 में उसपर दोष सिद्ध हो चुका है। ऑनलाइन कोर्ट रिकॉर्ड में यह साक्ष्य दर्ज है। इसके अलावा उसके खिलाफ अपहरण, हमला और बाल यौन शोषण का आरोप भी है। फोर्ट कॉलिन्स पुलिस के बयान के अनुसार, 18 अप्रैल को मिसौरी साइबर अपराध टास्क फोर्स के एक जासूस ने उनके साइबर अपराध इकाई से संपर्क कर मदद मांगी। मिसौरी के जासूस ने संभावना जताई कि लापता लड़की फोर्ट कॉलिन्स पुलिस क्षेत्र में हो सकती है। इसके बाद फोर्ट कॉलिन्स पुलिस के जासूसों ने एक घर पर नजर रखी। फिर इस घर की तलाशी वारंट हासिल किया। बॉन्ड्रेस्कु से पहले इस बात से इनकार किया कि उसके घर पर कोई लड़की है। जासूसों के तलाशी लेने पर लापता लड़की मिल गई। जासूसों को बॉन्ड्रेस्कु के घर पहुंचने में लापता लड़की के इंस्टाग्राम अकाउंट पर किए अपडेट से काफी मदद मिली।

## पाकिस्तान ने भारत के आईएमएफ ऋण समीक्षा प्रयास को 'राजनीति से प्रेरित' बताया

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से उसकी आर्थिक सहायता की समीक्षा कराने की मांग को राजनीतिक से प्रेरित करार दिया है। यह बयान ऐसे समय आया है जब आईएमएफ की कार्यकारी बोर्ड की बैठक 09 मई को पाकिस्तान के साथ उसके विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) कार्यक्रम की पहली समीक्षा और लचीलापन और स्थिरता सुविधा के तहत नई व्यवस्था पर चर्चा के लिए निर्धारित है।भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटक मारे गए, के बाद आईएमएफ सहित वैश्विक बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दी जा रही आर्थिक सहायता की समीक्षा करने की मांग की है। भारत का कहना है कि हमले में शामिल पांच आतंकियों में से तीन पाकिस्तानी नागरिक हैं। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल को एक उच्च स्तरीय बैठक में देश के दुश्मनों को उनकी कल्पना से परे सजा देने का संकल्प लिया था। इस्लामाबाद ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए एक निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की है। पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि भारत की यह कोशिश उसकी उस राजनीतिक मुहिम का हिस्सा है, जिसके जरिए वह पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर अलग-थलग करना चाहता है। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने कहा कि आईएमएफ के साथ 7 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है और यह देश की आर्थिक स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

मार्च 2025 में पाकिस्तान को 1.3 अरब डॉलर की जलवायु लचीलापन निधि भी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम केवल अर्थव्यवस्था को स्थिर नहीं कर रहा है, बल्कि वैश्विक निवेशकों में विश्वास भी जगा रहा है। पाकिस्तान का दावा है कि हाल ही में वॉशिंगटन में आईएमएफ और अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थानों के साथ बैठकें सकारात्मक रही हैं और निवेशकों की रुचि बनी हुई है।

## ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने लगातार दूसरा कार्यकाल जीता

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए लगातार दूसरा तीन वर्षीय कार्यकाल प्राप्त किया है। वे पिछले 21 वर्षों में पहले प्रधानमंत्री बने हैं, जिन्हें लगातार दूसरी बार जनादेश मिला है। इससे पहले जॉन हावर्ड ने 2004 में लगातार चार बार चुनाव जीतकर ऑस्ट्रेलियाई राजनीति में बड़ी उपलब्धि हासिल की थी।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का 'एक्स' अकाउंट भारत में ब्लॉक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार सख्त रुख अपनाती हुई नजर आ रही है। इसके अलावा, सरकार देश के खिलाफ जहर उगलने वाले पाकिस्तानी नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट्स को भारत में बैन कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। भारत में इमरान खान और बिलावल भुट्टो के एक्स को सर्च करने पर अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर और कवर इमेज ब्लैंक नजर आ रही है। इसके साथ ही एक संदेश भी लिखा हुआ दिख रहा है, जिसमें कानूनी बाध्यता का जिक्र है। इससे पहले, पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार के एक्स अकाउंट को भी भारत में बैन कर दिया गया है। तरार ने हाल ही में दावा किया था कि इस्लामाबाद के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है, जिससे पता चलता है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली 24 से 36 घंटे के भीतर पड़ोसी देश पर सैन्य हमला कर सकता है। इसके अलावा, भारत ने शुक्रवार को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट को भी ब्लॉक



कर दिया था। शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल सोशल मीडिया अकाउंट है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया। शहबाज शरीफ के ब्लॉक किए गए प्रोफाइल में लिखा है, ÷राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश के कारण यह कंटेंट फिलहाल इस देश में उपलब्ध नहीं है। सरकार की तरफ से हटाए जाने के अनुरोधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया गूगल पारदर्शिता रिपोर्ट देखें।÷ भारत सरकार इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक्स अकाउंट को ब्लॉक कर चुकी है। ब्लॉक किए गए प्रमुख यूट्यूब चैनलों में पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, पत्रकार आरजू काजमी और कमेंटेटर सैयद मुज्जमिल शाह के चैनल शामिल हैं। ओलंपियन अरशद नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट और पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के यूट्यूब अकाउंट भी सस्पेंड किए गए हैं। 30 अप्रैल को, प्रमुख पाकिस्तानी अभिनेत्रियों हनिया आमिर और माहिरा खान के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को ब्लॉक कर दिया गया। केंद्र की मोदी सरकार की ओर से की जा रही ये कार्रवाइयां 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर की गई, जिसमें 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के प्रतिनिधि द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) ने ली थी। हालांकि, बाद में उसने अपनी संलिप्तता से इनकार कर दिया था। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामाबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए हैं। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करना शामिल हैं।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के नेटवर्क का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड समेत 44 गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक स्क्वॉड (एएनएस) ने एक संगठित बांग्लादेशी घुसपैठ नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जिसमें मास्टरमाइंड चांद मिंया समेत 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए लोगों में 6 बांग्लादेशी नागरिक और 5 भारतीय सहयोगी शामिल हैं, जबकि चेन्नई से 33 अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस के अनुसार दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने यह कार्रवाई इंस्पेक्टर विष्णु दत्त के नेतृत्व में की। ऑपरेशन दिल्ली पुलिस की अवैध प्रवासियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दर्शाता है और दस्तावेज जालसाजी के खिलाफ एक सख्त संदेश देता है। सूचना

## मुख्यमंत्री सदर बाजार को लेकर अपना रुख स्पष्ट करें: फेस्टा

### सदर बाजार शिफ्ट की बजाय रीडेवलप्ड करें: पम्मा व राकेश यादव

सदर बाजार स्विफ्ट को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का एक बयान आने से व्यापारियों में काफी दहशत है दहशत का माहौल बना हुआ है इसको लेकर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष गुप्ता से सदर बाजार व चांदनी चौक शिफ्ट वाले बयान पर अपना रुख स्पष्ट करने का निवेदन किया। जिससे मार्केट में दहशत का माहौल ना बने इससे मार्केट में इसको लेकर अफवाओं का माहौल गर्म हो गया है। उन्होंने कहा मार्केट को शिफ्ट करने की



राकेश यादव, महासचिव राजेंद्र शर्मा, सतपाल सिंह मांगा, कमल कुमार ने बताया मुख्यमंत्री के इस बयान आने से ही सुबह से मार्केट में दहशत का माल था। व्यापारी एक दूसरे को फोन कर कर इसकी जानकारी लेने में लग गए। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा जरूरत नहीं है इसको रीडेवलप्ड इंफ्रास्ट्रक्चर दुरुस्त करने की जरूरत है। जिससे मार्केट में आए दिन होने वाली समस्याओं से छुटकारा पा सके। पम्मा व राकेश यादव ने कहा वह जल्दी इस मुद्दे को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और सदर के विभिन्न मुद्दों पर भी अपना ज्ञापन सौंपेंगे।

लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से लेकर, पूर्व में पश्चिम बंगाल और ओडिशा, दक्षिण में केरल, तथा पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा तक, पीएमआई प्रतिदिन लगभग 1,00,000 शून्य-एमिशन किलोमीटर की दूरी तय करता है और बड़े पैमाने पर टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन की परिभाषा को लगातार नया रूप दे रहा है।

## पंचायतों को स्थानीय विवादों में मध्यस्थता के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाना जरूरी : राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में प्रथम राष्ट्रीय मध्यस्थता सम्मेलन में कहा कि पंचायतों को गांवों में विवादों में मध्यस्थता करने और उन्हें सुलझाने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाया जाना चाहिए।राष्ट्रपति ने कहा कि मध्यस्थता अधिनियम, 2023 सभ्यतागत विरासत को मजबूत करने की दिशा में पहला कदम है। अब हमें इसमें गति लाने और इसके अभ्यास को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता अधिनियम के तहत विवाद समाधान तंत्र को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी रूप से विस्तारित किया जाना चाहिए ताकि पंचायतों को गांवों में विवादों को सुलझाने और मध्यस्थता करने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाया जा सके। गांवों में सामाजिक सद्भाव राष्ट्र को मजबूत बनाने की एक अनिवार्य शर्त है। उल्लेखनीय है कि मध्यस्थता अधिनियम 2023 के तहत ऐसे



सिविल और व्यावसायिक विवादों का समाधान किया जा सकता है जिन्हें आपसी सहमति से हल किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में ग्रामीण स्तर पर विवाद समाधान की प्रणाली को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से मध्यस्थता व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि गांवों में छोटे-छोटे विवादों को पंचायत स्तर पर सुलझाने की परंपरा रही है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में उनके पास कानूनी अधिकार नहीं होने के कारण उनका निर्णय प्रभावी नहीं हो पाता। उन्होंने सुझाव दिया कि पंचायतों को कानूनी रूप से सशक्त किया जाना चाहिए। इससे न केवल गांवों में शांति और सद्भाव बना रहेगा, बल्कि न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को भी कम किया जा सकेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि न्याय दिलाने में मध्यस्थता की अहम भूमिका होती है। विवादों को सुलझाने में पंचायतों की अहम भूमिका रही है। भारत एक जीवंत लोकतंत्र है जो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका- इन तीन स्तंभों पर टिका है। संविधान ने गांव से लेकर संसद तक एक सुगठित तंत्र की नींव रखी है, लेकिन गांवों में न्यायिक व्यवस्था अभी भी सशक्त नहीं बन पाई है। इस संदर्भ में उन्होंने मध्यस्थता अधिनियम 2023 और भारतीय मध्यस्थता परिषद की स्थापना का उल्लेख किया।

## सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल सेवा से बर्खास्त, छिपाई थी पाकिस्तानी पत्नी से जुड़ी जानकारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कॉन्स्टेबल (जनरल ड्यूटी) मुनीर अहमद को पाकिस्तानी पत्नी से जुड़ी जानकारी छिपाने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सीआरपीएफ के 41 बटालियन के सीटी/जीडी मुनीर अहमद को एक पाकिस्तानी नागरिक से अपनी शादी को छिपाने और उसके वीजा की वैधता से परे उसे जानबूझकर शरण देने के लिए तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उनके कार्यों को सेवा आचरण का उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया गया है। जम्मू में तैनात सीआरपीएफ के जवान मुनीर अहमद ने पाकिस्तान की मीनल खान से पिछले साल मई में ऑनलाइन माध्यम से निकाह किया था। वे शार्ट टर्म वीजा पर भारत आयीं । उनका वीजा 22 मार्च को ही समाप्त हो गया था। मीनल ने आगे लांग टर्म वीजा के लिए आवेदन किया था। इसी बीच पहलगाम की आतंकी घटना के बाद




भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानियों नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया गया। मीनल को 29 अप्रैल तक भारत छोड़ना था। हालांकि जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने उन्हें अंतरिम राहत दे दी और वे वापस जम्मू चली गईं। मामले के उजागर होने पर सीआरपीएफ ने अंतरिम जांच की और उसके आधार पर आज कार्रवाई की।

## देश के कई राज्यों में बारिश और तेज आंधी को लेकर अलर्ट, 8 मई तक दिल्ली में बारिश की संभावना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मौसम विभाग ने बारिश और तेज आंधी का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी इससे निजात मिलने के कोई आसार नहीं हैं। सात मई तक देश के उत्तर-पश्चिम हिस्से में गरज के साथ बारिश और तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। अगले 4-5 दिनों के दौरान मध्य, पूर्व और प्रायद्वीपीय भारत में गरज के साथ बारिश, बिजली, ओलावृष्टि, तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। आठ मई तक पूर्वोत्तर भारत में गरज के साथ भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। तेलंगाना में कुछ स्थानों पर 70-100 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाओं के साथ तूफान आया। तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर 40-70 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं। पूर्वी मध्य प्रदेश, तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। उत्तराखंड, आंतरिक कर्नाटक, केरल में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक निचले और मध्य क्षोभमंडलीय स्तरों पर उत्तरी पाकिस्तान और पड़ोस पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और दूसरा निचले क्षोभमंडलीय स्तरों पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर स्थित है। इसके कारण देश के कई क्षेत्रों में तेज हवाएं और बारिश देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की बारिश के साथ गरज के साथ तूफान एवं बिजली चमकने और तेज़ सतही हवाएं चलने की संभावना है। गरज के साथ हवा की गति अस्थायी रूप से 30-40 किमी प्रति घंटे तक बढ़ सकती है, जो 50 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है। अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सोमवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और बहुत हल्की से हल्की बारिश व गरज-चमक के साथ तूफान और तेज़ सतही हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति अस्थायी रूप से 30-40 किमी प्रति घंटे तक बढ़ सकती है। अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

## राष्ट्रीय हरित अधिकरण में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने प्रधान न्यायपीठ स्थित परिसर में लंग केयर फाउंडेशन और डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में फेफड़ों की कार्यप्रणाली का आकलन किया गया, साथ ही संबंधित प्रश्नावली भरने के बाद स्पाइरोमेट्री परीक्षण किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने एनजीटी के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में किया। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों और आगंतुकों के बीच स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना है। एनजीओ की टीम का नेतृत्व सीईओ अभिषेक कुमार ने किया, जिसमें संस्थापक ट्रस्टी प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार, चेस्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट



सर्जन, मेदांता अस्पताल और मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. विवेक सिंह और एलसीएफ के चार तकनीशियन और नर्सिंग अधिकारी शामिल थे। परीक्षण के बाद, सभी को फेफड़ों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व के बारे में समझाया गया और फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने वाले व्यायाम कर के दिखाए गए। यह शिविर लोगों के समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देने का प्रयास है, जिससे उन्हें फिट रहने और अपने कर्तव्यों को अधिक प्रभावी ढंग से करने में सहायता मिलेगी।

## लूटपाट के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वेलकम थाना पुलिस ने लूटपाट के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से शिकायतकर्ता से लूटा हुआ बैग व मोबाइल फोन बरामद किया है। इसके अलावा लोगों को ठगने में काम आने वाली असली नोटों जैसी दिखने वाली रद्दी कागज की दो गड्डियां और वारदात में इस्तेमाल ऑटो भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सलीम (48), रुस्तम (23) और आकाश (42) के रूप में हुई है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि 27 अप्रैल को वेलकम थाना पुलिस को लूटपाट की सूचना मिली। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को 17 वर्षीय शिकायतकर्ता शिवम मिले। उन्होंने बताया कि दोपहर 3.45 बजे वह कश्मीरी गेट बस अड्डे से आनंद विहार बस अड्डे जाने की लिए ऑटो में बैठे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार उस ऑटो में ड्राईवर व दो अन्य सवारी पहले से ही बैठी थी। ऑटो जैसे ही वेलकम मेट्रो स्टेशन पार करके झील पार्क पहुंचा तो उतरने के बहाने से ऑटो मे पहले से सवार यात्रियों ने ऑटो को रुकवा लिया और उतरते वक्त उनका बैग छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इस बीच पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## लापता बच्चे को खोजकर परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** घर का रास्ता भूलकर इधर उधर भटक रहे एक पांच वर्षीय बच्चे को सागरपुर पुलिस ने खोजकर परिजनों से मिलवाया है। पुलिस टीम ने परिजनों की तलाश में बच्चे के फोटो विभिन्न ग्रुप में साझा करने के अलावा सीसीटीवी कैमरों की जांच समेत घर घर जाकर पूछताछ की। दक्षिण पश्चिम जिले की अडिशनल डीसीपी ऐश्वर्या सिंह ने बताया कि सागरपुर पुलिस को सूचना मिली कि डाबड़ी दीपावली चौक पर पांच वर्षीय एक बच्चा भटक रहा है। घर का पता न बता पाने की वजह से वह रोए जा रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर बच्चे को कब्जे में लिया। इसके बाद उसके परिजनों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने बच्चे के मिलने वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। कई घंटों की मशक्कत के बाद बच्चे के परिजनों को पुलिस टीम ने खोज लिया।

## चिकित्सा को डेटा विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन, इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़ना चाहिए : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चिकित्सा ज्ञान के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हमें चिकित्सा को डेटा विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन, इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़ना चाहिए। धनखड़ नई दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी के 27वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे घर, हमारी जीवनशैली, हमारे कार्यस्थल, हमारे शोध केंद्रों में प्रवेश कर चुकी हैं। विघटनकारी प्रौद्योगिकी औद्योगिक क्रांतियों के प्रभाव से कहीं आगे हैं लेकिन चुनौतियों को अवसरों में बदलना होगा। यह एक मिथक है कि जब इस तकनीक का उपयोग किया जाएगा, तो यह मानव संसाधन की रोजगार क्षमता को कम कर देगा।




आपको प्रौद्योगिकी को अपने वश में करना होगा। इसका उपयोग हमारे लाभ के लिए करना होगा। उन्होंने आज बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की और कहा कि शहर के वायु प्रदूषण सूचकांक पर विचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिंता की बात यह है कि हम इसके बारे में गंभीर नहीं हैं। धनखड़ ने जोर देकर कहा कि हमें पुराने वाहनों को तेजी से खत्म करने की जरूरत है। लोगों को यह समझना होगा कि पुराने वाहनों को स्वास्थ्य से जुड़े कारणों के चलते त्यागना है। सिर्फ इसलिए कि कोई पुराना वाहन सड़क पर चल रहा है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह सड़क पर चलने लायक है। हमें सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने में गर्व महसूस करना चाहिए। कई देशों में ऐसा किया जाता है और यहां भी एयरपोर्ट तक पहुंचने का सबसे सुरक्षित, सबसे तेज और सबसे पक्का तरीका मेट्रो है, लेकिन हमें इसे आदत बनाने की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि हमारा पारंपरिक ज्ञान सिखाता है कि श्वसन स्वास्थ्य प्रकृति के संतुलन से अविभाज्य है। अब समय आ गया है कि हम अपनी बुद्धि और ज्ञान की ओर लौटें। यह हमारा खजाना है, जिसे दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है। हमें मौसमी जीवन जीने की स्वदेशी प्रथाओं को देखना होगा। हमारे बुजुर्ग हमेशा कहते थे- ऐसी सब्ज़ियां खाएं जो उसी समय उगाई जाती हैं। ऐसे फल खाएं जो उसी समय उगाए जाते हैं। वन संरक्षण और आहार संबंधी ज्ञान आधुनिक निवारक चिकित्सा के साथ उल्लेखनीय रूप से मेल खाते हैं। इसलिए हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा।

## अंग्रेजों से पहले स्वशासी और समृद्ध थे भारत के गांव : डॉ. बजाज

**भोपाल।** अंग्रेजों के शासन से पहले के भारत में प्रत्येक गांव स्वशासी था। गांव में सब प्रकार की व्यवस्थाएं और सेवाएं थीं। प्रत्येक गांव समृद्ध था। यह विचार सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडी चेन्नई के निदेशक पद्म श्री डॉ. जतिंदर कुमार बजाज ने मद्रास के दो गांवों उल्लावूर एवं कुण्ड्रतूर की केस स्टडी को सामने रखकर व्यक्त किए। डॉ. बजाज भोपाल के दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित और आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित युवा सामाजिक विज्ञान संकाय के लिए दो सप्ताह के दक्षता निर्माण कार्यक्रम में 'अंग्रेजों से पहले की भारतीय नीति' और 'भारतीय परिवेश में समाज वैज्ञानिक शोध' विषयों पर युवा प्राध्यापकों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. बजाज ने कहा कि एक लंबी औपनिवेशिक दासता के कारण हमें अपनी वर्तमान चुनौतियों के समाधान में भारतीय साहित्य पर विश्वास नहीं हो पाता है। हमारे साहित्य में वर्तमान की चुनौतियों के समाधान के सूत्र भी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से पहले का भारत कैसा था, यह जानना है तो उसका एक प्रमुख स्रोत हमारा सभ्यागत साहित्य है। दूसरा स्रोत धर्मपालजी का साहित्य।


**PUBLIC NOTICE**
This is to inform the general public that my client Mr. Dinesh Kumar S/o Shri Banarasi Choudhary and Smt. Sanju Devi W/o Shri Dinesh Kumar both R/o D-34, 2nd Floor, Mahindra Park, Uttam Nagar, New Delhi-110059 has severed all his relations from his son namely Nilesh S/o Shri Dinesh Kumar & Smt. Sanju Devi aged about 25 Years R/o. D-34, 2nd Floor, Mahindra Park, Uttam Nagar, New Delhi-110059 due to his misdeed & misconduct has debarred/disowned him from all his moveable & immoveable properties. My clients shall not be responsible for any act & omissions of his above named son and whoever deals with him shall do so at his own risks & responsibilities.
**Kuldeep Advocate**
Chamber No. 740, Lawyers Chamber Block, Dwarka Courts Complex, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, DHARAM PAL KURMI S/o MANGAL PRASAD, R/o B-386/2, Block-B, Rajveer Colony, Gharoli Extension, Mayur Vihar Phase-3, East Delhi-110096, declare that name of mine has been wrongly written as DHARAM PAL in my minor daughter's namely PREETI aged 14 years in her School Record. The actual name of mine is DHARAM PAL KURMI, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, SHAIKH AMEENA BANO SHAUKAT ALI W/O JAVED AHMAD R/O E-125/A STREET NO-7 SHEKHAWAT GAS AGENCY CHANDBAGH KARAWAL NAGAR NORTH EAST DELHI DELHI-110094 HAVE CHANGED MY NAME TO AMINA JAVED AHMAD

**NAME CHANGE**
I, KISHMATI DEVI Wife of No-6943602H Rank-HAV Name-GRIJESH YADAV Presently residing at VILL-BANKATIYA BARCHHOULLY, PO-BARAKAGAON, TEH-BARHAJ BAZAR, DISTT-DEORIA, UTTAR PRADESH-274601, have changed my name from KISHMATI DEVI to KISMATI DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No-6947122W Rank-HAV Name-PAWAN KUMAR PRADEEP residing at VILL-MANOPALI, PO-SAHAJATIPUR, TEHSIL & DIST-SARAN, BIHAR-841422, have changed my mother's name from EDU DEVI to INDU DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
\I, No-6947122W Rank-HAV Name-PAWAN KUMAR PRADEEP residing at VILL-MANOPALI, PO-SAHAJATIPUR, TEHSIL & DIST-SARAN, BIHAR-841422, have changed my wife's name from POONAM to POONAM KUMARI for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
I, hitherto known as S K Bhasin S/O Yograj Bhasin, R/o C-20, Sector-30, VTC: Noida, PO: Noida, Sub District: Gautam Buddha Nagar, District: Gautam Buddha Nagar, State: Uttar Pradesh-201301, have changed my name and shall hereafter be known as Shashi Kumar Bhasin.

**NAME CHANGE**
I, ASHA DEVI Mother of JC-442975W Rank-NB SUB (CLK SD) Name-PREM SINGH Presently residing at KHEDA JAT, FATEHPURSIKARI, AGRA, UTTAR PRADESH-283110, have changed my name from ASHA DEVI to BHAGAVATI for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I RAZIA SHAID W/O SYED SHAHID MIYAN , R/O DARGAH JANAITA SHAREEF , JANAITA, SAMBHAL ,UP - 202412 HAVE CHANGED MY NAME TO RAZIA SHAHID

**NAME CHANGE**
I, POONAM DEVI Wife of JC-473523P, Rank-NB SUB Name-SANJAY SINGH residing at HOUSE No.224, GMC HOSTEL ROAD, SHAHEED NAGAR, BHOPAL, M.P-462001, have changed my name from POONAM DEVI to POONAM SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, NAGANATHRADDY Father of No-2610989Y Rank-HAV Name-SAMBHA REDDY Presently residing at VPO-GADLE GAONB, TEH-BASAVAKALYAN, PS-MUDBI, DIST-BIDAR, KARNATAKA-585423, have changed my name from NAGANATHRADDY to NAGANATH REDDY for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, ULIMBAI Mother of No-2610989Y Rank-HAV Name-SAMBHA REDDY Presently residing at VPO-GADLE GAONB, TEH-BASAVAKALYAN, PS-MUDBI, DIST-BIDAR, KARNATAKA-585423, have changed my name from ULIMBAI to VIMALABAI for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I SYED SHAHID MINA S/O SYED MEHDI MIYAN R/O DARGAH JANAITA SHAREEF , JANAITA,SAMBHAL - UTTAR PRADESH - 202412. HAVE CHANGED MY NAME TO SYED SHAHID MIYAN

**NAME CHANGE**
I, SANJEEV S/O BALBIR SINGH residing at H NO-E-715 STREET NO-22 ASHOK NAGAR DELHI-110093. Have changed my name to SANJEEV KUMAR for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, BHAVANI CHUKKA Wife of No-15690891W Rank-L\HAV Name-SANKARA RAO CHUKKA Presently residing at VILL-LIG(B), 105, PHASE-II, VUDA COLONY, PO-CANTONMENT, TEH-VIZIANAGARAM, DISTT-VIZIANAGARAM, ANDHRA PRADESH-535003, have changed my name from BHAVANI CHUKKA to CHUKKA BHAVANI for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, HASINA DEVI Daughter of JC-441864M Rank-SUB Name-V SEKAR residing at VILL-KARIYANAMPATTI, PO-PANNAIPURAM, TEHSIL-UTHAMAPALAYAM, DIST-THENI, TAMIL NADU-625524, have changed my name from HASINA DEVI from to S HASINA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, JC-441864M Rank-SUB Name-V SEKAR residing at VILL-KARIYANAMPATTI, PO-PANNAIPURAM, TEHSIL-UTHAMAPALAYAM, DIST-THENI, TAMIL NADU-625524, have changed my minor daughter's name from SUPRIYA DEVI to S SUPRIYA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SAKSHI VERMA D/O MUNNA KUMAR VERMA R/O H NO-439/1, NEW BALMIKI BASTI, BIJWASAN, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110061 declare that name of mine, my father and my mother has been wrongly written as SAKSHI, MUNNA KUMAR and POOJA in my 10 class educational documents. And name of mine and my father has been wrongly written as SAKSHI and MUNNA KUMAR in my Pan Card-QCCPS9217M. The actual name of mine, my father and my mother are SAKSHI VERMA, MUNNA KUMAR VERMA and POOJA DEVI, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
NOTICE is hereby given to public at large that my client Mr. Trivesh Kumar who is the owner of Flat no. S1, Second floor, with roof rights admeasuring 100 sq. mtr., situated at freehold residential bearing no. 3/912,sector 3, Vasundhara, Tehsil & Dist. Ghaziabad by virtue of Sale Deed dated 27.03.2025 and Unregistered Settlement Deed dated 25.04.2012 executed by Sh. Ravinder Kumar.Now, my client intends to mortgage the said property with J&K Bank Ltd. If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.
**Mrs. Mohi Kumari (Advocate)**
A-38 Kailash Colony, Khaitan & Khaitan New Delhi-110048, Contact no.- 49774545

**NAME CHANGE**
I, MADHVI DEVI, D/O EKTA BAHADUR , residence of -HOUSE NO-18, STREET NO-1, UTTRANCHAL ENCLAVE BURARI , NORTH DELHI , DELHI -110084, have changed my name to MADHVI NIROLA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, SUSHMA W/O SANJEEV KUMAR residing at H NO-E-715 STREET NO-22 ASHOK NAGAR DELHI-110093. Have changed my name to SUSHMA DEVI for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, TAHIVANI Mother of No-15154715L Rank-RHM (GNR) Name-SENTHIL KUMAR S residing at VILL-PONNIYENTHAL, PO- INDANKULAM, TEHSIL-ILAYANGUDI, DIST-SIVAGANGA, TAMIL NADU-630709, have changed my name from TAHIVANI to DEIVANAI SHANMUGAM for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
Be it known to all that my client namely EKTA W/O LATE SH. OM PRAKASH R/O K-1/99, PRATAP ENCLAVE, MOHAN GARDEN, UTTAM NAGAR, NEW DELHI-110059, has disowned & debarred her son namely JAYANT KWANTRA S/O LATE SH. OM PRAKASH, from all her moveable and immoveable properties because her son is out of control of my client. My client has severed all relations with him. Anyone dealing with him may do so at his/her own risks, costs and consequences.
**PRADEEP TYAGI Advocate**
Seat No.59, Hall No.2, Lawyers Chamber Complex District Courts Dwarka, Sector 10, New Delhi-110075

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mr. Aniket Tyagi S/o Mr. Manoj Tyagi is the owner of Freehold Residential House No. 336 area measuring 115 Sq. yds. Out of Khasra no. 654, Situated at Village Sihani, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, Uttar Pradesh. by virtue of Gift Deed dated 19.02.2025 as doc No. 2041 in Book No. 1 Vol No. 22380 on Page no. 277-296 SR- II GZB. in the chain document below mentioned documents not available i.e. Sale Deed Dated 22.06.1982 executed by (1) Mr. Kaushal Kumar (2) Sheel Kumar (4) Mr. Bhupender Kumar (Minor) all are S/o Mr. Raghunandan Prasad through his guardian Mrs. Sushila Devi in favour of Mr. Budh Prakash S/o Mr. Begraj Singh as Doc No. 11244 in Book No. 1 Vol No. 2828 on Page no. 369-370 SR- GZB. now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same has been finance by UJJIVAN SMALL FINANCE BANK LTD. Branch: Raj Nagar, U.P. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 14 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**
I SUNIL KUMAR S/O SURESH CHAND R/O HOUSE NO-102, CHIRAURI GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201102, have changed the name of my minor son TAPASHI alias TUSHAR BAISLA aged 17 years and he shall hereafter be known as TUSHAR BAISLA.

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mr. Mithlesh Kumar Sharma S/o Mr. Ram Pravesh Sharma is the owner of Freehold Residential Plot no. 119-II, area measuring 58 Sq. Yds., out of total area 116 Sq. Yard, out of Khasra No. 582, New Khasra No. 1516, Situated at Milan Vihar Kasba Dadri, Pargana, Tehsil Dadri & Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. by virtue of Sale Deed dated 22.07.2024 As doc no. 38298 Book No. 1 Vol No. 28116, on Pages 371-390, in SR. Dadri, now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same has been finance by Piramal Capital & Housing Finance Ltd. Branch: Faridabad Haryana. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**
I, No-15752168A Rank-L/NK Name-AKSHAY GUNDU BELGAONKAR Presently residing at H NO-1268, VPO-KANGRALI KH, TEH+DIST-BELGAUM, KARNATAKA-590010, have changed my father's name from GUNDU BELGAONKAR to GUNDU PANDU BELGAONKAR for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No-15752168A Rank-L/NK Name-AKSHAY GUNDU BELGAONKAR Presently residing at H NO-1268, VPO-KANGRALI KH, TEH+DIST-BELGAUM, KARNATAKA-590010, have changed my mother's name from SUDHA BELGAONKAR to SUDHA GUNDU BELGAONKAR for all future purposes vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I Noorjahan Mother of No: JC - 454249N Rank:Nb/Sub Name: Amazad Ali residing at Vill- Dihwa PO- Dihwa Teh-Rasra, Dist-Ballia, Uttar Pradesh- 221711, have changed my Moter name from Nurjahan Khatun & DOB - 16/05/1960 to Noorjahan & DOB 01/01/1949 for all future purposes. Vide Affidavit No. DLDL823303961600509197X dated 03 May 2025

**NAME CHANGE**
I, GUNJAN SINGH Wife of JC-473971F, Rank-NB SUB, Name-SHIV SINGH residing at VILL-JAHROULE, PO-BESWAN, TEHSIL-IGLAS, DISTT-ALIGARH, U.P-202145, have changed my name from GUNJAN SINGH to GUNJAN DEVI for all future purposes and in my husband's service record my date of birth wrongly mentioned as 12/01/1985 instead of my correct date of birth as 01/07/1986 vide Affidavit dated 03/05/2025 before Notary Public, Delhi.

## उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर दी शुभकामनाएं

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला के मीडिया संस्थानों, प्रतिनिधियों और पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए समाज और राष्ट्र हित में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। इसी स्तंभ की मजबूती, पत्रकारिता के सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षा को सुनिश्चितता के लिए पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में प्रेस की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकारों में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और साहसिक पत्रकारिता से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उपायुक्त ने बताया कि हर साल 3 मई को मनाए जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को समर्थन देना और पत्रकारों का आने वाली चुनौतियों पर जागरूकता फैलाना है। यह दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1993 में घोषित किया गया था ताकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रोत्साहित किया जा सके। तेजी से बदलते डिजिटल परिदृश्य में, यह दिन हमें सार्वजनिक विश्वास को बढ़ावा देने के लिए विश्वसनीय और स्वतंत्र पत्रकारिता के महत्व के बारे में जागरूक बनाता है।

## तावडू में 2 दिनों से हो रही वर्षा से गर्मी से शहर वासियों को मिली राहत

**तावडू ।** शहर व क्षेत्र में गत कई दिनों से चली आ रही भीषण गर्मी से हुई बारिश ने राहत दिला दी। आसमान में बादल लगभग पूरे दिन छाए रहे। क्षेत्र में दोनों दिन प्रात तेज बारिश व हवा ने मौसम का रंग बदल दिया है। इससे जहां गर्मी ठंडी पड गई है, वहीं तेज हवाओं व बारिश से बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। उल्लेखनीय है तेज धूप और बढ़ते तापमान के चलते कई दिनों से लोग गर्मी से बेहाल थे। तेज गर्मी के चलते शीतल पेयों व कूलर तथा एसी की बिक्री में बढ़ोतरी चल रही थी। लेकिन मौसम के बदले मिजाज के कारण गर्मी शांत हो रही है। क्षेत्रवासियों ने गर्मी से राहत की सांस ली है। हालांकि बारिश से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। लेकिन जिन किसानों ने सब्जी की बाड़ी लगाई हुई है उन्हें बारिश से फायदा भी है।

## नरसिंहपुर एफओबी पर निर्माण कार्य के चलते एक लेन को किया जाएगा बंद

**गुरुग्राम।** जीएमडीए द्वारा नरसिंहपुर एनएच-48 फुटओवर ब्रिज (एफओबी) पर निर्माण कार्य किया जाना है। जो सुरक्षा की दृष्टि से आज रविवार को दिल्ली से जयपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर इसी प्रकार जयपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग पर सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक निर्माण कार्य के दौरान कुछ समय के लिए एक- एक लेन को बंद किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नरसिंहपुर एनएच-48 फुटओवर ब्रिज (एफओबी) की ओर आने व जाने वाले वाहन चालक यातायात नियमों की पालना करते हुए उपरोक्त निर्माण कार्य स्थल पर सावधानीपूर्वक अपने गंतव्य स्थान की ओर जाये, ताकि वाहनों चालकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। द्वारका एक्सप्रेस वे अंडरपास मे बसई की ओर से सैक्टर 110 की ओर जाने वाले सडक मार्ग की मरम्मत का कार्य एलएंडटी कंपनी द्वारा बजे से सोमवार सुबह 11 बजे तक किया जाना है जिस कारण सुरक्षा की दृष्टि से उपरोक्त मार्ग को मरम्मत कार्य के दौरान बंद किया जाएगा। इस ओर आने वाले वाहन चालक वैकल्पिक मार्गों स्लीप रोड का प्रयोग करके अपने गंतव्य स्थान पर जा सकते है।

## जमानोत्तर अपराधी को पुलिस ने किया काबू

**गुरुग्राम।** पुलिस ने कार्यवाही कर एक जमानोत्तर अपराधी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एनआई एक्ट के मामले में आरोपी देव को अदालत द्वारा जमानत पर छोड़ा गया था और आगामी तारीख पेशी निश्चित करते हुए न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए गए थे, किन्तु उपरोक्त आरोपी निश्चित की गई तारीख पेशियों पर अदालत के सम्मुख पेश ना होने व अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर उपरोक्त आरोपियों को जमानोत्तर अपराधी घोषित किया गया था। अदालत द्वारा घोषित उपरोक्त जमानोत्तर अपराधी को पीओ स्टॉफ पश्चिम टीम द्वारा गिरफ्तार करके अदालत के सम्मुख पेश किया गया।

## ओम शांति रिट्रीट सेंटर के सहयोग से गुरुग्राम पुलिस कर रही लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस गुरुग्राम को नशा मुक्त करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसके लिए गुरुग्राम पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है तथा आमजन को भी नशे के विरुद्ध जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस उपायुक्त मानेसर दीपक के नेतृत्व में कार्य करते हुए गुरुग्राम पुलिस व ओम शांति रिट्रीट सेंटर बोहड़ा कलां द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके आमजन को खेलों की महत्वता, नशा ना करने/नशा मुक्ति, नशे के दुष्प्रभाव व उनसे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस व ओम शांति रिट्रीट सेंटर के द्वारा गांव तुर्कपुर,पालासोली, काफडीवास, जोनियावास, मालपुरा, सिधरावली, नेरेड़ा, जनौला सहित लगभग 18 स्कूलों में में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके आमजन को नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्ति व नशे के आदि लोगों के पुनर्वास तथा खेलों का जीवन में महत्व इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# 'पंजाब की संस्कृति तो छबील लगाकर प्यासे को पानी पिलाने की थी'

### लेकिन आज पंजाब ने हरियाणा के लोगों के पीने वाले पानी का गिलास छीन लिया है : अनिल विज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा नंगल बांध के कंट्रोलिंग स्टेशन पर ताला लगवाने की कड़ी निंदा करते हुए इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि यह संघीय ढांचे पर चोट है और एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए मुख्यमंत्री भगवंत मान पर मुकदमा दर्ज कर इस पूरे मामले की जांच सीबीआई द्वारा करवाई जानी चाहिए। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जब हिमाचल से आए



पानी पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने ताला लगाया है। केंद्र सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करके इस स्थिति को अपने हाथ में लेना चाहिए। बीबीएमबी में तुरंत अर्धसैनिक बल मुहैया करवाकर पंजाब पुलिस को बीबीएमबी से वापिस भेजे जाएं। साथ ही बीबीएमबी में हरियाणा सरकार की तरफ से तकनीकी सदस्य की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से की जाए। अगर जल्द ही केंद्र सरकार ने स्थिति को नियंत्रित नहीं किया तो कानूनी स्थिति बिगड़ सकती है। हरियाणा में चारों तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। अगर केंद्र की सरकार ने इस स्थिति को नहीं संभाला तो इनेलो पार्टी हरियाणा की जनता के साथ सड़कों पर उतरेगी। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में कहा था कि हरियाणा को उसके हक का पानी देंगे। अब हरियाणा में चुनाव हारने के बाद पानी देने से इंकार करके हार की खीज मिटा रहे हैं। जहां आप, कांग्रेस और भाजपा पंजाब में हरियाणा को पानी न देने के मामले में एकमत हो गई है वहीं हरियाणा के लोगों के सामने पंजाब से अपना हक लेने का ढोंग करती है। इससे भाजपा, कांग्रेस और आप पार्टी का दोहरा चेहरा हरियाणा के लोगों के सामने उजागर हो गया है।

## निजी विद्यालयों को छात्रों का विवरण 15 मई तक लिंक पर करना होगा अपलोड

### चिराग योजना के तहत कक्षा पांचवीं से बारहवीं के छात्रों को दी जानी है मुफ्त शिक्षा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान चिराग स्कीम के तहत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा पांचवीं से बारहवीं में मान्यता प्राप्त 689 निजी विद्यालयों में गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जानी है। शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा दर्शायी गई सीटों पर दाखिला छात्रों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने के लिए लिंक http://117.239.183.208/cheerag2925-26/ को 15 मई 2025 तक लाइव कर दिया गया है। उक्त लिंक तथा MIS पर छात्रों का विवरण 15 मई तक अपडेट करवाने बारे संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं।

प्रवक्ता ने जानकारी दी गई है कि इस बारे में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी विद्यालयों से डाटा अपडेशन की दैनिक रिपोर्ट प्राप्त कर शिक्षा निदेशालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें, ताकि डाटा अपडेशन अनुसार दाखिल छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति राशि का क्लेम विद्यालयों को जारी किया जा सके।

## संत महापुरुषों के जीवन मूल्यों के अनुरूप हरियाणा में हो रहा प्रत्येक वर्ग का उत्थान - कृष्ण कुमार बेदी

### ईमानदारी, कर्मठता और मेहनत की बदौलत सैनी समाज की रही है हमेशा अपनी विशेष पहचान

### सैनी धर्मशाला के लिए कैबिनेट मंत्री ने अपने निजी कोष से दिए 25 लाख रूपये

एजेंसी

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि ईमानदारी, कर्मठता और मेहनत की बदौलत सैनी समाज की हमेशा अपनी विशेष पहचान रही है। महाराजा शूरसैनी के वंशज सैनी समाज की आपसी भाईचारा और मिलनसार व्यवहार भी खूबी है। श्री कृष्ण कुमार बेदी नरवाना में आयोजित सैनी सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराजा शूरसैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्री बाई फूले की शिक्षा आज भी बराबर प्रासंगिक है और वर्तमान सरकार इन्हीं महात्माओं द्वारा बताए आदर्शों का अनुसरण करते हुए जन कल्याण के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है। समाज के आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता है। इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा अंत्योदय कल्याण के लिए गए फैसलों से नए सामाजिक उत्थान का सूत्रपात हो रहा है।श्री बेदी ने कहा कि महापुरुषों के जीवन मूल्य किसी



भी समाज की उन्नति के लिए जीवंत आधार होते हैं। प्रदेश सरकार संत कबीर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, गुरु रविदास, संत धन्ना भगत, महात्मा ज्योतिबा फूले जैसे साधु संतों द्वारा दिखाए रास्ते पर ही चल रही है। समाज में साधु संतों की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार हो और उन्नत एवं सभ्य समाज का निर्माण हो, इसके लिए राज्य सरकार अपने स्तर पर सभी संत महापुरुषों की जयंतियां मना रही है। श्री बेदी ने सैनी सभा धर्मार्थ समिति को धर्मशाला के लिए 25 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की। इसके अलावा, गत कबीर जयंती समारोह में 17 लाख रुपये की घोषणा अनुदान राशि के चैक भी वितरित किए। इस अवसर पर पानीपत नगर निगम की मेयर कोमल सैनी, हरियाणा कॉन्फेड के चेयरमैन कर्मबीर सैनी, नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन डॉ अनुराधा सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नूंह में 4 परीक्षा केंद्रों पर 1329 परीक्षार्थी देंगे नीट परीक्षा- 2025- उपायुक्त मीणा

### नीट परीक्षा के लिए प्रशासन ने की सभी तैयारियां पूर्ण

एजेंसी

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) द्वारा इस बार नीट परीक्षा के लिए जिला नूंह में भी परीक्षा केंद्र बनाने की मंजूरी दी है। इसी के मद्देनजर कल नीट की परीक्षा जिले में 4 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर बाद 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें एक हजार 329 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

उन्होंने बताया कि जिला नूंह के सभी परीक्षा केंद्रों पर नीट परीक्षा-2025 को नकल रहित व पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए जिला प्रशासन ने सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। सभी केंद्रों पर केंद्र अधीक्षक सहित जरूरी स्टाफ व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। उपायुक्त ने ड्यूटी पर तैनात रहने वाले स्टाफ का आह्वान किया कि वे परीक्षा केंद्रों के अंदर एनटीए द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही सुचारू ढंग से परीक्षा आयोजित करवाएं। परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पूरा समय चलने चाहिए। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए, जिसमें बिजली, पेयजल, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता



शामिल हो। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए भी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोबाइल सहित कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्ण रूप से बैन रहेंगे। परीक्षा की पूरी प्रक्रिया की निगरानी होगी तथा सभी 4 परीक्षा केन्द्रों की हर गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सभी सेंटर पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और किसी भी स्तर पर कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। किसी भी रूप से परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है।

**नीट-2025 परीक्षा के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त**

जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा ने नीट परीक्षा-2025 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के खंड 16(1) व 17(2) के तहत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के तहत बीडीपीओ इंडरी राजेश टीवाना को जीएमएसएसएस -1 में बने परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। नायब तहसीलदार तावडू जतिंदर गिल को जीएमएसएसएस -2 में बने परीक्षा केंद्र पर व डीआरओ जोगेंद्र शर्मा को शहीद लेफ्टिनेंट किरण सिंह शेखावत महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी में बने परीक्षा केंद्र पर व डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर नूंह प्रदीप को राजकीय आईटीआई मरोड़ा में बने परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। बीडीपीओ तावडू अरुण कुमार व डीएसडब्ल्यूओ नूंह सरफराज खान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में रिजर्व रखा गया है। एसडीएम नूंह अश्विनी कुमार परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ओवरऑल इंचार्ज रहेंगे।

## पूर्व शिक्षा मंत्री के आह्वान पर अखंड भारत के निर्माण के लिए विप्र सभा ने हाथ उठाकर प्रस्ताव पारित किया

एजेंसी

**नारनौल।** इतिहास बताता है कि हिंदू धर्म पर अतीत से हमला होता रहा है। सनातन धर्म की रीढ़ होने के कारण ब्राह्मणों को समय-समय पर अत्याचार का सामना करना पड़ा, फिर भी समाज के लोगों ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। उपरोक्त उद्गार पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विप्र शिरोमणि पंडित रामबिलास शर्मा ने श्री गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा भूमि



पूजन समारोह में उपस्थित हजारों विप्र जनों के सम्मुख व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों ने हमेशा समाज को संस्कार देते हुए उसे मजबूती प्रदान करने के लिए हमेशा कार्य किया। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ भगवान परशुराम ने अपने शस्त्र का इस्तेमाल करते हुए धरती को पापियों से मुक्त कराया। श्री शर्मा ने आगे कहा कि आज श्री गौड़ ब्राह्मण सभा जिला महेंद्रगढ़ जिस गौरवशाली स्थान पर खड़ी है उसके पीछे उससे जुड़े आजीवन सदस्यों तथा पूर्व प्रधानों का बड़ा योगदान रहा है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सभा से जुड़े अपने संस्मरण सुनाते हुए भूमि क्रय में योगदान देने वाले सभी लोगों के योगदान को सराहा। उन्होंने आह्वान किया कि हमें परशुराम मंदिर बनाने के साथ-साथ ब्राह्मण विद्वान भी तैयार करने होंगे। इसके लिए संस्कृत विद्यालय, आधुनिक लाइब्रेरी बनानी होगी, ताकि वेदपाठी युवा ब्राह्मण बनाए जा सकें। हमें देश की रक्षा के लिए अपने युवाओं को शस्त्र शिक्षा दिलाने के लिए तथा समाज सुदामा विद्या धर प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आज देश एक बार फिर संकट के दौर से गुजर रहा है। पहलगाम हमले के बाद स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने उपस्थित समाज से अनुरोध किया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए प्रस्ताव पारित करें।

## 199 पेटी अवैध शराब से भरी गाड़ी सहित आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** अपराध शाखा ने चेकिंग के दौरान अवैध शराब से भरी 01 पिकअप गाड़ी सहित गाड़ी चालक अजय को केएमपी फ्लाईओवर के नीचे फर्रुखनगर-गुरुग्राम रोड से काबू करने में सफलता हासिल की। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपी के कब्जे से 199 पेटी अवैध देशी शराब बरामद करने पर उसके खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि इसके कब्जा से बरामद हुई गाड़ी व इसमें भरी हुई शराब को बहादुरगढ़ से गुरुग्राम ले जाया जाना था, परन्तु पुलिस ने इसे शराब से भरी गाड़ी सहित पहले ही पकड़ लिया।

# दिल्ली के हारे हुए सीएम के इशारे पर हरियाणा के पानी को रोकना गलत : सांसद धर्मबीर

### अब समय आ गया है पानी का विषय केंद्र के पास हो: सांसद धर्मबीर

एजेंसी

**मंडी अटेली।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के सांसद चौधरी धर्मबीर ने कहा है कि पंजाब सरकार की ओर से भाखड़ा डैम पर सिक्योरिटी लगाकर हरियाणा का पानी रोक ना सरासर गलत है। फेडरल समझौते में पंजाब द्वारा पानी को रोकना, दिल्ली के हारे हुए मुख्यमंत्री के इशारे पर हो रहा है। अब समय आ गया है कि पानी का विषय केंद्र के अधीन होना चाहिए। जिस प्रकार हवा, पानी प्रकृति के अनुरूप होता है, इनको अपने प्रवाह के अनुसार चलने देना चाहिए।

पानी के विवादों को खत्म करने के लिए संसद में दो बार सर्वसम्मति बनी है कि यह विषय केंद्र के पास हो। सांसद अटेली स्थित कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव के कार्यालय पर नारनौल जाते समय एक घंटे के करीब ठहरे तथा लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करने का भरोसा दिया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह के पीए विकास यादव के सांसद



धर्मबीर का स्वागत अभिनंदन कर केंद्र से जुड़े मसलों को संसद के समक्ष रखा। सांसद धर्मबीर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जातिवार गणना के देरी पर कहा कि सही समय आने पर केंद्र सरकार द्वारा जातिवार गणना का निर्णय लिया है। जातिवार गणना होने से हर जाति की गणना के साथ हर व्यक्ति के पास संसाधनों की गिनती भी होगी। इससे सटीक तथ्य मिलने पर देश के विकास में गति तेज होगी। एक प्रश्न के उत्तर में सांसद ने कहा कि अगर अटेली क्षेत्र के लोगों द्वारा सीएससी कैटीन खोलने के लिए मांग पत्र आता है तो उसको सिरे चढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा नीत सरकार केंद्र में सत्तासीन हुई है तब से प्रदेश में नेशनल हाईवे, मेडिकल सुविधा सहित दूसरे आधारभूत ढांचे की बढ़ोतरी हुई है। सांसद ने गांव बेगपुर में गत वर्ष जनसंवाद में घोषित मांग पत्र को गांव के सरपंच द्वारा रिमाइंडर लिया। इसके अलावा गांव गणियार में कूड़े के ट्रैक्टर ट्राली की मांग को भी अपने संग लेकर क्रियान्वयन करने का भरोसा दिया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अशोक यादव, बेगपुर के सरपंच रणबीर, बाबूलाल मुंडिया खेड़ा, विनोद कटकई, मुकेश प्रधान, प्रदीप तिगरा, डीके धनौदा, राजपाल नावदी, भूपेश कटारिया आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने जिलेभर में सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी कर वाहनों की चेक किया

एजेंसी

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस ने आज शाम को जिलेभर में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना था।

पुलिस टीमों ने विभिन्न नाकों पर बैरिकेड लगाकर वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान दोपहिया वाहन, चार पहिया वाहन और अन्य प्रकार के वाहनों को रोककर उनके कागजात, जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और बीमा आदि की जांच की गई। साथ ही, वाहनों में संदिग्ध वस्तुओं की तलाश भी की गई। इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने, बिना वैध कागजात के वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले शामिल थे। पुलिस ने मौके पर ही चालान काटे और कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया। महेंद्रगढ़ जिला पुलिस द्वारा किसी भी आपात स्थिति से निपटने,आररररपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए सीलिंग प्लान के तहत जिले भिन्न-भिन्न स्थानों पर नाके लगाकर चैकिंग की गई। सीलिंग प्लान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग



लगाकर वाहनों को चेक किया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, चालक का डीएल, नंबर प्लेट और वाहनों की डिग्गी आदि की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान कुछ वाहन बिना नंबर प्लेट के भी मिले, जिनकी सघनता से चैकिंग की गई।

## रिटायर्ड फौजी अधिकारी का अज्ञात चोर बैंग लेकर हुआ फरार

**महेंद्रगढ़।** शहर के सिनेमा रोड पर रिटायर्ड फौजी अधिकारी का अज्ञात चोर बैग का उठाकर फरार हो गया है। रिटायर्ड फौजी अधिकारी के बैग में 30 हजार रुपये की नकदी जरूरी कागजात थे। पीड़ित ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर रुपये बरामद करने तथा चोर को पकड़ने की मांग की है। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। गांव खातोद निवासी उमराव सिंह (80), जो भारतीय थल सेना से जूनियर कमीशन अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उमराव सिंह ने बताया कि एक अप्रैल को वह पंजाब नेशनल बैंक की सिनेमा रोड शाखा से 30 हजार रुपये निकालकर एक स्थानीय डॉक्टर के पास चेकअप के लिए गए थे। मेडिकल काउंटर पर रखे उनके बैग को एक युवक उठाकर फरार हो गया। घटना मेडिकल स्टोर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित का कहना है कि जब वह बैंक से पैसे निकालकर आ रहे थे, तभी से एक युवक उनका पीछा कर रहा था। संभावना है कि वहीं व्यक्ति बैग की चोरी में शामिल है।

# एक दिन की बारिश ने खोली सरकार की अनाज मंडियों में समुचित प्रबंधों की पोल : कुमारी सैलजा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की अनाजमंडियों में सरकार की ओर से कैसी व्यवस्था की गई है कि इसकी पोल एक ही दिन की बारिश ने खोलकर रख दी है। समय पर उठान न होने के कारण मंडी में गेहूं बारिश में भीगकर खराब हो रहा है। आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा, बारिश से गेहूं खराब होने को लेकर किसानों और आढ़तियों में भारी रोष है क्योंकि भीगने से गेहूं की गुणवत्ता घटेगी, तो उसका नुकसान या तो किसानों को झेलना पड़ेगा या फिर व्यापारियों को जबकि तुलाई के बाद किसान की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि अनाजमंडियों में व्यापक प्रबंध न होने पर उनकी ओर से पहले भी कई बार यह मुद्दा उठाया था कि सरकार द्वारा मंडियों की सुध ली जा रही है जिससे पूरा उठान भी नहीं हो पा रहा है। अब जब किसानों की मेहनत बर्बाद हो रही है, क्या किसी की कोई जवाबदेही तय होगी? भाजपा सरकार बिना देरी के इस व्यवस्था को सुधारे ताकि मंडियों में पड़ा अनाज यूं ही खराब न हो। समय पर उठान न होने के कारण अनाजमंडियों में गेहूं बारिश में भीगकर खराब हो रहा है। एक दिन की बारिश ने ही भाजपा सरकार के तमाम दावों की पोल खुल गई। इसे लेकर किसानों और व्यापारियों में गुस्सा है। हर बार बरसात में ऐसा ही होता है, लेकिन प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति करता है। अब जब गेहूं की गुणवत्ता घटेगी, तो उसका नुकसान या तो किसानों को झेलना पड़ेगा या फिर व्यापारियों को। सरकार की लापरवाही से जो अनाज खराब हुआ है, उसका उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

## वित्तीय अनियमितता को रोकने में सेबी की मदद के लिए शोध पत्र तैयार करेगाः आईसीएआई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की शीर्ष इकाई भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहा कि आईसीएआई वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने में बाजार नियामक सेबी की मदद के लिए एक शोध पत्र तैयार करेगा। श्री नंदा ने आज यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आईसीएआई ने वित्तीय धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक अहम निर्णय लिया है। आईसीएआई एक विशेष कार्य समूह (वर्किंग ग्रुप) बनाएगा, जो इन धोखाधड़ी मामलों से निपटने की रणनीति तैयार करेगा। यह समूह धोखाधड़ी को रोकने को लेकर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ चर्चा करेगा। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर उनकी हाल ही में सेबी के तुहिन कांत पांडे के साथ बैठक हुयी है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में भारतीय शेयर बाजारों में खुदरा निवेशकों की भागीदारी काफी बढ़ी है, लेकिन इसके साथ ही वित्तीय हेराफेरी, शेयरों की कीमतों में हेरफेर जैसे मामलों में भी इजाफा भी हुआ है। ऐसे में जरूरी हो गया है कि आम निवेशकों की सुरक्षा और जागरूकता के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने बताया कि आईसीएआई और सेबी मिलकर इस दिशा में काम करेंगे, ताकि निवेशकों का भरोसा बाजार में बना रहे और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को समय रहते रोका जा सके।

## एसबीआई का चौथी तिमाही में मुनाफा 10 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 18643 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 20698 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 9.93 प्रतिशत कम है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 70901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 61077 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 16.08 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 42775 करोड़ रुपये रही है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की 41655 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 2.69 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसकी शुद्ध ब्याज आय 166965 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की 159876 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 4.43 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि चौथी तिमाही में नुकसान की भरपाई के लिए 3964 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में किये गये 3294 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 20.35 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने इस मद में 14418 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जो पिछले वित्त वर्ष में किये गये 9518 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 51.49 प्रतिशत अधिक है।

## आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक सहित चार बैंकों पर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और आईडीबीआई बैंक पर अलग अलग मामलों में कुल मिलाकर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कल देर शाम जारी बयान में कहा कि आईसीआईसीआई बैंक पर 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)', और 'क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड - जारी करना और आचरण' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 97.80 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है। इसी तरह से केंद्रीय बैंक ने एक्सिस बैंक लिमिटेड पर 'आंतरिक/कार्यालय खातों के अनधिकृत संचालन' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 29.60 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

## पाकिस्तान से वस्तुओं के आयात/ट्रांजिट पर रोक के निर्णय का कैट ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली।** खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान से निर्यातित या पाकिस्तान में उत्पन्न किसी भी वस्तु के प्रत्यक्ष या परोक्ष आयात और परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साहसी और निर्णायक कदम का हार्दिक स्वागत किया है। संगठन ने कहा, यह निर्णय एक सशक्त और स्पष्ट संदेश देता है कि पाकिस्तान की ओर से निरंतर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों और भारत विरोधी रुख के बीच व्यापारिक एवं आर्थिक संबंध नहीं बनाए जा सकते। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने एक बयान में कहा कि यह कदम न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है, बल्कि देश के व्यापारिक समुदाय और आम नागरिकों की भावना का भी सम्मान करता है।

## भारत अंगोला को देगा 20 करोड़ डॉलर का रक्षा ऋण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत अंगोला के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रक्षा ऋण देगा। दोनों देशों के नेताओं के बीच आज हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद इसकी घोषणा की गई। दोनों देशों ने आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई की प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही स्वास्थ्य सेवा, हीरा प्रसंस्करण, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को मजबूत करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गॉंसाल्वेस लौरैंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा 38 वर्षों के बाद अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के



आधुनिकीकरण के लिए 200 मिलियन डॉलर की डिफेन्स क्रेडिट लाइन को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स के सुधार, बदलाव और सप्लाई पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। उन्होंने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लॉरेंसू और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ़ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी कर रहे हैं। भारत अंगोला से तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझेदारी को बढ़ाने का फैसला किया है। हम अंगोला के साथ डिजिटल पब्लिक इन्फ्रा, स्पेस टेक और क्षमता निर्माण में अपने अनुभव साझा करेंगे। हमने स्वास्थ्य सेवा, हीरा प्रसंस्करण, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में अपने संबंधों को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हम भारत और अंगोला के बीच युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं ताकि लोगों के बीच आपसी संबंध बेहतर हो सकें। हम अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल होने के अंगोला के फैसले की सराहना करते हैं। 140 करोड़ भारतीयों की ओर से, मैं अंगोला को 'अफ्रीकन यूनियन' की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 'अफ्रीकन यूनियन' को जी-20 की स्थायी सदस्यता मिली।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर बढ़कर 688.11 अरब डॉलर पर

**एजेंसी**

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 688.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया।इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 686.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.16 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 580.66 अरब डॉलर पर पहुंच गई। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 2.1 करोड़ डॉलर की तेजी लेकर 18.58 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के



पास आरक्षित निधि में 20 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले बढ़कर 4.51 अरब डॉलर पर पहुंच गई। हालांकि इस दौरान स्वर्ण भंडार में 20.7 करोड़ डॉलर की कमी आयी और यह घटरकर 84.36 अरब डॉलर पर आ गया।

## पिछले 10 साल के प्रदर्शन के आधार पर मई में शेयर बाजार में मजबूती की उम्मीद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कुछ समय से लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में बनी अनिश्चितता की स्थिति, अमेरिका में मंदी की आशंका और दुनिया के कई हिस्सों में जारी जियो-पॉलिटिकल टेंशन के कारण दुनिया के ज्यादातर स्टॉक मार्केट प्रभावित हुए हैं। इसी क्रम में भारतीय शेयर बाजार भी जबरदस्त उतार-चढ़ाव का शिकार हुआ है। इसके बावजूद पिछले 10 साल के प्रदर्शन के आधार पर माना जा रहा है कि मई का महीना घरेलू शेयर बाजार के लिए बेहतर साबित हो सकता है। पिछले 10 साल के परफॉर्मेंस को देखा जाए तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी मई के महीने में छह बार मासिक आधार पर मजबूत के साथ हरे निशान में बंद हुआ है। इस दौरान निफ्टी का एवरेज रिटर्न 1.5 प्रतिशत रहा है, जबकि मीडियम रिटर्न 1.9 प्रतिशत के करीब रहा है। जेएम फाइनेंशियल की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 10 साल की अवधि में निफ्टी के मिडकैप इंडेक्स ने भी मई महीने के



दौरान छह बार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार का अंत किया। हालांकि मिडकैप इंडेक्स के शेयरों का एवरेज रिटर्न 0.4 प्रतिशत रहा, जबकि मेडियन रिटर्न 1.2 प्रतिशत रहा। सेक्टोरल परफॉर्मेंस की बात करें, तो मई के महीने में एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल सेक्टर ने पिछले 10 साल के दौरान सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी के ऑटोमोबाइल इंडेक्स ने 10 साल में से 8 बार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार का अंत किया। इस दौरान ऑटोमोबाइल इंडेक्स में शामिल शेयरों ने 3.9 प्रतिशत का एवरेज रिटर्न दिया, जबकि मीडियम रिटर्न 4.9 प्रतिशत का रहा। इसी तरह एफएमसीजी इंडेक्स ने भी 10 साल में से 8 बार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार का अंत किया। इस दौरान एफएमसीजी इंडेक्स में शामिल शेयरों ने 3 प्रतिशत का एवरेज रिटर्न दिया, जबकि मीडियम रिटर्न 2.6 प्रतिशत का रहा। इन दोनों सेक्टर्स के अलावा बैंक और फाइनेंशियल सेक्टर 10 साल में से सात बार मजबूती के साथ में बंद हुए। इस दौरान इन दोनों सेक्टर्स में शामिल शेयरों ने 2.5 प्रतिशत का एवरेज रिटर्न दिया।

## आईजीएल ने ग्राहकों को दिया झटका, सीएनजी की कीमत में बढ़ोतरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) को एक बार फिर महंगा कर दिया है। कंपनी ने आज सीएनजी की कीमत में प्रति किलोग्राम एक रुपये की बढ़ोतरी कर दी। कीमत में हुई बढ़ोतरी के बाद अब राजधानी दिल्ली में 1 किलोग्राम सीएनजी की कीमत 77.09 रुपये हो गई है, जबकि पहले इसकी कीमत 76.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। आईजीएल की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार कीमत में बढ़ोतरी होने के बाद दिल्ली के अलावा नोएडा में सीएनजी 85.70 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर मिल रहा है?। इसी तरह गाजियाबाद में भी सीएनजी की कीमत 85.70 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसके अलावा गुरुग्राम में सीएनजी 83.12 रुपये प्रति किलोग्राम, कानपुर में 89.92 रुपये प्रति किलोग्राम और मेरठ में 87.08 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर मिल रहा है। उल्लेखनीय की दिल्ली




के अलावा हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में सीएनजी की मार्केटिंग का काम इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के पास है। आईजीएल द्वारा की जाने वाली सीएनजी की बिक्री में दिल्ली की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। आईजीएल की कुल बिक्री में 70 प्रतिशत सीएनजी दिल्ली में बिकती है, जबकि शेष 30 प्रतिशत सीएनजी यूपी या हरियाणा के अलग-अलग शहरों में बिकती है।

## मेट्रो ट्रेनों में कार्गो कम्पार्टमेंट जोड़ने से शहरों में व्यापार दक्षता बढ़ेती : केंद्रीय मंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो ट्रेन में कार्गो कम्पार्टमेंट जोड़ने से शहरों में व्यापार दक्षता बढ़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के 31वें स्थापना दिवस पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि आम नागरिक के दैनिक जीवन में दिल्ली मेट्रो की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि आसान, विश्वसनीय और सुरक्षित आवागमन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और दिल्ली मेट्रो जैसी शहरी परिवहन प्रणालियां शहरी जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गई हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी, जिससे आज शहरी मोबिलिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर की योजना बनाना और उसे मजबूत करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने मेट्रो ट्रेनों में माल कार्गो कम्पार्टमेंट को जोड़ने का दूरदर्शी विचार शेयर करते हुए कहा कि इससे छोटे व्यवसायी, विक्रेता और फेरीवाले शहर भर में अपने सामान को आसानी से यात्रा कर सकेंगे। यह एक ऐसा कदम




है जिससे समय की बचत होगी,ऊर्जा की खपत कम होगी और शहरी श्रमिक वर्ग के लिए व्यावसायिक दक्षता बढ़ेगी। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक देश के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप मेट्रो परिचालन में हरित और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को एकीकृत करना आवश्यक है।

उन्होंने दोहराया कि मेट्रो प्रणाली भारत के हर शहर की जीवन रेखा होगी और उनका निरंतर विस्तार और आधुनिकीकरण स्मार्ट, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शहरी केंद्रों के निर्माण की कुंजी है। कार्यक्रम के दौरान, संगठन में उनके योगदान के लिए व्यक्तियों और टीमों को डीएमआरसी के वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए गए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इस अवसर पर दिल्ली मेट्रो को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा, दिल्ली मेट्रो ने लोगों के दिलों में जो जगह बनाई है, वह वास्तव में जीवन रेखा से कम नहीं है। जब कोई यात्री दिल्ली मेट्रो में प्रवेश करता है तो उसे 'अच्छा महसूस' होता है। वे इसे साफ रखते हैं और नियमों का पालन भी करते हैं। इससे व्यवहार में भी बदलाव आया है।

## खाद्य तेलों और दाल दलहन में मिश्रित रूख

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर चुनिंदा जिंसों में मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों और दाल दलहन में मिश्रित रूख देखा गया जबकि अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.57 सेंट की तेजी के साथ 51.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल 366 रुपये और पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में नरमी देखी गयी। मूंगफली तेल 733 रुपये, सूरजमुखी तेल 219 रुपये, सोया रिफाइंड 110



रुपये और वनस्पति तेल 368 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18314 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14725 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

## मई की शुरुआत में एफआईआई ने खरीदारी का जोर दिखाया, डीआईआई ने भी जमकर की लिवाली

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने मई के महीने की शुरुआत जोरदार खरीदारी करके की है। इस महीने के पहले कारोबारी दिन विदेशी निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में 2,770 करोड़ रुपये की खरीदारी की। इस तरह घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की खरीदारी लगातार 12वें सत्र में भी जारी रही। पहले कारोबारी दिन घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने जमकर खरीदारी की। स्टॉक मार्केट के प्रोविजनल आंकड़ों के मुताबिक 2 मई को डीआईआई ने घरेलू शेयर बाजार में 3,291 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। साल 2025 की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 1.29 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी। इस बिकवाली के कारण शेयर बाजार को जबरदस्त गिरावट का सामना करना पड़ा था। हालांकि अप्रैल में इस स्थिति में परिवर्तन हुआ। अमेरिका द्वारा टैरिफ वॉर में नरमी का संकेत देने के कारण ग्लोबल मार्केट के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार के सेंटिमेंट्स में भी बदलाव हुआ, जिसकी वजह से विदेशी निवेशकों ने बिकवाली का रास्ता छोड़ कर खरीदारी शुरू कर दी। अब मई के महीने में भी घरेलू शेयर बाजार में एफआईआई की खरीदारी जारी रहने की उम्मीद जताई जा र ही है। जडिपॉजिटरी के प्रोविजनल आंकड़ों के अनुसार 2मई के कारोबारी सत्र में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 18,130 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वहीं, पूरे दिन के कारोबार में उन्होंने 15,360 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री भी की। इस तरह विदेशी निवेशकों ने शुद्ध रूप से 2,770 करोड़ रुपये की खरीदारी की। इसी तरह घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2 मई के कारोबारी सत्र के दौरान 13,906 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की। वहीं, 10,615 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। इस तरह डीआईआई की शुद्ध खरीदारी 3,291 करोड़ रुपये की रही। इस साल विदेशी संस्थागत निवेशक ओवरऑल बिकवाल की भूमिका निभाते रहे हैं। इस अवधि में उन्होंने 1.34 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिक्री की है।

दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस साल की शुरुआत से लेकर अभी तक 2.10 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की है। जहां तक स्टॉक मार्केट के कारोबारी प्रदर्शन की बात है तो शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के बाद भारतीय शेयर बाजार ने लगातार तीसरे सप्ताह भी अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा। दिसंबर 2024 के बाद पहली बार घरेलू शेयर बाजार लगातार 3 सप्ताह तक बढ़त का सिलसिला बनाए रखने में सफल हुआ। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक हर सप्ताह औसतन एक प्रतिशत की रफ्तार से मजबूत हुए हैं।

## डॉ. पूनम गुप्ता बनी आरबीआई की डिप्टी गवर्नर

**एजेंसी**

**मुंबई।** डॉ. पूनम गुप्ता ने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया है।भारत सरकार ने 02 अप्रैल, 2025 को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था। डिप्टी गवर्नर के रूप में, डॉ. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी। इस नियुक्ति से ठीक पहले, डॉ. गुप्ता नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक थीं, जो आर्थिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला, केंद्रीय बैंकिंग, मैक्रो आर्थिक स्थिरता, सार्वजनिक ऋण और राज्य वित्त से संबंधित मुद्दों पर काम करती थीं। उन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य




और 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के संयोजक के रूप में भी काम किया। एनसीएईआर में शामिल होने से पहले डॉ. गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक में करीब दो दशकों तक वरिष्ठ पदों पर काम किया था। डॉ. गुप्ता ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड (यूएसए) में भी पढ़ाया और भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), दिल्ली में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में भी काम किया। वह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) में आरबीआई चेयर प्रोफेसर और इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) में प्रोफेसर रही हैं। डॉ. गुप्ता ने कई शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और एक संपादित पुस्तक इमर्जिंग जायंट्सः चाइना एंड इंडिया इन द वर्ल्ड इकोनॉमी लिखी है। डॉ. गुप्ता ने यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड, अमेरिका से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री और पीएचडी की है, और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री की है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72



रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.45 प्रतिशत उतरकर 58.38 डॉलर प्रति बैरल पर रहा जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 61.45 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## अगले सप्ताह दो नए आईपीओ की लॉन्चिंग, पांच शेयरों की होगी लिस्टिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में दो नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह लॉन्च हुए दो आईपीओ में भी इस सप्ताह छह मई यानी मंगलवार तक बोली लगाई जा सकेगी। जहां तक लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह एथर एनर्जी समेत पांच कंपनियों के शेयर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगे। श्रीगी डीएलएम लिमिटेड का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 94 से 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है।

कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, वहीं इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी।पांच मई को ही मनोज ज्वेलर्स का 16.20 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 54 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, जबकि इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी।इनके अलावा पिछले सप्ताह 29 अप्रैल को खुले केनरिक इंडस्ट्रीज के 8.75 करोड़ रुपये के आईपीओ में छह मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 25 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट सात मई को होगा,




जबकि इनकी लिस्टिंग नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसी तरह दो मई को खुले वैगन्स लर्निंग के 38.38 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी छह मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 78 से 82 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट सात मई को होगा, वहीं इनकी लिस्टिंग नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। पांच मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान पांच कंपनियां के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग के जरिए कारोबार की शुरुआत करेंगे। सबसे पहले मंगलवार छह मई को आईवरे सप्लाई चेन सर्विसेज के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसी दिन एथर एनर्जी के शेयरों की लिस्टिंग बीएसई और एनएसई पर होगी। इसके अगले दिन सात मई को अरुणाया ऑर्गेनिक्स के शेयर और एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इनके अलावा नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर केनरिक इंडस्ट्रीज और वैगन्स लर्निंग के शेयर लिस्ट होंगे।

# गर्मियों में नींबू पानी बनाते समय ध्यान में रखें ये बातें, वरना खराब हो सकती है तबीयत



**गर्मियों में नींबू पानी पीने का एक अलग ही मजा है. ये न सिर्फ एक रिफ्रेशिंग ड्रिंक है, बल्कि इसे पीने के कई फायदे भी हैं. हालांकि, बहुत से लोगों को इसे सही से बनाने का तरीका नहीं पता होता है, जिसके कारण आपकी तबियत भी खराब हो सकती है. इसलिए इस बात का ध्यान रखना बहुत जरूरी है कि आपको नींबू पानी बनाते समय इसमें किन चीजों का इस्तेमाल नहीं करना है.**

गर्मियां शुरू होते ही अधिकांश घरों में नींबू पानी बनना शुरू हो जाता है. ये एक ऐसी आम ड्रिंक है, जोकि गर्मी के मौसम में न सिर्फ आपको हाइड्रेटेड रखने में मदद करती है, बल्कि इससे आपके शरीर में विटामिन सी की कमी भी नहीं होती है. गर्मी के मौसम में नींबू पानी पीना एकदम राहत देने वाला होता है. येगले को तर करने के साथ शरीर को ठंडक भी देता है और इससे अंदर से एनर्जी भी मिलती है.

हालांकि, बहुत से लोगों को नींबू पानी को सही से बनाने के तरीके के बारे में नहीं पता होता है, जिसकी वजह से बहुत से लोगों की तबीयत भी खराब हो जाती है. ऐसे में नींबू पानी को सही से बनाने के तरीके के बारे में आपको पता होना बहुत जरूरी है. इसी क्रम में यहां ऐसी ही 5 गलतियों के बारे में बताया गया है जो लोग अक्सर नींबू पानी बनाते समय कर देते हैं.गंदे नींबू का इस्तेमाल करना- बाजार से लाए गए नींबू अगर बिना धोए सीधे काट लिए जाएं तो उसके ऊपर लगी धूल-मिट्टी या कीटनाशक अंदर चला जाता है. इससे पेट खराब हो सकता है या फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है. नींबू को पानी से अच्छे से धो लेना चाहिए और अगर हो सके तो हल्का गर्म पानी इस्तेमाल करें.

बासी या कटे हुए नींबू का दोबारा यूज़- कभी-कभी लोग सुबह काटे हुए नींबू को फ्रिज में रख देते हैं और फिर उसी को शाम को इस्तेमाल कर लेते हैं. लेकिन ऐसा करना सही नहीं है. कटे हुए नींबू में बैक्टीरिया जल्दी पनप जाते हैं, जिससे नींबू पानी पीने के बाद गैस, उल्टी या दस्त जैसी दिक्कतें हो सकती हैं.

बहुत ज़्यादा चीनी या नमक डालना- नींबू पानी हेल्दी तभी रहता है जब उसमें संतुलन हो. बहुत ज्यादा चीनी डालने से ये एक तरह का शरबत बन जाता है, जो वजन बढ़ा सकता है. वहीं बहुत ज्यादा नमक डालने से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है. इसलिए थोड़ा स्वाद अनुसार ही डालें न कम, न ज्यादा.

गंदे बर्तन या बोतल में रखना- नींबू पानी को अक्सर लोग बोतल में भरकर रखते हैं, लेकिन अगर बोतल या ग्लास अच्छे से साफ़ नहीं हो तो उसमें मौजूद बैक्टीरिया नींबू पानी को खराब कर सकते हैं. इससे पेट दर्द या एसिडिटी हो सकती है.

बहुत देर तक बाहर छोड़ देना- नींबू पानी अगर बनाकर कई घंटे बाहर टेबल पर रखा रहे तो उसमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, खासकर गर्मियों में. इससे नींबू पानी खट्टा हो सकता है और पीने से तबीयत खराब हो सकती है. हमेशा ताज़ा बनाएं या फ्रिज में रखें.

# स्वतंत्र भारत की पहली जाति गणना जीवन के सभी क्षेत्रों को प्रभावित करेगी




जनगणना के बाद, हमें यह जानकारी होगी कि लगभग 100 वर्षों के अंतराल के बाद, देश में जाति व्यवस्था वर्तमान में कैसे काम कर रही है। 1951 की जनगणना के दौरान, भारत सरकार ने केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की जनगणना की अनुमति दी थी। इससे स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आयी, और इसलिए 1961 तक, केंद्र सरकार ने ओबीसी की जनगणना के लिए राज्यों को अनुमति दे दी।पिछली बार 1931 की जनगणना में जाति की गणना के लगभग एक सदी के अंतराल के बाद भारत में जाति जनगणना कराने की घोषणा करके,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने न केवल स्वतंत्र भारत के जाति जनगणना न कराने के ऐतिहासिक निर्णय, जो मुख्यत- इस डर से की गयी थी कि इस तरह की कवायद जाति व्यवस्था को मजबूत कर सकती है, को समाप्त कर दिया है, बल्कि जाति जनगणना कराने के खिलाफ भाजपा की ऐतिहासिक स्थिति को भी पलट दिया है। यह निर्णय भारत की नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है जिसका जीवन के सभी क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ना तय है - विशेष रूप से राजनीति, अर्थशास्त्र और सामाजिक आचरण पर।भारत की जाति व्यवस्था में पिछली सदी में बहुत बड़ा बदलाव आया है। भारत में ब्रिटिश राज के दौरान जो हुआ, वह 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद की स्थिति से बहुत अलग था। भारत के संविधान ने पहली बार समाज में व्याप्त जातिगत पूर्वाग्रह के शिकार लोगों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की, और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को उनके सामाजिक और आर्थिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए आरक्षण दिया।

ब्रिटिश राज के दौरान की गयी जाति जनगणना जाति व्यवस्था को मजबूत करने वाली पायी गयी थी और इसलिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर सहित भारत के महत्वपूर्ण राजनीतिक विचारकों ने इस प्रथा की कड़ी आलोचना की। इसके अलावा, जातियों का रिकॉर्ड दोषपूर्ण पाया गया। 1901 की जनगणना में 1646 अलग-अलग जातियों को दर्ज किया गया था, जो 1931 में बढ़कर 4147 हो गया। इसका समाज पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा और इसलिए स्वतंत्रता संग्राम के हमारे नेताओं के दबाव में, ब्रिटिश सरकार ने 1941 की जनगणना में इस जाति जनगणना की प्रथा को छोड़ दिया।इससे हमें संकेत मिलता है कि इस बार की जाति जनगणना में भी कई समस्याएं होंगी। जाति व्यवस्था न केवल हिंदुओं में, बल्कि अन्य धार्मिक समूहों में भी प्रचलित है। इससे जनगणना के दौरान समस्याएं पैदा हो सकती हैं। बौद्ध, जैन और सिख भी व्यवहार में जातियों में विभाजित हैं। ईसाइयों में लगभग 300 जातियां दर्ज हैं और मुसलमानों में 500 जातियां व्यवहार में हैं, हालांकि उनका सैद्धांतिक दृष्टिकोण यह है कि उनके बीच कोई जाति विभाजन नहीं है। सभी धर्मों में दलित, आदिवासी और ओबीसी हैं। वास्तव में, हिंदू जहां भी गये, वे दूसरे धर्मों में धर्मांतरण करने के बाद भी अपनी जातियों के साथ गये। दलित, आदिवासी और ओबीसी अपने धर्मों से इतर आरक्षण की मांग करते रहे हैं। वास्तविक जनगणना से पहले इस मुद्दे पर विशेष विचार करने की आवश्यकता होगी।फिर भी, जनगणना के बाद, हमें यह जानकारी होगी कि लगभग 100 वर्षों के अंतराल के बाद, देश में जाति व्यवस्था वर्तमान में कैसे काम कर रही है। 1951 की जनगणना के दौरान, भारत सरकार ने केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की जनगणना की अनुमति दी थी। इससे स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आयी, और इसलिए 1961 तक, केंद्र सरकार ने ओबीसी की जनगणना के लिए राज्यों को अनुमति दे दी, यदि वे ऐसा चाहें। यह एक तरह के सर्वेक्षण की अनुमति थी, लेकिन राष्ट्रीय जाति जनगणना से इनकार कर दिया गया।1980 में मंडल आयोग ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश के साथ जाति के आंकड़ों को तीव्र गति से सामने लाया। प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 1990 में मंडल आयोग की सिफारिश को लागू किया, जिसका इस देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन पर असर पड़ रहा है। भाजपा की कमंडल राजनीति, यानी हिंदुत्व सांप्रदायिक राजनीति इसके समानांतर चली। भाजपा 1998 और 1999-2004 में केंद्र में सरकार बनाने में सफल रही। उन्होंने अपनी हिंदुत्व ब्रांड की राजनीति में बड़ी संख्या में ओबीसी को शामिल किया।

कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए शासन के दौरान सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) 2011 ने जाति के आंकड़े एकत्र किये, लेकिन जनगणना के निष्कर्ष कभी जारी नहीं किये गये। न तो भाजपा और न ही कांग्रेस ओबीसी राजनीति के प्रमुख लाभार्थी के रूप में उभरने में सक्षम थे। प्रमुख लाभार्थी सभी रंगों के समाजवादी बने रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से ही हिंदुत्व और ओबीसी की राजनीति कर रहे हैं। फिर भी, 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों ने उन्हें लोकसभा में 240 सीटों पर ला खड़ा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए अन्य राजनीतिक दलों से समर्थन लेने की ज़रूरत पड़ी, जिनमें से प्रमुख हैं - बिहार की जेडी(यू) और आंध्र प्रदेश की टीडीपी, दोनों का ओबीसी और दलितों के बीच अच्छा-खासा आधार है।ध्यान रहे कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडी(यू) ने लोकसभा चुनाव से पहले आज़ाद भारत में देश का पहला जाति सर्वेक्षण 2023 में कराया था, जब वे आरजेडी और कांग्रेस के साथ महागठबंधन में थे। नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इंडिया ब्लॉक छोड़कर एनडीए का दामन थाम लिया। कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना की मांग की और ओबीसी राजनीति को राजनीति के केंद्र में ला दिया।हाल के दिनों में बिहार के बाद तेलंगाना और कर्नाटक ने भी ओबीसी राजनीति के हिस्से के रूप में जाति सर्वेक्षण कराया है। कांग्रेस वर्तमान में तेलंगाना और कर्नाटक में सत्ता में है और उसने राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना का वायदा किया और इसकी मांग की। बिहार में 2025 के अंत में चुनाव होने जा रहे हैं, जहां जाति चुनाव हारने या जीतने में एक महत्वपूर्ण कारक है। केंद्र ने अभी तक यह घोषणा नहीं की है कि जाति जनगणना कब करायी जायेगी और इसके लिए तौर-तरीके कब तैयार किये जायेंगे, और वे किस प्रकार के होंगे जिससे कि विवाद न हो।

फिर भी, जब कभी जाति जनगणना के आंकड़े जारी किये जायेंगे, तो इससे जाति व्यवस्था की मौजूदा कार्यप्रणाली का ज्ञान मिलेगा, जो भविष्य की राजनीति, आर्थिक और अन्य संसाधनों के बंटवारे और सामान्य रूप से सामाजिक व्यवहार का आधार बनेगा। इसमें हमारे समाज में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक असमानता की बड़ी समस्या को हल करने की क्षमता है, लेकिन इसमें जाति-आधारित संघर्ष और विभाजन का संभावित जोखिम भी है, जो शायद हिंदुओं तक सीमित न रहे। भारत को सावधानी से कदम उठाने की जरूरत है।

## संपादकीय

# जाति जनगणना

लंबे समय तक असहमति के बाद आखिरकार भाजपा नेतृत्व वाली राजग सरकार ने घोषणा कर दी है कि जाति गणना अगली जनगणना का हिस्सा होगी। बहरहाल, भाजपा ने विपक्ष के जातीय गणना के मुद्दे की हवा निकाल दी है। यह आश्चर्यजनक निर्णय विषम परिस्थितियों के बीच आया है जब देश को उम्मीद थी कि सरकार पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई करेगी। हालांकि, भाजपा ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित चुनावी प्राथमिकताओं से प्रभावित नहीं होंगे। निस्संदेह, राजग का अल्पकालिक लक्ष्य इस साल के अंत में बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव जीतना है। वहीं बड़ा उद्देश्य देशभर में जाति के मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य प्रतिद्वंद्वी दलों को पछाड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 में यह कहकर चीजों को सरल बनाने की कोशिश की थी कि देश में चार ही जातियां हैं- महिलाएं, युवा, किसान और गरीब। यही वजह है कि ध्रुवीकरण की अपनी ताकत के प्रति आश्वस्त भगवा पार्टी ने विपक्ष को जाति का कार्ड खेलने दिया। हालांकि, इसका झटका भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में लगा। ये परिणाम भाजपा के लिये आंख खोलने वाला था। हालांकि, वह नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल युनाइटेड और चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी के सहयोग से किसी तरह सरकार बनाने में कामयाब हो गई। इस बात में कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि गठबंधन की मजबूरियों के चलते ही भाजपा को जाति जनगणना के मुद्दे पर यह फैसला लेना पड़ा है। हालांकि, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के दबाव ने भी इस निर्णय में बड़ी भूमिका निभाई है। एक अन्य प्रमुख कारण भीमराव अंबेडकर की विरासत को लेकर खींचतान भी है। कोई भी राजनीतिक दल सामाजिक न्याय के उनके महान सपने को पूरा करने के लिये आधे-अधूरे दृष्टिकोण को अपनाने का जोखिम नहीं उठा सकता, खासकर भाजपा। कहा जा रहा है कि जाति जनगणना के जरिये नीति निर्माताओं को विशिष्ट समुदायों की आवश्यकता के अनुसार कल्याणकारी योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी।इसमें दो राय नहीं कि जाति आधारित जनगणना में पारदर्शी सूचनाओं के संग्रह और डेटा के सार्थक उपयोग से सामाजिक असमानताओं को दूर करने में काफी हद तक मदद मिल सकती है। लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि इसके लिये समय सीमा तय की जाए, क्योंकि पहले ही जनगणना में काफी देरी हो चुकी है। यह भी हकीकत है कि केंद्र सरकार के लिये अगली जनगणना के साथ ही जाति गणना कराने का फैसला खासा चुनौतीपूर्ण है।

जिसके गहरे निहितार्थ सामने आ सकते हैं, जो राजनीतिक व सामाजिक परिदृश्य में बदलावकारी प्रभाव छोड़ सकते हैं। बहुत संभव है कि इसके बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग भी जोर पकड़े। लेकिन प्रथम दृष्ट्या भाजपा विपक्ष के बड़े हथियार को हथियाने में सफल रही है। उल्लेखनीय है कि साल 1931 तक हुई जनगणना में जाति गणना भी शामिल रही है, लेकिन स्वतंत्र भारत में इसकी आवश्यकता को नकार दिया गया। हालांकि, अनुसूचित जाति और जनजाति की गणना की जाती रही। वैसे साल 2011 में सामाजिव आर्थिक उद्देश्यों के लिये जाति गणना की तो जरूर लेकिन विसंगतियों के चलते आंकड़ों को सार्वजनि नहीं किया गया। जबकि पिछले कुछ समय से वि आरक्षण को तार्किक बनाने के लिये जाति गणना वकालत करता रहा है। हालांकि, पहले भाजपा भार समाज के हित में जाति गणना के प्रस्ताव को अप्रासं बताती रही है, लेकिन देश के राजनीतिक परिदृश्य विपक्ष द्वारा इसे बड़ा मुद्दा बनाने के बाद केंद्र को बाबत फैसला लेने को बाध्य होना पड़ा। , इस गणन आंकड़े सामने आने के बाद आबादी के अनु आरक्षण देने की मांग जोर पकड़ सकती है। कुछ रा के अनुभव इस बात की पुष्टि करते हैं। पिछले ि कांग्रेस शासित कर्नाटक में ऐसे जातिगत गणना आंकड़े लीक होने पर खासा विवाद सामने आया हालांकि, राजग सरकार दलील दे रही है कि जाति जनगणना से देश सामाजिक व आर्थिक रूप से सश होगा।

# मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!

बहरहाल, महत्वपूर्ण सिर्फ यही नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देश के तमाम नागरिकों की एकता की जरूरत का ख्याल आया है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आतंकवादी हमले की घटना और उस पर देशभर में शुरू हुई प्रतिक्रिया के हफ्ते भर बाद, प्रधानमंत्री को इस बुनियादी सच्चाई की याद आयी है, जो किसी भी विवेकशील व्यक्ति के लिए शुरू से ही स्वत- स्पष्ट थी।

आखिरकार, पहलगाम की आतंकवादी जघन्यता के करीब हफ्ते भर बाद, रविवार 27 अप्रैल की अपनी मासिक मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका ख्याल आया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देशवासियों की एकता कितनी जरूरी है। बेशक, प्रधानमंत्री की इस आयोजन की खबरों की सुर्खियां बनने वाली पंक्ति तो यही थी कि %आतंकवादी हमले की तस्वीरों को देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है%। और यह भी कि %मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।% फिर भी, प्रधानमंत्री के बयानों से ऐसी सुर्खियां तो इस आतंकी वारदात के तीसरे दिन से ही बनती आ रही थीं, जब इस हमले की पृष्ठभूमि में, सऊदी अरब की अपनी यात्रा तय कार्यक्रम से पहले खत्म कर स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री ने, इसी घटना पर अपनी ही सरकार की बुलायी सर्वदलीय बैठक में रहना तो जरूरी नहीं समझा था, पर बिहार में मधुबनी में अपनी सभा में, इस वारदात के दोषियों और उनके आकाओं को मिट्टी में मिला देने और %उनका धरती के छोर तक पीछा करने जैसे ऐलान किए थे। मन की बात% की युद्ध-भाषा बेशक, मधुबनी के भाषण के जरिए सामने आयी, इस दरिंदगी पर प्रधानमंत्री की पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया की निरंतरता में ही थी। इससे भिन्न, प्रधानमंत्री को एकता की जरूरत का ख्याल आना बेशक, बिहार के प्रधानमंत्री के संबोधन के सामने नया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ नागरिकों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। और यह भी कि, यह एकता आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है।

बहरहाल, महत्वपूर्ण सिर्फ यही नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देश के तमाम नागरिकों की एकता की जरूरत का ख्याल आया है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आतंकवादी हमले की घटना और उस पर देशभर में शुरू हुई प्रतिक्रिया के हफ्ते भर बाद, प्रधानमंत्री को इस बुनियादी सच्चाई की याद आयी है, जो किसी भी विवेकशील व्यक्ति के लिए शुरू से ही स्वत- स्पष्ट थी। यह हफ्ते भर की देरी इसलिए खासतौर पर अर्थपूर्ण हो जाती है कि इस दौरान पूरे देश से निर्दोष पर्यटकों के नरसंहार की इस दरिंदगी पर, मोटे तौर पर तीन प्रकार की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही थीं। पहली प्रतिक्रिया, इस जघन्यता पर आम देशवासियों के गम और आतंकवादियों तथा उनके सरपरस्तों पर गुस्से की थी। इसी प्रतिक्रिया की अभिव्यक्ति देश की आम राजनीतिक राय में भी हो रही थी, जो घटना के दो दिन बाद ही हुई सर्वदलीय बैठक में भी सामने आयी। सभी राजनीतिक पार्टियों ने न सिर्फ एक स्वर से पहलगाम की जघन्यता की भर्त्सना की बल्कि इस सिलसिले में सरकार द्वारा उठाये जाने वाले कदमों के लिए आम तौर पर अपने समर्थन का भी ऐलान किया था।बहरहाल, दूसरी ओर तीसरी तरह की प्रतिक्रियाएं, एक दूसरे की ठीक विरोधी थीं। दूसरी तरह की प्रतिक्रिया खासतौर पर कश्मीरियों और सबसे बढ़कर कश्मीरी मुसलमानों की और आम तौर पर मुसलमानों की थी। यह प्रतिक्रिया थी कश्मीर और मुसलमानों के नाम पर आतंकवादियों द्वारा की गयी दरिंदगी पर गम और शर्मिंदगी की और जिस तरह भी संभव हो, अपने दामन से इस गुनाह के दाग धोने की कोशिशों की। यह संयोग ही नहीं है कि इस आतंकी हमले में बच रहे लोगों द्वारा सुनाई गयी आपबीतियों के बीच से, सैयद आदिल हुसैन शाह के अलावा भी, कम से कम आधा दर्जन कश्मीरी मुसलमान %हीरो इन एक्शन% उभर कर सामने आये हैं। किसी ने बहादुरी से दर्जनों पर्यटकों को, जिनमें खासतौर पर महिलाएं और बच्चे थे, मौत के मुंह से निकालकर घोड़ों से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया था, तो किसी ने अपनी जान दांव पर लगाकर, घायलों को पीठ पर लादकर खतरे के दायरे से बाहर पहुंचाया था। और किसी और ने पीड़ितों का इस संकट के बीच इस तरह साथ दिया था कि उन्हें जहां अपनों को खोने का गम था, वहीं नये अपने मिल जाने का संतोष भी था। और सैयद आदिल हुसैन तो, जैसा कि अब सभी जान ही चुके हैं, वह नौजवान टट्टू वाला था, जो निर्दोष टूरिस्टों को बचाने के लिए, अपनी जान दांव पर लगाकर आतंकवादियों से भिड़ गया था। कहते हैं कि उसने एक आतंकवादी की बंदूक पकड़ भी ली थी, तभी आतंकवादी के दूसरे साथी ने उसे तीन गोलियां मार कर वहीं ढेर कर दिया।इसी की निरंतरता में पूरे पहलगाम तथा अनंतनाग जिले की और कश्मीर की ही प्रतिक्रिया थी। स्वतत्स्फूर्त तरीके से न सिर्फ हादसे के दूसरे-तीसरे दिन तक, सारे बाजार, सारे कारोबार, पर्यटकों की मदद करने के अलावा बंद रहे बल्कि हरेक जगह, लोगों ने बड़ी संख्या में शोक तथा विरोध जुलूस निकाले, जो बहुत ही मुखर तरीके से आतंकवादियों के और उनकी पीठ पर हाथ रखने वाले पाकिस्तान के खिलाफ थे।



जानकारों के अनुसार, अगर कश्मीर में मिलिटेंसी के 35 साल में पहली बार, पर्यटकों पर हमले की ऐसी बड़ी घटना हुई थी, तो यह भी पहली ही बार था जब इतने मुखर तरीके से और इतने बड़े पैमाने पर कश्मीरी जनता की आतंकवाद-विरोधी तथा पाकिस्तान-विरोधी भावनाएं सामने आयी हैं।

इसी की निरंतरता में है जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित कर, पहलगाम की दरिंदगी की एक स्वर से निंदा करना। केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा ने सर्वसम्मति से आतंकवादियों की करतूत की निंदा ही नहीं की। इसके बावजूद कि धारा-370 के खत्म किए जाने तथा जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म कर उसे केंद्र शासित क्षेत्र बनाए जाने के बाद से, राज्य पुलिस समेत समूची सुरक्षा व्यवस्था लैफ्टीनेंट गवर्नर के माध्यम से, सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में है, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पर्यटकों की सुरक्षा न कर पाने के लिए माफी भी मांगी। उनका कहना था कि पर्यटक, राज्य सरकार के नाते उनके आमंत्रण पर आए थे और इसलिए, उनकी सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी थी! यहां तक कि उमर अब्दुल्ला ने इस घटना को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग के लिए दलील बनाने से भी इंकार कर दिया।

दुःख और पछतावे की इस सारी प्रतिक्रिया से ठीक उल्टी थी, तीसरी प्रतिक्रिया जो सत्ताधारी संघ परिवार की ओर से सामने आयी, जिसमें उसके हाशियाई तत्वों से लेकर, उसकी मुख्यधारा के नेताओं तक सबके सब शामिल थे। इस प्रतिक्रिया में सारा जोर, पहलगाम में आतंकवादियों की दरिंदगी को कश्मीरी मुसलमानों और आम तौर पर मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने के जरिए, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को आगे बढ़ाने का हथियार बनाने पर था। यह संयोग ही नहीं है कि पहलगाम की दरिंदगी के सरकारी ब्यौरे ठीक से आने से पहले ही, देश के अनेक हिस्सों से कश्मीरी छात्रों और आम तौर पर मुसलमानों पर हिंदुत्ववादी गिरोहों के हमलों की खबरें आनी शुरू हो चुकी थीं। ऐसे मामलों पर निगाह रखने वाले एक संगठन ने ऐसी कम से कम 20 घटनाएं दर्ज की हैं। इनमें से कश्मीरी छात्रों के साथ हिंसा की सबसे बुरी घटनाएं उत्तराखंड में देहरादून में तथा पंजाब में हुई, जबकि मुसलमान के रूप में पहचान कर, हमला किए जाने की घटनाओं में इसी बीच उत्तर प्रदेश में ही दो हत्याएं की जा चुकी हैं। आगरा में तो मुसलमान ढाबाकर्मी को गोली मारने वाले ने 26 के बदले 2600 को मारने के अपने इरादे का ऐलान भी किया था। यह दूसरी बात है कि जैसा कि भाजपा राज में आम चलन ही है, उत्तर प्रदेश पुलिस ने इस हत्या का पहलगाम की घटना से कुछ लेना-देना होने से इंकार कर दिया है।कश्मीरियों और आम तौर पर मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर ये हमले अगर संघ के हाशिए की करतूतें मान भी लिए जाएं, तब भी उसकी मुख्यधारा भी इन हमलों से कोई बहुत अलग नहीं थी। हरियाणा, महाराष्ट्र समेत अनेक स्थानों पर, बाकायदा भाजपा के झंडे तले जुटी भीड़ों ने, अल्पसंख्यकों की दूकानों आदि को हमलों का निशाना बनाया था। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह कि आईटी सैल समेत भाजपा ने मुस्लिमविरोधी नफरत फैलाने के लिए, इस आतंकवादी हमले को भुनाने की बढ़-चढ़कर कोशिशें की थीं। जाहिर है कि यह इसके बावजूद था कि अनेक भुक्तभोगियों ने जोर देकर सार्वजनिक रूप से यह दर्ज कराया था कि अगर आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मारा था, तो दूसरी ओर पीड़ितों का धर्म जानकर घोड़े वालों, ड्राइवरों, टूर ऑपरेटरों, होटल वालों, आदि आदि ने उनकी हरेक संभव मदद भी की थी। इस बाद वाले तथ्य को दफ़न ही करने की कोशिश करते हुए, भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने तो अपने आधिकारिक हैंडल से बाकायदा एक शर्मनाक विज्ञापन जारी कर, जो बाद में उन्हें हटाना भी पड़ गया, %धर्म पूछा, जाति नहीं पूछी% को, सांप्रदायिक गोलबंदी की दलील ही बनाने की कोशिश की थी। और यह खेल सिर्फ छत्तीसगढ़ तक ही सीमित नहीं था।

इस सब के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी अपनी कुख्यात चुप्पी ओढ़े रहे थे। विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के ही नहीं, जागरूक नागरिकों की बढ़ती संख्या के खुद इसकी अपील करने और प्रधानमंत्री से इसकी अपील करने का आग्रह करने के बावजूद, कि सांप्रदायिक विभाजन बढ़ाकर, आतंकवादियों के अधूरे काम में मदद नहीं की जानी चाहिए, मोदी ने बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक हरकतों के खिलाफ कोई अपील तक नहीं की।

# ऑनलाइन वर्ल्ड में स्मार्ट करियर






आप में पैशन और क्रिएटिव स्पार्क है, तो डिजिटल एडवरटाइजिंग परफेक्ट करियर है। इसमें इंटरनेट के जरिए अपने प्रोडक्ट की दुनिया भर में ब्रांडिंग की जा सकती है.. ऑनलाइन एजुकेशन, शॉपिंग और इस तरह की दूसरी इंटरनेट बेस्ड एक्टिविटीज के बढ़ने से डिजिटल मार्केटिंग में ग्रोथ के अच्छे अवसर पैदा हुए हैं। जिनमें टेक्निकल स्किल के अलावा, मार्केटिंग स्ट्रेटेजी बनाने की कला, आर्टिस्टिक विजुअलाइजेशन और ई-कॉमर्स की समझ है, वे इसमें कई तरह से करियर बना सकते हैं।

### स्ट्रेटेजी एनालिस्ट

**वर्क एरिया :** प्रोडक्ट की एडवरटिजमेंट, बेचने और खरीदने के लिए स्ट्रेटेजी तैयार करना

**स्किल्स :** मार्केट, ट्रेंड ऐंड डिमांड की एनालिसिस

**सैलरी :** 20 हजार से 4-5 लाख रुपये तक

**एलिजिबिलिटी :** ग्रेजुएट, एमबीए को वरीयता

बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर

**वर्क एरिया :** एडवरटाइजिंग कंपनीज के लिए विज्ञापन लाना। एडवरटिजमेंट स्लॉट बेचना और खरीदना

**स्किल्स**

- मार्केट डिमांड ऐंड ट्रेंड्स की अच्छी समझ
- इंटरैक्शन ऐंड कम्युनिकेशन में माहिर
- अट्रैक्टिव ऐंड एक्टिव पर्सनैलिटी

**सैलरी :** 10 हजार रुपये से शुरू होकर लाखों में (कमीशन बेस्ड जॉब भी)

**एलिजिबिलिटी :** अंडरग्रेजुएट (स्किल इंपॉर्टेंट)

मीडिया प्लानर

**वर्क एरिया :** एडवरटाइजिंग का कौन-सा मीडियम प्रोडक्ट के हिसाब से फिट बैठेगा, प्रोडक्ट के मुताबिक, कहां ज्यादा यूजर ट्रैफिक मिलेगा, इसकी प्लानिंग करना।

**स्किल्स**

- क्रिएटिविटी ऐंड इनोवेशन
- मीडिया मार्केट के बारे में इंप्रेसिव नॉलेज
- इफेक्टिव प्लानिंग स्किल

**सैलरी :** 10 हजार रुपये से शुरू

**एलिजिबिलिटी :** अंडरग्रेजुएट

एडवरटिजमेंट पब्लिशर

**वर्क एरिया :** एडवरटिजमेंट को मीडिया प्लेटफॉर्म पर पब्लिश कराना।

**स्किल्स**

- कंप्यूटर ऐंड इंटरनेट की अच्छी नॉलेज
- स्पीड, एक्यूरेसी ऐंड स्मार्ट वर्क

**सैलरी :** 10 हजार रुपये से शुरू

**एलिजिबिलिटी :** अंडरग्रेजुएट

मीडिया बायर ऐंड सेलर

**वर्क एरिया :** एडवरटिजमेंट पब्लिश करने के लिए मीडिया स्लॉट या स्पेस खरीदना-बेचना

**स्किल्स**

- कंप्यूटर ऐंड इंटरनेट की अच्छी नॉलेज
- एडवरटिजमेंट की अच्छी एनालिसिस

**सैलरी :** 10 हजार रुपये से शुरू

एलिजिबिलिटी = अंडरग्रेजुएट

बैकएंड ऐंड सर्वर ऑपरेटर

**वर्क एरिया :** एडवरटाइजिंग के लिए सर्वर ऑपरेट करना, ट्रैफिक, एसइओ आदि की एनालिसिस करना।

**स्किल्स**

- टेक्निकली साउंड
- क्रिएटिव, इनोवेटिव ऐंड एक्टिव
- स्पीड ऐंड एक्यूरेसी

**सैलरी :** 10 हजार रुपये से शुरू

**एलिजिबिलिटी :** अंडरग्रेजुएट

इंस्टीट्यूट्स

-एनएनआइटी

**www.niitdigitalmarketing.com**

-सिंबॉयोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशंस

**www.simc.edu**

इंटरनेट यूजर्स ने बढ़ाई डिमांड

न्यूजपेपर और टीवी पर एडवरटिजमेंट के बाद आने वाला वक्त डिजिटल एडवरटाइजिंग का है। विदेश में इसका जबरदस्त क्रेज है। विदेशी कंपनीज बहुत तेजी से इंडिया में इन्वेस्ट भी कर रही हैं। उनके प्रोडक्ट की एडवरटाइजिंग के लिए चीन और इंडिया से बेहतर और बड़ा मार्केट कोई नहींहै। इसकी एक बड़ी वजह इंडिया में लगातार इंटरनेंट यूजर्स की बढ़ती संख्या भी है। यह ऐसे फील्ड के रूप में डेवलप हो रहा है, जिसमें आपको बस कंप्यूटर की नॉलेज भर होनी चाहिए।

# कॉरपोरेट वर्ल्ड के लीगल कंसल्टेंट





एक समय ऐसा था, जब लॉयर्स को केवल कोर्ट रूम में जिरह करते हुए प्रोफेशनल्स के तौर पर देखा और जाना जाता था, लेकिन हाल के वर्षो में इस फील्ड में काफी चेंज आया है और नए-नए एरिया भी जुड़ते जा रहे हैं। इस फील्ड में आने वाले अवारों को देखते हुए स्टूडेंट्स का रुझान 'कॉरपोरेट लॉ%' की तरफ खूब देखा जा रहा है। ग्लोबलाइजेशन और प्राइवेटाइजेशन ने इस फील्ड की चमक को और बढ़ाया है। आप इस फील्ड में आते हैं, तो यहां नेम-फेम के अलावा, प्रोफेशनल्स की सैलरी भी काफी अच्छी होती है।

### क्वालिफिकेशन

एपीजी शिमला यूनिवर्सिटी की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर प्रियंका गोयल के मुताबिक, इस फील्ड में एंट्री के लिए दो ऑप्शंस हैं। पहला, 12वींके बाद स्टूडेंट्स देश की टॉप लॉ यूनिवर्सिटीज से पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। कोर्स कंप्लीट होने के बाद आप बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराके लॉयर बन सकते हैं। दूसरा,

किसी भी सब्जेक्ट से ग्रेजुएशन करने के बाद तीन वर्षीय लॉ कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।

### लॉ से संबंधित एग्जाम

लॉ इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट क्लीयर करना पड़ता है। कुछ एंट्रेंस **एग्जाम इस तरह हैं**..

**कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट :** इस एंट्रेंस टेस्ट को क्लैट के नाम से भी जाना जाता है। यह नेशनल लेवल का लॉ एग्जाम है। इसके जरिए देश की टॉप-14 लॉ यूनिवर्सिटीज में एडमिशन लिया जा सकता है। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में आमतौर पर इंग्लिश, लॉजिकल रीजनिंग, लीगल रीजनिंग, मैथमेटिक्स और जनरल नॉलेज से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं।

**लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट :** इसे एलसेट के नाम से भी जाना जाता है। जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल, यूपीईएस देहरादून, आईटीएम गुड़गांव आदि जैसे देश के करीब 60 लॉ कॉलेजों में इस एग्जाम के जरिए एंट्री मिलती है। इस एग्जाम में कॉम्प्रिहेंशन, एनालिटिकल रीजनिंग और लॉजिकल रीजनिंग से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं।

**डीयू एलएलबी/एलएलएम :** दिल्ली यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ लॉ में एडमिशन के लिए अलग से एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन किया जाता है। इसके जरिए एलएलबी और एलएलएम जैसे कोर्स में एडमिशन लिया जा सकता है।

**एसईटी सिंबायोसिस :** इस एंट्रेंस टेस्ट के जरिए सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले लॉ इंस्टीट्यूट के अंडरग्रेजुएट कोर्स में एडमिशन लिया जा सकता है।

**यूएलएसएटी :** यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम ऐंड एनर्जी स्टडी यूएलएसएटी आयोजित करती है। इस टेस्ट में पास होने के बाद बैचलर ऑफ लॉ, कॉरपोरेट लॉ, साइबर लॉ और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स में एलएलबी किया जा सकता है।

### कॉरपोरेट लॉयर

यह लीगल सर्विसेज का उभरता हुआ फील्ड है। कॉरपोरेट लॉयर्स की जरूरत कंपनीज के लीगल डिपार्टमेंट में होती है। यहां जूनियर कॉरपोरेट लॉयर के रूप में आपको कॉन्ट्रैक्ट्स की ड्रॉफ्टिंग, फाइल की तैयारी, मेमोरेंडम तैयार करना, सिक्योरिटी डिस्क्लोजर स्टेटमेंट्स तैयार करना होता है। इसके अलावा, लेबर इश्यू, एम्प्लॉयीज राइट्स, अमैल्गमेशन, स्प्लिट से रिलेटेड वर्क भी इन्हींके जिम्मे होता है। बड़े बिजनेस हाउसेज और गवर्नमेंट डिपार्टमेंट को भी कई जटिल कानूनी मामलों का सामना करना पड़ता है। इन्हें हल करने के लिए

कॉरपोरेट लॉयर्स की मांग बढ़ रही है। इनका कार्य कंपनी के संचालन में कानूनी नियमों का पालन सुनिश्चित करना, कंपनी से जुड़े मुकदमों की पैरवी आदि करना होता है। अगर संक्षेप में कहें, तो इनके कार्य को तीन हिस्सों में बांटा जा सकता है। पहला, बिजनेस से संबंधित लीगर इश्यू के बारे में सलाह देना। दूसरा, सभी कॉन्ट्रैक्ट्स और उससे संबंधित डॉक्यूमेंट्स की ड्रॉफ्टिंग। तीसरा, लॉ और रेगुलेशन का अनुपालन करना। हालांकि कॉरपोरेट लॉयर्स एक से अधिक एरिया में स्पेशलाइज्ड हो सकते हैं, जैसे- टैक्स लॉ, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट आदि।

### वर्क ऑप्शंस

आज कॉरपोरेट लॉयर्स की डिमांड बिजनेस हाउसेज के अलावा लॉ फर्म्स में भी खूब हैं। इसके अलावा, इनके लिए टीचिंग का ऑप्शन भी खुला रहता है। इस फील्ड से जुड़े प्रोफेशनल्स इंवेस्टमेंट बैंकिंग में भी करियर बना सकते हैं। कॉरपोरेट हाउसेज के अलावा, बड़ी अकाउंटिंग फर्म, जैसे- प्राइसवाटरहाउसकूपर्स और केपीएमजी में भी करियर की तलाश कर सकते हैं। साथ ही, कई बड़ी ग्लोबल लॉ फर्म भी भारत आने को तैयार है। यहां भी कॉरपोरेट लॉयर्स के लिए कार्य करने का अच्छा मौका हो सकता है। इन दिनों कॉरपोरेट लॉयर्स की डिमांड केवल भारत में ही नहीं, विदेश में भी जबरदस्त है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में कॉरपोरेट लॉयर्स की डिमांड इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि वहां की तुलना में भारतीय लीगल प्रोफेशनल्स की फीस कम होती है।

### सैलरी पैकेज

इस फील्ड में फ्रेशर्स 3-12 लाख रुपये सालाना सैलरी की उम्मीद कर सकते हैं। आप इससे ज्यादा सैलरी भी प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन यह आपके एजुकेशनल बैकग्राउंड और कंपनी पर भी डिपेंड करता है।

# अपनी आदतें सुधारिए



अक्सर यह देखा जाता है कि लोग अपनी आदतों के बारे में खुद कभी भी नहीं जान पाते हैं। यही वजह है कि जब किसी कम्पनी या फर्म में काम करते हैं तो अपनी इन्हीं आदतों के शिकार हो जाते हैं।

ये आदतें दिखती बड़ी सामान्य हैं लेकिन इसे लेकर शर्मिंदा होना पड़ता है। आइए ऐसी ही कुछ सामान्य बातों पर नजर डालते हैं जिनकी वजह से वरिष्ठजनों की बातें सुनने पर मजबूर होना पड़ता है-

काम के लिए पूरी तरह से तैयार न होना- अपनी मीटिंग के दौरान फाइल्स और अपनी जरूरी चीजों को साथ न लाना। यह काम के प्रति आपकी लापरवाही को दर्शाता है। साथ ही इससे आपके समय की बर्बादी भी होती है। इन आदतों में सुधार लाएँ और अपने काम को परफैक्ट बनाएँ।

**एक अच्छे टीम लीडर-** आप कम्पनी में टीम लीडर हैं और अगर आपके टीम के किसी सदस्य को मदद की आवश्यकता हो तो बेझिझक उनकी मदद करें। अगर आपके पास कोई बेहतर सुझाव हो तो उसे देने से न झिझकें।

**खुद पर विश्वास न होना-** जब बहुत जरूरत हो तभी अपने टीम के सदस्य से मदद लें। ऐसा नहीं कि अपनी हर छोटी-छोटी जरूरतों के लिए उन्हें बुलाएँ।

**तेज सुगंध वाली परफ्यूम-** बहुत बार ऐसा देखा जाता है कि लोग इतनी तेज सुगंध वाली परफ्यूम का इस्तेमाल करते हैं कि आस-पास के लोग परेशान हो जाते हैं। इसलिए काम करने के दौरान इस बात का भी खास ख्याल रखें।

ऑफिस में लंच के दौरान प्याज और अण्डे न खाएँ। जब भी धूम्रपान करें ऑफिस में घुसने से पहले यह देख लें कि उसकी गंध कहीं अभी भी तो नहीं आ रही। ऐसे परफ्यूम का इस्तेमाल करें जिसकी सुगंध 20 यार्ड से ज्यादा न फैले।

**फोन पर तेज बात करना-** जब आप आप ऑफिस में हों और आपका मोबाइल बजे तो ज्यादा जोर-जोर से बातें न करें इससे अन्य लोगों को परेशानी होती है। अपने निजी फोन कॉल पर कम ही बात करें। अपनी आवाज को धीमे रखें। ये याद रखें यह आपका ऑफिस है बेडरूम नहीं।

**जब आप बीमार हों-** अगर आप बीमार हैं तो घर पर ही रहें। अगर जाना बहुत जरूरी हो तो अपने मुँह पर कोई कपड़ा रखें ताकि आपके साथी उसकी चपेट में न जाएँ।

**हाथी की चाल-** काम करने के दौरान इधर-उधर न टहलें। इससे अन्य लोगों को असुविधा होती है। अगर आप अपने पास बैठे किसी साथी से बातें कर रहे हैं तो अपनी आवाज को थोड़ा कम कर लें।

**आपका मोबाइल-** अगर सम्भव हो तो अपने मोबाइल को ऑफिस के दौरान बन्द ही रखें। बार-बार आपके मोबाइल का बजना दूसरों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। या फिर अपने मोबाइल को साइलेंट मोड पर रखें।

**कम्प्यूटर की तेज आवाज-** काम के दौरान कोई यह नहीं चाहेगा कि आपके कम्प्यूटर की तेज आवाज उनके कानों में जाए इसलिए उसकी आवाज को कम ही रखें।

**जब मिले आत्मविश्वास से मिलें-** बहुत बार ऐसा देखा जाता है कि लोग जब अपने साथी से ऑफिस में मिलते उनके हाथ मिलाने में उत्साह और आत्मविश्वास की कमी होती है। जब भी दूसरों से बात करें आँखों में आँखें डालकर बात करें, इससे आपका आत्मविश्वास झलकता है।

# 50 तक की उम्र के मोटे लोगों को अग्नाशय कैंसर होने का खतरा ज्यादा



पचास की उम्र से पहले मोटापे से ग्रस्त होने से अग्नाशय (पैंक्रियाज) के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। एक शोध में यह दावा किया गया है।

अग्नाशय कैंसर के मामले अभी ज्यादा नहीं हैं। दुनियाभर में सिर्फ तीन फीसदी लोगों को आग्नाशय का कैंसर होता है। हालांकि, यह कैंसर जानलेवा होता है। इसमें व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना पांच साल होती है। इस कैंसर से पीड़ित सिर्फ 8.5 फीसदी लोग ही बच पाते हैं। अमेरिकन कैंसर सोसाइटी के वैज्ञानिक इरिक जे जैकोब्स ने कहा कि 2000 के बाद से आग्नाशय के कैंसर के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। यह कैंसर मुख्यतः धूम्रपान के कारण होता है। हम इसके मामलों में हो रही बढ़ोतरी से परेशान हैं, क्योंकि पिछले कुछ सालों में धूम्रपान के आंकड़ों में कमी आई है।



पुराने शोधों में कहा गया था कि अग्नाशय कैंसर और अधेड़ उम्र में बढ़ते वजन के बीच सीधा संबंध है, लेकिन, नए शोध के अनुसार ज्यादा उम्र की तुलना में कम उम्र में बढ़ते मोटापे के कारण भविष्य में अग्नाशय कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं की टीम ने 9 लाख से ज्यादा लोगों पर शोध किया। इनमें से कुछ लोग 30 साल के थे और कुछ लोग 70 से 80 की उम्र के बीच के थे।



- पानी में विटामिन बी3 डालकर पीने से आंखें स्वस्थ रहती हैं।
- ग्लॉकोम, यानी आंख की रोशनी कम होने की बीमारी भी नहीं लगती।
- आंखों की बेहतर हेल्थ के लिए यह सबसे सस्ता और सेफ ट्रीटमेंट है।

# आंख की रोशनी कम होने की बीमारी से बचने के ये हैं 5 उपाय

पानी में विटामिन बी3 डालने से आंख की रोशनी कम होने की बीमारी यानी ग्लॉकोम के रिस्क को कम किया जा सकता है। इससे आंखें स्वस्थ रहती हैं। एक्सपर्ट्स की मानें तो इसके ट्रीटमेंट के लिए आंखों में ड्रॉप्स डालना महंगा पड़ता है। वहीं, पानी में विटामिन बी3 डालकर पीना सेफ और सस्ता तरीका है। यह नतीजा, एक लैब में चूहों पर एक्सपेरिमेंट करने के बाद निकला है। बुजुर्गों के लिए हर रोज आंखों में दवाई डालना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में यह ट्रीटमेंट उनके लिए आसान है। पूरी दुनिया में करीब 80 मिलियन लोग ग्लॉकोम से पीड़ित हैं और आईड्राप्स पर निर्भर रहते हैं। यह बीमारी आंखों में एक्स्ट्रा प्रेशर के कारण होती है, क्योंकि इसमें नर्व्स डैमेज हो जाती हैं। फैमिली हिस्ट्री या डायबिटीज के कारण, ग्लॉकोम होने का रिस्क बढ़ जाता है, इसका ट्रीटमेंट आईड्रॉप्स हैं, जो सभी को सूट नहीं करते और कई केस में आंखों में जलन भी पैदा करते हैं। गंभीर केस में मरीज की सर्जरी या लेजर थेरेपी करनी पड़ती है।

## आंखों में प्रेशर को कम करने के नेचुरल तरीके

अपनी लाइफस्टाइल में कुछ ऐसे बदलाव करके जिनसे की आपका ब्लड प्रेशर कम हो, आंखों के प्रेशर को भी कम करता है। इस ट्रीटमेंट का कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

**1- अपने इंसुलिन लेवल को कम करें:** जैसे आपका इंसुलिन का स्तर बढ़ता है, यह आपके रक्तचाप का कारण बनता है, और इससे आपकी आंखों पर दबाव भी बढ़ता है। समय के साथ आपका शरीर इंसुलिन प्रतिरोधी बन जाता है। यह उन लोगों को ज्यादा होता है, जो डायबिटीज, मोटापा और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज हैं।

**2- नियमित रूप से व्यायाम करें:** इंसुलिन के स्तर को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है व्यायाम, जैसे- एरोबिक्स और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग। इससे इंसुलिन लेवल कंट्रोल में रहता है और आंखों की रोशनी भी बचाई जा सकती है।

**3- ओमेगा -3 फैट सप्लीमेंट:** इसे लेने से भी इस बीमारी को दूर रखा जा सकता है। डीएचए नामक ओमेगा -3 फैट आंखों के स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा है। यह आंखों की रोशनी नहीं जाने देता। डीएएच सहित ओमेगा -3 फैट, मछली में पाए जाते हैं, लेकिन एक्सपर्ट्स मछली न खाने की राय देते हैं। उनके मुताबिक इस फैटी एसिड का बेस्ट सोर्स है क्रिल ऑयल।

### ग्लॉकोम के लक्षण

- आंख में दर्द
- उल्टी
- लाल आंख
- अचानक से आंख की रोशनी कम होना

**4- ग्रीन वेजिटेबल्स खाएं:** ल्यूटिन और जेकैंथिन से आंखों की रोशनी बढ़ती है। ल्यूटिन हरी, पत्तेदार सब्जियों में विशेष रूप से बड़ी मात्रा में पाया जाता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट है और आंखों के सेल्स डैमेज होने से बचाता है।

**5- ट्रांस फैट से बचें:** ट्रांस फैट को भी अपनी डाइट में कम करें। इससे भी आंखों की रोशनी जाने का खतरा बढ़ सकता है। ट्रांस फैट पैकेज्ड फूड्स, बेक्ड फूड्स और फ्राइड फूड्स में पाया जाता है।

## रेसिपी



### पालक-मलाई कोफ्ता

- पालक: 500 ग्राम ■ पनीर: 200 ग्राम
- काजू: 10 ग्राम ■ पीली मिर्च पाउडर
- शाही जीरा ■ नमक ■ तेल ■ मेथी दाना
- प्याज ■ अदरक ■ लहसुन ■ जीरा पाउडर ■ लाल मिर्च पाउडर ■ धनिया पाउडर
- हल्दी पाउडर ■ दही ■ गरम मसाला
- मलाई

**विधि**

सबसे पहले 500 ग्राम पालक को पानी में उबाल लें। फिर इसे 2 मिनट तक ठंडे पानी में रहने दें। इसके बाद पालक को ब्लेंड करके प्यूरी बना लें। एक बाउल में कद्दूकस किया 200 ग्राम पनीर, 10 ग्राम कटे काजू, 2 टेबलस्पून पीली मिर्च पाउडर, 2 टेबलस्पून शाही जीरा एवं स्वाद के मुताबिक नमक डालकर मिक्स कीजिए। इस मिश्रण को आटे की तरह गूंधकर छोटी-छोटी लोइयां बना लें। एक पैन में 200 मिली तेल गर्म कर इन लोइयों को गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई कीजिए। इसके बाद इसे टिश्यु पेपर पर निकाल लें। अब पैन में 10 मिली तेल गर्म कर उसमें 5 ग्राम मेथी के दाने डालने के बाद 50 ग्राम प्याज डालकर भूरा होने तक भूनिए। अब इसमें 5 ग्राम अदरक और 5 ग्राम लहसुन डालकर कुछ वक्त पकाइए। अब इसमें जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और हल्दी पाउडर डालकर मिला लें। पालक की प्यूरी को मसाले में डालकर मिक्स कीजिए। फिर इसमें 20 मिली दही को फेंटकर डालिए। इब इसमें स्वाद के मुताबिक नमक मिक्स कीजिए। पालक प्यूरी को पकाने के बाद इसमें फ्राई किए हुए कोफ्ते डालकर कम आंच पर पकने दें। कुछ देर के बाद गैस को बंद कर दीजिए और इसे चपाती के साथ गर्मागर्म सर्व कीजिए।



### बथुए का साग

■ बथुआ: 500 ग्राम ■ टमाटर: दो (बारीक कटे हुए) ■ हरी प्याज: 100 ग्राम बारीक कटी हुई ■ हरी मिर्च: 2 बारीक कटी हुई ■ जीरा: ½ चम्मच, सरसों तेल: 2 बड़े चम्मच ■ सरसों तेल: 2 बड़े चम्मच ■ काली मिर्च पाउडर: ½ चम्मच ■ नमक स्वाद के अनुसार

**विधि**

बथुए के डंठल तोड़कर साफ कर लें और अच्छे से धोकर बारीक काट लें। हरी प्याज को भी धोकर बारीक काट लें। कढ़ाई को गर्म कर इसमें तेल डालें। गर्म होने के बाद इसमें जीरा और हरी मिर्च का तड़का लगाएं। अब बारीक कटी हुई प्याज डालकर भूनें और गोल्डन ब्राउन होने के बाद इसमें मटर, हरी प्याज भी डाल दें। 1-2 मिनट बाद काली मिर्च और स्वाद के अनुसार नमक डाल दें। अब इसमें बथुए का साग डालकर अच्छे से चलाएं और फिर इसे ढककर पकाएं। जब साग पूरी तरह से गल जाएं तो आंच धीमी कर दें और इसका पूरा पानी सुखा लें। तैयार है बथुए का साग, जिसे आप लंच या डिनर किसी में भी सर्व कर सकते हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से काम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेंगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

## लॉफिंग ज़ोन

एक ऐसी युवती थी, जिसका कभी किसी से कोई रोमांस नहीं हुआ था। एक दिन उसने रोमांटिक ख्वाब देखा- जब वह गार्डन में घूम रही थी, तभी एक सुंदर युवक ने साड़ी के पीछे छुपकर उससे लिपट गया। वह भागी लेकिन एक घने पेड़ की मधुर छाया में तरुण ने उसे पकड़ लिया।

तुम-तुम क्या करने जा रहे हो? वह हकबकाई।

शैतानी से मुस्कराकर युवक बोला- तुम बताओ। यह तुम्हारा सपना है।

▯ ▯ ▯

अखबार पढ़ते प्रेमी को प्रेमिका ने पीछे से जोरदार घूँसा मारा। इस पर प्रेमी ने कहा -क्या हुआ, प्रिया?

प्रेमिका- तुम्हारी शर्ट की जेब में एक कागज मिला था जिस पर मेरी (लड़की का नाम) लिखा हुआ था।

प्रेमी- अरे नहीं प्रिये, तुम्हें याद है पिछले सप्ताह मैं ट्रेकिंग पर गया था। मैंने घोड़े की सवारी की थी। मेरी उसी घोड़े का नाम है।


अगले दिन प्रेमिका ने फिर जोरदार घूँसा मारा।

प्रेमी- अब क्या हुआ प्रिये?

प्रेमिका - तुम्हारे घोड़े का फोन आया था।


▯ ▯ ▯

## काकुरो पहेली - 4044




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 4043 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4044



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल ने ये कहा हैदिल से' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-४
४. देवआनंद, जैकी, गोविंदा, रेखा की 'इस तरह देखो ना' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ना कजरे की धार' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-३
१०. अनिल, माधुरी दीक्षित की 'आँखों के आगे पीछे' गीत वाली फिल्म-५
१३. 'आदमी मुसाफिर है' गीत वाली संजीव कुमार, सुलक्षणा की फिल्म-५
१४. अतिन भल्ला, संदली की 'साँवली सी इक लड़की' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'हुन हुना रे हुन हुना' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१९. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
२०. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्सी' की नायिका कौन है-२
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, रंजीता, पद्मिनी की फिल्म-२
२२. ऋषिकपूर, पद्मिनी की 'मेरी किस्मत में तू नहीं' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'मेरी शादी का खयाल' गीत वाली राजेश खन्ना, टीना की फिल्म-३
२६. विवेक, दीया मिर्जा की बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'जब चाहा जजबात से खेले' गीत वाली चंदनदास का गजल एलबम-२
२८. मिथुन, रंभा की 'पीलो इश्क दी विस्की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सच कहते हैं हं' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-४
३०. फिल्म 'राजा जानी' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
२. 'मोहब्बत हुई हुई' गीत वाली फिल्म-२
३. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
५. 'ऐ जिंदगी गले लगा' गीत वाली फिल्म-३
७. दीनो मारिया, बिपाशा बसु की फिल्म-२
८. विवेक ओबेराय, अंतरा की 'खल्लास बचके तू रहना रे' गीत वाली फिल्म-३
९. 'करवटें बदलते' गीत वाली संजीव, राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२,१,३
११. 'लंबूजी लंबूजी' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. फिल्म 'सब से बड़ा खिलाड़ी' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
१६. शत्रुघ्न, हेमा, मिथन की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं तो हर मोड़ पर' गीत वाली अनिल धवन, रेहाना सुलतान की फिल्म-३
२१. राजेश, शर्मिला, राखी की 'मेरे दिल में आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'ओ मेरी चूड़ियाँ बजी' गीत वाली संजयकपूर, तब्बू की फिल्म-२
२३. फिल्म 'बरसात की रात' के संगीतकार कौन थे-३
२४. विनोद खन्ना, योगिता बाली की फिल्म-२
२५. फिल्म 'बागी' में सलमान खान के साथ नायिका कौन थी-३
२६. उमादेवी का गाया गीत 'अफसाना लिख रही हूँ' किस फिल्म का है-२
२७. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री पूजा भट्ट की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-4043



## सूडोकु 4044


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4043 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली 4044




**बाएँ से दाएँ**

1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

शब्द पहेली4043। का हल



## मप्र के शिवपुरी में तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र सहित चार की मौत

**एजेंसी**

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में रन्नौद थाना क्षेत्र अंतर्गत माढ़ा गणेशखेड़ा गांव में पेट्रोल पंप के सामने एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र सहित परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो मासूम बच्चियां भी शामिल हैं। घटना के बाद कार सवार वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और कार को जब्त कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, रन्नौद निवासी संजय राजपूत की कार ने खरैह की तरफ से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार किशनलाल आदिवासी (57), पुत्र बंटी उर्फ सियानंद आदिवासी (30), पूनम पुत्र सियानंद आदिवासी (6), सलोनी पुत्र सियानंद आदिवासी (4) सभी निवासी खोराना की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भयावह था कि टक्कर लगते ही चारों लोग सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में दो बच्चियों के अलावा एक बुजुर्ग और एक युवक शामिल है। चारों एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार इको कार ने टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही रन्नौद थाना प्रभारी अरविंद चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतकों के शवों को तुरंत हटवाकर बदरवास के अस्पताल भिजवाया।

## बीकेटीसी के अध्यक्ष बने हेमन्त द्विवेदी, दो उपाध्यक्ष नियुक्त

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर बदरीनाथ केदारनाथ मन्दिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमन्त द्विवेदी के अलावा इस बार दो उपाध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि इन दायित्वों के माध्यम से मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी पदाधिकारीगण अपने अनुभव, समर्पण और दूरदृष्टि से समिति के कार्यों को नई गति और दिशा प्रदान करेंगे। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के कार्यक्षेत्र में विस्तार, तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चारधाम यात्रा के बेहतर प्रबंधन और समिति के कार्यों का कुशल संचालन और बेहतर समन्वय के लिए एक से अधिक उपाध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं। हेमन्त द्विवेदी, जनपद पौड़ी गढ़वाल को बीकेटीसी का अध्यक्ष और ऋषि प्रसाद सती, जनपद चमोली और विजय कपरवाण, जनपद रूद्रप्रयाग को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पौडी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों से स्थानीय जनप्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। इससे निर्णय प्रक्रिया तेज़ होगी और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो उपाध्यक्षों की नियुक्ति का निर्णय तीर्थ क्षेत्रों के व्यापक संचालन, बेहतर समन्वय और यात्रियों को अधिक सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुझे आशा है कि यह नई टीम भगवान बद्री-केदार के दिव्य धामों के प्रबंधन को और अधिक सशक्त और पारदर्शी बनाएगी। सरकार की ओर से हर संभव सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

## मप्र के बैतूल जिले में महसूस किए गए भूकंप के झटके, घरों से बाहर निकले लोग

**बैतूल।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के मुलताई नगर में शनिवार की रात 9.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोगों ने पंखे और फर्नीचर को हिलते देखा। इसके बाद वे घबराकर घरों से बाहर निकलकर आ गए। अब तक किसी जनहानि या संपत्ति के नुकसान की खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, इस भूकंप की 2.8 तीव्रता मापी गई है। इसका केन्द्र पांच किमी गहराई तक इसका प्रभाव देखा गया। मुलताई नगर के इंदिरा गांधी वार्ड के निवासी गोपाल अग्रवाल ने बताया कि झटके इतने तेज थे कि पूरा कमरा हिलता महसूस हुआ। पटेल वार्ड में कुलदीप पहाड ने कहा कि पंखा अपने आप हिलने लगा। उन्होंने जमीन में भी कंपन महसूस किया। सुभाष वार्ड, राजीव गांधी वार्ड और विवेकानंद वार्ड से भी भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। सोशल मीडिया पर भी कई लोगों ने अपने अनुभव साझा किए हैं।

## पंजाब ने बीबीएमबी की बैठक का किया बहिष्कार

**चंडीगढ़।** पंजाब- हरियाणा के बीच चल रहे जल विवाद को लेकर देर शाम भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड (बीबीएमबी) की बैठक में पंजाब सरकार को कहा गया है कि भाखड़ा डैम पर लगाई गई पुलिस को तुरंत वापस बुलाएं। इस बैठक का पंजाब की तरफ से बहिष्कार किया गया। पंजाब ने इस बैठक को पूरी तरह से असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि इसमें पहले की तरह एक तरफा फैसला लिया जाएगा। पंजाब सोमवार को होने वाले विधानसभा सत्र में अपना रुख स्पष्ट करेगा। जल विवाद को लेकर चल रही दो राज्यों की खींचतान के बीच बीबीएमबी की उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें यह भी फैसला लिया गया है कि बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी पंजाब सरकार से इस विषय पर बातचीत करेंगे। बैठक में यह तय किया गया कि बीबीएमबी के अध्यक्ष व अन्य प्रतिनिधि पंजाब को जल्द से जल्द हरियाणा को पानी जारी करने के लिए कहेंगे और पंजाब को यह आश्वासन दिया जाएगा कि अगर पंजाब को अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ती है तो उसे बीबीएमबी द्वारा पूरा किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चहूंओर फैल रही है सम्पूर्ण विकास की बयार : शिवराज सिंह

**एजेंसी**

**भोपाल।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण विकास की बयार चहूंओर फैल रही है। हर गांव का विकास हो, ग्रामवासियों की जिंदगी में बदलाव आए, गांव की जरूरतें शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य की पूर्व से बेहतर सुविधाएं सुगमता से मिलें, किसानों को सिंचाई के संसाधनों में ऐसी वृद्धि हो कि ग्रीष्मकाल में भी सिंचाई कर किसान फसल ले सकें। ग्रामीण क्षेत्रों का इसके लिए सर्वांगीण विकास हो, इसके लिए सरकार निरंतर काम कर रही है। केन्द्रीय मंत्री चौहान विदिशा जिले में ग्यारसपुर एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वृहद सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में हितग्राहियों को हितलाभ स्वीकृति आशय के पत्र प्रदाय कर लाभान्वित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा कन्या पूजन व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल



विशेष रूप से मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि पीएम आवास स्वीकृति के लिए विशेष पहल की गई है। हर गांव सड़क से जुड़े, इसके लिए पीएम आवास योजना का चतुर्थ चरण सर्वे कार्य जारी है। इसका उद्देश्य है कि हर गांव डामरीकृत सड़क से जुड़े। गांव में भी शहरों की तर्ज पर वे तमाम सुविधाएं मिलें। पीएम आवास से वंचितों को लाभ मिल सके, इसके लिए मापदण्डों में परिवर्तन किया गया है। नवीन प्रावधानों के तहत सर्वे कार्य 15 फरवरी तक क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे से कोई वंचित ना रहे, ताकि विदिशा जिले का एक भी नागरिक आवास की पात्रता रखता हो और इसका लाभ ना ले पाए। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने प्रदेश में लाड़ली बहनाओं के जीवन परिवर्तन लाने के लिए किए गए अभिनव प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि हर महिला लखपति दीदी बने, इसके लिए उन्होंने स्व सहायता समूहों के उत्पादों के विक्रय के लिए बाजार की उपलब्धता कराई गई है। विदिशा जिले में सिंचाई के लिए हर स्तर पर प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जो नवीन प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं उन पर शीघ्र कार्य किया जाएगा।

चौहान ने कहा कि विदिशा जिले में 29 मई से कृषि वैज्ञानिकों की चार-चार टीमें पंद्रह दिनों तक भ्रमण करेंगी। एक दिन में तीन जगह रूककर किसानों को नवीन तकनीकियों की जानकारी देकर उनका उपयोग करने की सलाह देंगी। वैज्ञानिकों की इस टीम के साथ कृषि व ग्रामीण विकास का अमला भी साथ में रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी में वृद्धि हो, इसके लिए कृषि के साथ-साथ अन्य घटकों की ओर भी बढ़ना होगा। वैज्ञानिक टीम के लिए जिला प्रशासन सहयोग करेगा, वैज्ञानिक सलाह देंगे और किसान भाई बताए गए मार्गों सुझाव पर मेहनत कर जिले की कृषि अर्थव्यवस्था में बढ़ोत्तरी लाने के लिए सफल प्रयास करेंगे।

## केदारनाथ धाम में भक्तों की भीड़, दो दिन में 55 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे



**एजेंसी**

**देहरादून।** द्वादश ज्योर्तिलिंग में एक ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। बर्फली चट्टानों के मध्यम स्थित केदानाथ के कपाट खुलने के बाद से अब तक 55,374 श्रद्धालु बाबा का पूजन कर चुके हैं। शुक्रवार को धाम के कपाट खुले और अब तक दर्शन करने वाले पुरुषों की संख्या 15829, महिला 9129, बच्चे 262 यानि आज कुल 25,220 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। कुल श्रद्धालुओं की संख्या 55,374 हो चुकी है। बता दें कि अभी 30 अप्रैल को यमुनोत्री-गंगोत्री के कपाट खुलने के बाद 2 अप्रैल को केदारनाथ और 4 मई को भू-बैकुंठ बदरीनाथ के कपाट खुलने है। शुरूआत में ही यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी नजर आ रही है। कुल मिलाकर इस बार यात्रा पिछले सालों का रिकार्ड तोड़ने वाली है।

## ज्योतिर्मठ को आपदा से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने 292.15 किए मंजूर

**एजेंसी**

**देहरादून।** भगवान श्री बदरी-विशाल के कपाट खुलने की पूर्व संध्या पर केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात दी है। केन्द्र सरकार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर ज्योतिर्मठ को आपदा से सुरक्षित करने के लिए 291.15 करोड़ की धनराशि मंजूर की है। मुख्यमंत्री ने ज्योतिर्मठ के पुनर्निर्माण गतिविधियों के लिए धनराशि की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योतिर्मठ के सुनियोजित विकास और सुरक्षित दीर्घकालिक कार्यों के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। ज्योतिर्मठ की देवतुल्य जनता व क्षेत्र के विकास के लिए भविष्य में हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से न केवल ज्योतिर्मठ के आपदा प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित किया जा सकेगा, अपितु स्थानीय निवासियों एवं देश-विदेश से भगवान बद्रीविशाल के



दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षित विश्राम के लिए स्थल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही भगवान बद्रीविशाल के शीतकालीन प्रवास के लिए नरसिंह मंदिर के आस-पास के निवासियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि 2 जनवरी, 2023 को ज्योतिर्मठ के कई घरों और अवसंरचनाओं में भू-धंसाव के कारण बड़ी दरारें दिखाई देने लगी थी। ज्योतिर्मठ नगर में स्थित संरचनाओं में से लगभग 22 प्रतिशत संरचनाएं इससे प्रभावित हुई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तुरंत इस संबंध में शासन के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की जानकारी ली और मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण किया।

## कर्नाटक में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता सुहास शेट्टी हत्याकांड में अबतक 8 गिरफ्तार

**एजेंसी**

**मैंगलोर।** कर्नाटक में हलचल मचा देने वाले मैंगलोर के हिंदू संगठन के कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या मामले में मैंगलोर पुलिस कमिश्नर ने अहम बयान दिया है। गृह मंत्री परमेश्वर के साथ बैठक के बाद पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने कहा कि घटना के सिलसिले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें से दो हिंदू हैं। सुहास शेट्टी की हत्या का वीभत्स दृश्य सीसीटीवी और स्थानीय मोबाइल कैमरों में कैद हो गया। मैंगलोर पुलिस ने इन्हीं वीडियो के आधार पर आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस को पता चला कि आरोपित दक्षिण कन्नड़ जिले में छिपे हुए हैं, पुलिस ने यहां से 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब्दुल सफान, नियाज, मोहम्मद मुजामिल, कलंदर शफी, मोहम्मद रिजवान, रंजीत और नागराज को गिरफ्तार किया गया है। आशंका है कि सुहास की हत्या में 9 लोग शामिल थे। जांच के दौरान पता चला कि फैजल का भाई आदिल, जिसे पहले सुहासा शेट्टी के गिरोह ने मार डाला था, पहले उसने खुद को सुहासा शेट्टी गिरोह का सदस्य बताया था और सुहासा की हत्या की साजिश रची थी। यह खुलासा हुआ है कि आदिल ने अपने बड़े भाई की हत्या का बदला लेने के लिए सुहास की हत्या के लिए हिंदू युवकों का इस्तेमाल किया था। इस संबंध में मंगलुरु में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करने वाले गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने पूरी जानकारी प्राप्त करने के



बाद मीडिया को से कहा कि आरोपितों के खिलाफ कानूनी दायरे में सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस हत्याकांड ने राज्य में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप को जन्म दिया है तथा इसने एक नया मोड़ ले लिया है।

## छत्तीसगढ़ में 26 जिलों में मौसम को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी, अलग-अलग हादसों में 3 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**रायपुर।** रायपुर समेत कई जिलों में बादल गरज-चमक के साथ तेज आंधी के साथ अलग-अलग जगहों पर जमकर बारिश हुई। राजधानी रायपुर समेत कई शहरों में दोपहर बाद एक बार फिर आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई । दिनभर धूप के बाद दोपहर 3 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला। दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर संभाग के जिलों में तेज बारिश और अधड़ से दोपहर तीन बजे अंधेरा छा गया। वहीं बारिश एवं बिजली गिरने से अलग-अलग हुए हादसों में तीन लोगों के मौत की खबर है। मौसम विभाग ने राज्य के 26 जिलों में तेज आंधी, तूफान और ओलावृष्टि को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जशपुर के नारायणपुर थाने के महुआटोली इलाके में आंधी-तूफान के कारण एक पेड़ चलती कार में



गिरने से एक कार चालक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिलासपुर जिले में तेज आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश हुई। इस दौरान रतनपुर क्षेत्र में आंधी-तूफान से बचने के लिए दो लड़के आम के पेड़ के नीचे खड़े थे। दोनों आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इसमें से इलाज के दौरान 16 वर्षीय योगेश यादव की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, योगेश रतनपुर क्षेत्र के भरहीडीह का रहने वाला था। एक अन्य छात्र 14 वर्षीय कुलदीप साहू का इलाज जारी है। घायल बेलपान हरदी का रहने वाला है। कुलदीप गर्मी की छुट्टी में बुआ के यहां घूमने आया था। घायल कुलदीप को उपचार के लिए सामुदायिक स्वस्थ केंद्र रतनपुर में भर्ती कराया गया है। महासमुंद जिले के पिथौरा में बेहद तेज हवा चली, बताया जा रहा कि 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली, जिससे बड़े-बड़े शेड और पेड़ धराशायी हो गए। पिथौरा नगर के बीचों-बीच बार चौक के पास एक बड़ा पेड़ गिर गया। इस हादसे में दो राहगीर बाल-बाल बच गए।

## केदारनाथ यात्रा के लिए जून माह की 07 मई से बुकिंग

**एजेंसी**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा में उड़ान भरकर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए खुशखबरी है। वे हेली सेवा से धाम के लिए जून माह की बुकिंग करवा सकते हैं। इसके लिए वे सात मई से भारतीय रेलवे कैटरिंग एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की आधिकारिक वेबसाइट पर बुकिंग कर सकते हैं। जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने कहा कि किसी भी अन्य वेबसाइट, सोशल मीडिया पेज (जैसे फेसबुक या इंस्टाग्राम), या व्हाट्सएप चैटिंग लिंक के माध्यम से की जाने वाली बुकिंग न केवल अमान्य है, बल्कि ऐसे प्रयासों से साइबर ठगी की संभावनाएं अत्यधिक बढ़ जाती हैं। पुलिस विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को आगाह किया जा रहा है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट का ही उपयोग करें और किसी भी अन्य माध्यम से टिकट खरीदने से बचें। यदि कोई व्यक्ति किसी फर्जी लिंक या अनाधिकृत एजेंट के चक्कर में पड़ता है, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिसमें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ यात्रा से वंचित रह जाने की स्थिति भी बन सकती है। उन्होंने बताया कि हेली टिकट नहीं मिली तो भी निराश होने की जरूरत नहीं हैं। ऐसे श्रद्धालु जिनकी हेली टिकट अभी तक बुक नहीं हो पाई है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए अब भी अन्य पारंपरिक और सुगम विकल्प उपलब्ध हैं। श्रद्धालु पैदल मार्ग, घोड़े-खच्चर, पालकी अथवा डंडी-कंडी के माध्यम से भी यात्रा कर सकते हैं। ये सभी सेवाएं स्थानीय प्रशासन की देखरेख में व्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही हैं।

# मथुरा में भीषण हादसा, टैम्पो चालक सहित चार तीर्थयात्रियों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**एजेंसी**

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत रामताल नगला की रोप पर स्थित कृष्णा कुटीर के पास भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयानक था कि घटनास्थल पर लाशें बिखर गईं और चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। मरने वालों में तीन तीर्थयात्री हैं, जबकि चौथा टैम्पो चालक है। अभी शिनाख्त के लिए प्रशासन और पुलिस पता लगाने में जुटी है कि ये तीर्थयात्री मथुरा में कहां रह रहे थे? सभी तीर्थयात्री कृष्ण जन्मस्थान से टैम्पो बुक कर वृन्दावन दर्शन करने के लिये जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ। इस दुखद हादसे का मुख्यमंत्री योगी ने संज्ञान लेते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति



संवेदना व्यक्त की है। थाना जैत क्षेत्र के छटीकरा देवी-आटस मार्ग पर कृष्णा कुटीर के पास शनिवार दोपहर तेज रफ्तार थार गाड़ी और सवारी टेंपो की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो संख्या यूपी 85 एटी 2864 के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर संख्या आरजे 11 जीबी 6429 ने सड़क पर गिरे घायलों को बेरहमी से कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद घटनास्थल पर दहशत और मातम का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जबकि घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करायी। पुलिस का कहना है कि मृतकों की पहचान कराई जा रही है और डंपर चालक की तलाश जारी है। मृतकों में से सिर्फ टैम्पो चालक साबिर (22) पुत्र शहीद निवासी जयसिंहपुरा खादर की पहचान हो सकी है। अन्य तीनों की पहचान में पुलिस-प्रशासन जुटा हुआ है। वहीं गंभीर रूप से घायल तीर्थयात्री को उपचार के लिये प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## भाखड़ा जल विवादः पंजाब के खिलाफ एकजुट हुए हरियाणा के राजनीतिक दल, सीएम को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा के बीच पानी के मुद्दे पर चल रहे विवाद ने हरियाणा के राजनीतिक दलों को एक साथ लाकर खड़ा कर दिया है। तमाम दलों के नेता एक स्वर में पंजाब सरकार की आलोचना कर रहे हैं। भाखड़ा से हरियाणा के पानी की आपूर्ति कम किए जाने पर नेताओं ने एकजुटता दिखाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी से इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की और हर तरह से सहयोग देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने संवैधानिक व कूटनीतिक मंच पर लड़ाई लड़ने का ऐलान है। चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में भाखड़ा जल विवाद पर सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, जननायक जनता पार्टी की तरफ से पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, भाजपा



प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता के अलावा कई अन्य दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री हरियाणा का पानी रोक कर संविधान की शपथ लेने के बावजूद असंवैधानिक काम कर रहे हैं। हरियाणा की इस सर्वदलीय बैठक में यह फैसला लिया गया है कि बीबीएमबी बोर्ड की बैठक में होने वाले फैसले और पंजाब सरकार द्वारा सोमवार को बुलाए गए विधानसभा सत्र में लिए जाने वाले फैसले का इंतजार किया जाएगा। हरियाणा के नेताओं को उम्मीद है कि पंजाब के राजनीतिक दल विधानसभा को एकतरफा प्रस्ताव पारित करने का मंच नहीं बनाएंगे। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पंजाब ने जो कार्यवाही की है वह गलत है। बीबीएमबी में हरियाणा का स्थाई सदस्य नहीं है।

पहले भाखड़ा डैम सर्कल में एससी का पद हरियाणा के पास होता था जो अब समाप्त हो चुका है। बीबीएमबी में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कम हो रहा है। हरियाणा सरकार केंद्र पर दबाव बनाकर बीबीएमबी में हरियाणा के पदों की बहाली करवाए। पानी के विवाद पर कभी झगड़ा न हो इसके लिए एसवाईएल के निर्माण को भी लड़ाई तेज करने की जरूरत है।

## चेन्नई में भाजपा केंद्रीय कमेटी की बैठक, चुनावी गठबंधन पर चर्चा

**एजेंसी**

**चेन्नई।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक हुई। जिसमें 2026 के चुनावी गठबंधन पर अहम चर्चा हुई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा दो दिवसीय दौरे पर कल चेन्नई पहुंचे। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तमिलिसाई सुंदरराजन भी थे।आज सुबह कट्टानकुलथुर के निजी होटल में नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा केंद्रीय समिति की बैठक हुई। नैनार नागेंद्रन, तमिलनाडु भाजपा प्रभारी सुधाकर रेड्डी, वरिष्ठ भाजपा नेता पोन, राधाकृष्णन, तमिलिसाई सौंदर्यराजन, वनथी श्रीनिवासन, एच. राजा, रामलिंगम, एस.आर. शेखर, भाजपा के राज्य संगठन सचिव केशव विनयगम सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए।

बताया जा रहा है कि बैठक में 2026 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों, बूथ समिति और पार्टी ढांचे को मजबूत करने और अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि गठबंधन में किन दलों को शामिल किया जाना चाहिए। नड्डा ने आज भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और तमिलनाडु में बूथ समितियों को मजबूत करने के साथ चुनाव के लिए गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ समन्वय पर चर्चा की।

## बिहार में मुस्लिम समाज ने वक्फ कानून के विरोध में निकाली रैली

**एजेंसी**

**पटना।** राजधानी पटना सहित बिहार के सभी जिलों में आज मुस्लिम समाज के लोगों ने रैली निकालकर वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया। इस मौके पर आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने किशनगंज जिले के बहादुरगंज में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ कानून को मुसलमान समुदाय नहीं मानेगा। ओवैसी ने कहा कि देशभर के मंदिर कमिटियों में जिस तरह से एक भी मुसलमान नहीं है, उसी तरह तैयार कर एक समुदाय का हक को छीनने का प्रयास किया है। आगामी



वक्फ की कमेटियों में भी गैर मुस्लिम नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार ने इस कानून को जैसे तैसे विधानसभा चुनाव में वक्फ संशोधन कानून का समर्थन करने वाले को सबक सिखाएं। इस दौरान पहलगाम में आतंकी हमला में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लि?ए एक मिनट का मौन रखा गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आतंक पोषित पाकिस्तान को सबक सिखाए और आतंक को समाप्त करने का काम करें। अररिया जीरो माइल स्थित मिल्लिया कॉलेज परिसर में सभा हुई। इस दौरान विभिन्न मुस्लिम संगठनों के उलेमाओं के अलावा पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, अररिया के पूर्व सांसद सरफराज आलम, जोकीहाट विधायक शाहनवाज आलम, पूर्व विधायक जाकिर अनवर सहित अलग-अलग राजनीतिक दलों के सैकड़ों नेता और हजारों लोग शामिल हुए। वक्फ कानून को वापस लेने की मांग को लेकर हजारों की संख्या में लोग जीरोमाइल के मिल्लिया कॉलेज से सुभाष स्टेडियम पहुंचे जहां सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मधेपुरा में भी इस कानून को लेकर एक बड़ा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अचानक मंच टूट गया, जिससे बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रो. चंद्रशेखर सहित कई नेता घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# पंचतत्वों पर आधारित खानपान रखे स्वस्थ



पंचतत्व अर्थात् पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। हमें अपने खानपान में प्रतिदिन इन पांचों तत्वों का भी सेवन करना चाहिए। ऐसा होने पर हम अधिकाधिक स्वस्थ व सक्रिय रह सकेंगे।

**वायु** – सांस के माध्यम से हर प्राणी वायु ग्रहण करता है। बाकी तत्वों को कुछ समय या कुछ दिन के लिए छोड़ा जा सकता है, पर वायु को नहीं। जो लोग अनशन या उपवास करते हैं, वे भी अन्न, फल, सब्जी या जल आदि छोड़ देते हैं, पर वायुसेवन नहीं। एक समय आहार लेने वाले संन्यासी भी वायुसेवन तो प्रतिक्षण करते ही हैं। अर्थात् पंचतत्व में से वायु प्राणियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

यह वायु व्यक्ति को शुद्ध एवं प्राकृतिक रूप में पर्याप्त मात्रा में मिले, यह भी आवश्यक है। जो लोग बड़े शहरों में या उद्योगों के पास रहते हैं, उन्हें शुद्ध वायु नहीं मिल पाती। इसीलिए इन दिनों नये-नये रोग लगातार बढ़ रहे हैं। अब तो बड़े नगरों में शुद्ध ऑक्सीजन के बूथ खुलने लगे हैं, जहां पैसे देकर व्यक्ति दस-पन्द्रह मिनट शुद्ध प्राणवायु ले सकता है। जैसे आजकल हर व्यक्ति अपने साथ साफ पानी की बोतल रखने लगा है, लगता है कुछ समय बाद लोग प्राणवायु के छोटे सिलेंडर भी साथ लेकर चला करेंगे। ताजी और शुद्ध प्राणवायु प्राप्त करने की निःशुल्क विधि प्रातःकालीन भ्रमण है। सूर्योदय होने पर पेड़ों द्वारा रात में उत्सर्जित कार्बन डायआक्साइड वायुमंडल में चली जाती है। ऐसे शीतल और शांत वातावरण में अकेले या सपरिवार घूमना शुद्ध वायु ग्रहण करने का सबसे सरल उपाय है।

केवल घूमना ही नहीं, तो इस समय कुछ आसन, व्यायाम और प्राणायाम करना भी बहुत लाभदायक है। सुबह की ही तरह शाम का भ्रमण भी बहुत लाभकारी है। इन दोनों समय पर दिन और रात का मिलन होता है। इसके सदुपयोग से हम अपने शरीर तथा मन को स्वस्थ रख सकते हैं। बच्चों और युवाओं को तो शाम के समय पढ़ने की बजाय खेलना ही चाहिए।

चाहे कोई स्वयं वाहन न चलाता हो, पर प्रदूषित वायु सेवन करना तो उसकी भी मजबूरी ही है। इसलिए जहां सार्वजनिक यातायात व्यवस्था का बहुत अच्छा होना जरूरी है, वहां दस-बीस कदम जाने के लिए वाहन निकालने की आदत भी छोड़नी होगी। पेड़ों को कटने से बचाकर तथा परिवार के हर सदस्य के नाम पर एक पेड़ लगाकर हम प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग दे सकते हैं।

**जल**– वायु की ही तरह जल भी व्यक्ति की प्राथमिक आवश्यकता है। किसी समय बहता पानी निर्मला कहकर नदियों का जल सर्वाधिक शुद्ध माना जाता था, पर अब नगरों के सीवर, कारखानों के अपशिष्ट, समय-समय उसमें विसर्जित की जाने वाली रासायनिक रंगों से पुती मूर्तियों तथा अन्य कूड़े करकट के कारण नदियां आचमन योग्य भी नहीं रह गयी हैं। अब तो सब जगह कुछ घंटों के लिए सरकारी पानी मिलता है। वह कितना शुद्ध होता है, कहना कठिन है। पानी साफ और भरपूर मिले, इसके लिए निजी बोरिंग कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिनके लिए यह संभव नहीं है, उन्होंने भी घरों में फिल्टर लगा लिये हैं। इनसे एक लीटर पानी साफ होने के चक्कर में चार लीटर पानी नाली में बह जाता है। शहरीकरण का अर्थ ही है, बिजली और पानी का अत्यधिक प्रयोग। अतः जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

विद्वानों का मत है कि अगला विश्व युद्ध जल के कारण होगा। इसका सत्य तो भविष्य बताएगा पर नलों पर हर दिन डिब्बे और कनस्तर लिये लोगों को झगड़ते हुए कोई भी देख सकता है। मंगल आदि ग्रहों पर जाने वाले यान भी वहां सबसे पहले पानी की ही तलाश कर रहे हैं। इसके बाद भी लोगों का ध्यान इस ओर नहीं है। जो कार दो बाल्टी पानी में धोई जा सकती है, उसे दो हजार लीटर साफ पानी से धोते हुए लोग प्रायः मिल जाते हैं। हम वर्षा जल का संरक्षण कर तथा पानी को व्यर्थ न जाने देकर भी इस दिशा में अपना व्यक्तिगत सहयोग दे सकते हैं। हम साफ पानी पिएं, यह तो आवश्यक है ही पर कितना पिएं, इस बारे में अलग-अलग मत हैं। फिर भी एक व्यस्क व्यक्ति को दिन भर में आठ-दस गिलास पानी तो पीना ही चाहिए। सुबह उठकर कुल्ला-मंजन के बाद तांबे के साफ पात्र में रखा पानी भरपेट पीना बहुत लाभ देता है। तांबा जल की अधिकांश अशुद्धियां दूर कर देता है। सर्दियों में पानी को गुनगुना कर लें, तो और अच्छा रहेगा।

**आकाश**– आकाश की पहचान खालीपन या शून्यता है। घटाकाश और मठाकाश जैसी कल्पनाएं इसी में से आई हैं। आकाश में कोई भी चीज फेकें, खाली होने के कारण वह मना नहीं करता। वायु और अंतरिक्ष यान इसीलिए आकाश में निर्द्वन्द उड़ते हैं। किसी पात्र के खाली होने का अर्थ है कि उसमें आकाश तत्व विद्यमान है पर जब उसमें कोई वस्तु डालते हैं, तो वह हट जाता है। ऐसी शून्यता हम अपने पेट को बिल्कुल खाली रखकर प्राप्त कर सकते हैं। अतः प्रातः शौचादि से निवृत होने के बाद लगभग दो घंटे तक पेट को अवकाश दें। इससे जहां भोजन पचाने वाली इंद्रियों को आराम तथा अपनी टूट-फूट ठीक करने का समय मिलेगा, वहां हमें आकाश तत्व भी प्राप्त होगा। व्रत और उपवास आकाश तत्व की प्राप्ति का अवसर कुछ अधिक समय तक प्रदान करते हैं। इनका भरपूर उपयोग करना चाहिए पर इस नाम पर दिन में कई बार पेट में गरिष्ठ चीजें ठूंसते रहना शुद्ध पाखंड है।

**पृथ्वी**– पृथ्वी हमें अन्न, दाल और सब्जियां आदि देती है। अतः इनके सेवन से हमें पृथ्वी तत्व की प्राप्ति होती है पर इन्हें कच्चा नहीं खा सकते। इन्हें आग पर पकाकर तथा आवश्यकतानुसार कुछ अन्य मिर्च-मसाले डालकर प्रयोग किया जाता है। इनका सेवन कितना और कितनी बार करें, इसका कोई मापदंड नहीं है। शारीरिक परिश्रम करने वाले किसान या मजदूर तथा कार्यालय में बैठकर काम करने वाले की आवश्यकता अलग-अलग होगी। उन्हें उसी अनुसार इनका सेवन करना चाहिए। ऐसा न होने पर जहां एक ओर तोंद वाले, तो दूसरी ओर दुबले-पतले लोग सर्वत्र घूमते मिलते हैं।

**अग्नि**–
अग्नि का स्रोत सूर्य है। सर्दियों में तो सीधे धूप में लेटना या बैठकर काम करना अच्छा लगता है। गर्मियों में भी अपने काम के सिलसिले में घूमते-फिरते धूप लगती रहती है। इससे अग्नि तत्व अपने आप ही मिल जाता है। जो लोग दिन भर वातानुकूलित वातावरण अर्थात् एसी वाले घर, कार्यालय और कार में रहते हैं, उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसलिए थोड़े से परिश्रम या मौसम बदलने मात्र से ही ये लोग बीमार होकर बिस्तर पकड़ लेते हैं। भीषण गर्मियों में जहां लू से बचना आवश्यक है, वहां धूप से डरना भी अनुचित है।

जहां तक खानपान की बात है, तो सूर्य की ऊर्जा से पके हुए फल और सलाद आदि के सेवन से अग्नि तत्व भरपूर मात्रा में प्राप्त होता है पर इनका सेवन सूर्यकाल में ही करना चाहिए। अर्थात् सूर्यास्त के बाद इन्हें खाना ठीक नहीं है। इसी तर्ज पर कुछ लोग यह भी कहते हैं कि पृथ्वी तत्व वाले जिन पदार्थों को खाने से पूर्व आग पर चढ़ाना पड़ता है, उन्हें सूर्य की उपस्थिति में नहीं खाना चाहिए। यद्यपि बहुत से लोग अपनी धार्मिक आस्था या वृद्धावस्था के कारण सूर्यास्त के बाद अन्न नहीं खाते। उनका कहना है कि सूर्यास्त के बाद शरीर की पाचनक्रिया मंद हो जाती है। अतः उस समय भारी भोजन ठीक नहीं है। विचार भिन्नता के कारण इस विषय को स्वतंत्र छोड़ देना ही उचित है। ये कुछ ऐसी बातें हैं, जिन्हें समय-समय पर कुछ बुजुर्गों के मुंह से सुना है। इसमें से कुछ का प्रयोग करने से लाभ भी हुआ है। यद्यपि आज की भागदौड़ वाले जीवन में सब नियमों का पालन संभव नहीं होता। फिर भी जितना हो सके, उतना पालन करके देखें।

# आंखों पर दें ध्यान



आंखें अनमोल हैं, इसलिए इनकी सेहत का बदलते मौसम के अनुसार ध्यान रखना आवश्यक है

- आंखों में सूखापन की समस्या सर्दियों में बढ़ सकती है। सूखेपन से बचाव के लिए डॉक्टर के परामर्श से आर्टीफिशियल टीयर ड्रॉप का इस्तेमाल करें।
- इस मौसम में एलर्जी की शिकायत भी सभव है। इससे बचने के लिए दिन में दो बार आंखों को साफ पानी से धोएं। इन्हें मलें या रगड़ें नहीं।
- चेहरे के साथ आंख के आसपास व पलक की त्वचा को सूखेपन से बचाएं, लेकिन ध्यान रहे कि कोई भी मॉइश्चराइजर या कोल्ड क्रीम आंख के अंदर न जाए।
- काला चश्मा लगाकर ही धूप में बैठें।
- नेत्रों को चश्मे के जरिये ठंडी हवाओं से बचाएं।

# पेट दर्द के घरेलू उपचार



**अधिकतर बीमारियों की वजह होती है असंयमित खान-पान। गलत खान-पान के कारण कभी-कभी पेट में दर्द होने लगता है। आमतौर पर पेट दर्द का एक मुख्य कारण अपच, मल सूखना, गैस बनना यानी वात प्रकोप होना और लगातार कब्ज बना रहना भी है। पेट दर्द को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय हैं, जो दर्द तो दूर करते हैं, साथ ही साथ पेट की क्रियाओं को भी ठीक करते हैं।**

- पेट दर्द मे हींग का प्रयोग लाभकारी होता है। 2 ग्राम हींग थोड़े पानी के साथ पीसकर पेस्ट बनाएं। नाभी पर और उसके आस-पास यह पेस्ट लगाएं।

-अजवाइन को तवे पर सेक लें और काले नमक के साथ पीसकर पाउडर बनाएं। 2-3 ग्राम गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लेने से पेट का दर्द दूर होता है।

-जीरे को तवे पर सेकें और 2-3 ग्राम की मात्रा गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लें। इसे चबाकर खाने से भी लाभ होता है।

-पुदीने और नींबू का रस एक-एक चम्मच लें। अब इसमें आधा चम्मच अदरक का रस और थोड़ा सा काला नमक मिलाकर उपयोग करें। दिन में 3 बार इस्तेमाल करें, पेट दर्द में आराम मिलेगा।

-सूखी अदरक मुंह में रखकर चूसने से भी पेट दर्द में राहत मिलती है।

-बिना दूध की चाय पीने से भी कुछ लोग पेट दर्द में आराम महसूस करते हैं।

-अदरक का रस नाभी स्थल पर लगाने और हल्की मालिश करने से पेट दर्द में लाभ होता है।

-अगर पेट दर्द एसिडिटी से हो रहा हो तो पानी में थोड़ा सा मीठा सोडा डालकर पीने से फायदा होता है।

-पेट दर्द निवारक चूर्ण बनाएं। इसके लिए भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, सौंठ, लहसुन, धनिया, हींग, सूखी पुदीना पत्ती सबकी बराबर मात्रा लेकर बारीक चूर्ण बनाएं। इसमें थोड़ा सा काला नमक भी मिलाएं। खाने के बाद एक चम्मच थोड़े से गर्म पानी के साथ लें। पेट दर्द में आशातीत लाभकारी है।

-एक चम्मच शुद्ध घी में हरे धनिये का रस मिलाकर लेने से पेट की व्याधि दूर होती है।

-अदरक का रस और अरंडी का तेल प्रत्येक एक-एक चम्मच मिलाकर दिन में 3 बार लेने से पेट दर्द दूर होता है।

-अदरक का रस एक चम्मच, नींबू का रस 2 चम्मच लेकर उसमें थोड़ी सी शक्कर मिलाकर प्रयोग करें। पेट दर्द में लाभ होगा। दिन में 2-3 बार ले सकते हैं।

-अनार पेट दर्द मे फायदेमंद है। अनार के बीज निकालें। थोड़ी मात्रा में नमक और काली मिर्च का पाउडर डालें। और दिन में दो बार लेते रहें।

-मेथी के बीज पानी में भिगोएं। पीसकर पेस्ट बनाएं। और इस पेस्ट को 200 ग्राम दही में मिलाकर दिन में दो बार लेने से पेट के विकार नष्ट होते हैं।

-इसबगोल के बीज दूध में 4 घटे भिगोएं। रात को सोते समय लेते रहने से पेट में मरोड़ का दर्द और पेचिश ठीक होती है।

-सौंफ में पेट का दर्द दूर करने के गुण होते है। 15 ग्राम सौंफ रात भर एक गिलास पानी में भिगोएं। छानकर सुबह खाली पेट पीयें। बहुत गुणकारी उपचार है।

-आयुर्वेद के अनुसार हींग दर्द निवारक और पित्तवर्द्धक होती है। छाती और पेट दर्द में हींग का सेवन बेहद लाभकारी होता है। छोटे बच्चों के पेट में दर्द होने पर एकदम थोड़ी सी हींग को एक चम्मच पानी में घोलकर पका लें। फिर बच्चे की नाभी के चारों लगा दें। कुछ देर बाद दर्द दूर हो जाता है।

-नींबू के रस में काला नमक, जीरा, अजवायन चूर्ण मिलाकर दिन में तीन बार पीने से पेट दर्द से आराम मिलता है।

**मुझे नींद नहीं आती, आपने अक्सर लोगों को यह शिकायत करते सुना होगा। नींद एक जैविक प्रक्रिया है। हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद बहुत ही जरूरी है। पर्याप्त नींद नहीं लेने से हमारी कार्यक्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है। अनिद्रा के शिकार लोगों को अक्सर दिन में इधर-उधर झपकियां लेते देखा जा सकता है।**

## होम्योपैथी का सहारा ले सकते हैं

# अनिद्रा के रोगी



अनिद्रा आजकल एक महामारी की तरह फैलती जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक आज विश्व में हर पांचवां व्यक्ति अनिद्रा का शिकार है। अनिद्रा का अर्थ है नींद में व्यवधान, नींद उचटना या कम नींद आना। यह दो प्रकार की होती है। पहले प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों से जिन्होंने कभी अच्छी, चैन की नींद का आनंद नहीं लिया हो तथा ये लोग तनाव, घबराहट या अन्य किसी असहनीय पीड़ा से पीड़ित न हो। पहली प्रकार की अनिद्रा से पीड़ित लोगों की नाड़ी की गति तेज तथा शरीर का तापमान अधिक होता है। इनकी बाह्य धमनियां प्रायः संकुचित होती हैं। ये लोग प्रायः हिलते-डुलते रहते हैं। दूसरे प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों की अनिद्रा से है जो किसी न किसी बीमारी से पीड़ित होते हैं जैसे पेट में दर्द, पैरों में बेचैनी, थकान, स्पाइनल कॉर्ड में दर्द आदि। इन बीमारियों से नींद की प्रारंभिक अवस्था में बाधा पहुंचती है।

दूसरे प्रकार की अनिद्रा साइकेट्रीक, साइकोसिस तथा साइकोन्यूरोसिस के मरीजों में आमतौर पर देखी जा सकती है। डर तथा चिंता भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं। डिप्रेशन तथा मेनियक डिप्रेशन से भी अनिद्रा की शिकायत हो सकती है इससे सोने पर एक बार तो नींद आ जाती है परन्तु सुबह जल्दी आंख खुल जाती है तथा बाद में रोगी सो नहीं पाता। सन्निपात तथा कोई काल्पनिक डर भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं।

चिकित्सा की होम्योपैथिक शाखा के अंतर्गत अनेक ऐसी दवाईयां हैं जिनका प्रयोग अनिद्रा के उपचार के लिए किया जाता है। मरीज के लक्षणों के आधार पर कोई भी दवा उसे दी जा सकती है।

**आर्सेनिक एलबम 30**– यह दवा उन मरीजों को दी जाती है जो किसी मानसिक बेचैनी के कारण करवटें बदलते रहते हैं। वह शारीरिक रूप से इतना कमजोर होता है कि उसका चलना-फिरना भी मुश्किल होता है। मरीज को निरंतर मृत्यु का भय बना रहता है। वह इलाज के प्रति निराश हो चुका होता है। ऐसे रोगी को बार-बार थोड़े पानी की प्यास लगती रहती है।

**केनाबिस इंडिका 30**– यह उन रोगियों के लिए उपयुक्त होती है जो भय, भ्रांति तथा मानसिक दुर्बलता के शिकार होते हैं। ऐसे रोगी अक्सर मरे हुए लोगों को सपने में देखते हैं। उन्हें लगता है कि वह पागल हो जाएंगे। ऐसा रोगी लगातार बोलता रहता है और सिर हिलाता रहता है। अक्सर बोलते-बोलते वह यह भी भूल जाता है कि उसे आगे क्या बोलना है। विनम्र स्वभाव का व्यक्ति यदि उद्दण्ड स्वभाव हो जाए तो उसे यह दवा दी जाती है।

**हायोसाइमस नाइगर 200**– इसमें मरीज बहुत बातूनी और ईर्ष्यालु होता है। इस प्रकार का रोगी बहुत डरता है। उसे हर बात में डर लगता है जैसे अकेले रहने का डर, विष खिलाने का डर, किसी षड़यंत्र का डर आदि। बच्चों में नींद न आना, नींद आते ही डर जाना, बिस्तर से निकलने या भागने की कोशिश करना जैसे लक्षण होने पर यह दवा दी जाती है।

**कैफिया क्रूडा 200**– यह दवा उन रोगियों के लिए उचित है जिन्हें रात को नींद नहीं आती। वे अक्सर भविष्य के बारे में चिंता करते रहते हैं। ऐसे रोगी अचानक ही हंसने या रोने लगते हैं ऐसे रोगियों को बहुत अधिक चिंता, बातचीत या मानसिक परिश्रम करने में सिर में तेज दर्द होता है।

**एकोनाइटम नैपेलस 30**– इसमें रोगी अक्सर बैचेन रहता है जिससे उसे नींद नहीं आती। उसे इतना डर लगता है कि वह बेहोश भी हो जाता है। स्थिति गिंभीर होने पर रोगी को मरने का डर लगने लगता है। रोगी अक्सर डर के कारण घर से नहीं निकलता, भीड़भाड़ वाली जगहों से भी बचता है। उसे बार-बार पानी की प्यास भी लगती है।

**इग्नेशिया अमारा 200**– यह दवा उन रोगियों को दी जाती है जो शोक, भय या दुख की वजह से एकाएक बेहोश हो जाते हैं। उसे तम्बाकू या धुंआ सहन नहीं होता। उसके सिर में भी दर्द होता है। प्रेम या काम में निराशा से उत्पन्न अनिद्रा के लिए भी यही दवा कारगर होती है।

**पोर्स फ्लोरा इन्कार्नेटा (क्यू)**– वृद्धों तथा बच्चों में अनिद्रा दूर करने के लिए यह दवा कारगर सिद्ध होती है। यह दवा उन रोगियों की दी जाती है। जिन्हें तनाव और अत्यधिक मानसिक कार्य के कारण नींद नहीं आ पाती या सिर दर्द और आंखों में दर्द के कारण नींद नहीं आती।

किसी भी दवा के चुनाव से पहले रोगी के लक्षण पहचानना जरूरी होता है तथा किसी भी दवा के प्रयोग से पहले किसी विशेषज्ञ से सलाह लेना भी जरूरी होता है।

## पूर्वोत्तर को मिला खेलों का नया तोहफा, अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में बना 'खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत के खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में 'खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल' का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के मंत्री केंटो जिनी और न्यातो डुकम के साथ-साथ विधायक रोटॉम तेबिन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विजन को दर्शाती है कि देश के हर कोने की प्रतिभा को पहचान मिलनी चाहिए। अरुणाचल प्रदेश के युवाओं में असीम संभावनाएं हैं और इस प्रकार की सुविधाओं से वे खेलों में देश का नाम रोशन करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों से बातचीत भी की और उन्हें इस सुविधा का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवाओं से फिटनेस, खेल और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। इस कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सरकार के प्रतिनिधि और कई स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। यह आधुनिक मल्टीपरपज हॉल केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह वित्तपोषित है और इसकी लागत 8 करोड़ रुपये है।

## सुदीरमन कप 2025 : डिफेंडिंग चैंपियन चीन ने जापान को 3-0 से हराकर फाइनल में बनाई जगह

**बीजिंग।** सुदीरमन कप 2025 में डिफेंडिंग चैंपियन चीन ने जापान को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस शानदार जीत के साथ चीन अब रिकॉर्ड 14वें खिताब के बेहद करीब पहुंच गया है। घरेलू दर्शकों के सामने खेले गए इस मुकाबले में चीन ने हर मुकाबले में अपना दबदबा दिखाया।चीन के वर्ल्ड नंबर 2 मिक्स्ड डबल्स जोड़ी फेंग यांझे और हुआंग डोंगपिंग ने मुकाबले की दमदार शुरुआत करते हुए जापान के हिरोकी मिदोरिकावा और अरिसा इगाराशी को 21-11, 21-17 से हराया। इसके बाद टॉप सीड शि यूकी ने पुरुष सिंगल्स में जापान के कोदाई नाराओका को 21-8, 21-16 से आसानी से हराकर चीन को 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला सिंगल्स में मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जहां जापान की अकाने यामागुची ने पहले गेम में जीत दर्ज कर वापसी की उम्मीद जगाई। हालांकि चीन की चेन युफेई ने जबरदस्त वापसी करते हुए 17-21, 21-9, 21-16 से जीत हासिल की और चीन को क्लीन स्वीप दिला दिया। 13 बार की विजेता चीन अब फाइनल में साउथ कोरिया और 1989 की चैंपियन इंडोनेशिया में से किसी एक से भिड़ेगी। इन दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला शाम खेला जाना है।

## वो कागज पैन लेकर मीटिंग में आता है... दिनेश कार्तिक ने की यश दयाल की तारीफ

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चिन्नास्वामी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ महज 2 रन की जीत को यश दयाल ने साकार कर दिखाया। आखिरी ओवर में जब चेन्नई को महज 13 रन चाहिए थे तो यश ने एक छक्का खाने के बावजूद ओवर में 10 रन ही दिए। अपनी शानदार गेंदबाजी के लिए यश दयाल ने प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी जीता। वहीं, आरसीबी के मेंटोर और बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक भी उनकी तारीफ करते नजर आए। उन्होंने दयाल के काम करने के तरीके पर बात की। उन्होंने कहा कि यहां शब्द का सही चयन है - काम करने की नैतिकता उसे पता है। वह भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है, युवा क्रिकेटरों में एक बात जो आप देखते हैं वह यह है कि वे पर्दे के पीछे कितनी मेहनत करते हैं, यश एक ऐसा व्यक्ति है जो बहुत मेहनती है, एक कागज लेकर मीटिंग में आता है और वह सब कुछ लिखता है जो वह करना चाहता है। कई बार वह इसमें सफल नहीं होता लेकिन वह प्रयास करता है। कार्तिक ने कहा कि उसके पास हमेशा एक योजना होती है, उसके पास एक विशेष कौशल है और यही एक कारण है कि हमने उसे बनाए रखा।


## शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय

**मुंबई।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिये चिंता का विषय बनी हुयी है। घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, वह अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन करने के लिये संघर्ष करते दिख रहें हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आये हैं। उन्होने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है।

# आईपीएल 2025 : रोमांचक मुकाबले में आरसीबी ने सीएसके को 2 रन से हराया

**एजेंसी**

**सिंगापुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 2 रन की रोमांचक जीत हासिल की। आरसीबी की टीम 16 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। यह बेंगलुरु की लगातार चौथी जीत है। जबकि प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी चेन्नई ने लगातार चौथा मैच गंवाया। बेंगलुरु ने उसे इस सीजन के दोनों मैच में हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 213 रन का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के लिए विराट कोहली और जैकब बैथल ने शानदार शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 9.5 ओवर में 97 रन का साझेदारी की। यह जोड़ी बैथन (53 रन) के आउट होने से टूटी। इसके



बाद देवदत्त पडिक्कल (17 रन), कप्तान रजत पाटीदार (11 रन) और जीतेश शर्मा (7 रन) के विकेट जल्दी गिरे। लेकिन दूसरे छोर पर कोहली खेलते रहे और इस आईपीएल सीजन का सातवां अर्धशतक लगाया। हालांकि वो अपनी पारी को ज्यादा दूर नहीं ले जा सके और 62 रन के निजी योग पर आउट हुए। आखिर में रोमारियो शेफर्ड की 14 गेंदों में नाबाद 53 रन की धमाकेदार पारी ने टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। टिम डेविड 2 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की ओर से मथीशा पथिराना ने तीन विकेट चटकाए, जबकि नूर अहमद और सैम करन को एक-एक सफलता मिली। वहीं, 214 रन का पीछा करने उतरी चेन्नई की टीम भी रफ्तार की गाड़ी पर सवार रही। टीम को ओपनर आयुष म्हात्रे और शेक राशिद ने तेजी से रन बनाते हुए 4.3 ओवर में टीम का स्कोर 51 तक पहुंचा दिया। हालांकि इसी स्कोर पर टीम को पहला झटका राशिद (14 रन) के तौर पर लगा। इसके बाद सैम करन भी मात्र 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रविंद्र जडेजा ने म्हात्रे का जोरदार साथ दिया। दोनों के बीच 64 गेंदों में 114 रन की साझेदारी हुई। इस बीच म्हात्रे 94 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में डेवाल्ड ब्रेविस (शून्य रन), महेंद्र सिंह धोनी (12 रन) भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिके। आखिर में तीन गेंदों पर 13 रन की जरूरत थी तो शिवम दुबे बैटिंग करने आए और पहली गेंद पर 6 रन मारा, जो नो बॉल भी हुई। लेकिन अगली दो गेंदों पर कोई बाउंड्री नहीं आई और चेन्नई लक्ष्य से दो रन दूर रह गई। आरसीबी के लिए लुंगी नगिडी ने तीन बल्लेबाजो को आउट किया। जबकि क्रुणाल पांड्या और यश दयाल को एक-एक सफलता मिली।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में संत जेवियर्स की धमाकेदार जीत

**एजेंसी**

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिला में जारी ज्ञानचंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए मुकाबले में संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल ने संत विवेका इंग्लिश स्कूल को 103 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत में बल्लेबाज़ कृपा सिंधु चंदन का अहम योगदान रहा, जो मात्र एक रन से शतक चूक गए। जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी टीम ने 20 ओवरों में 203 रन बनाए और केवल चार विकेट गंवाए। बल्लेबाज़ कृपा सिंधु चंदन ने विस्फोटक अंदाज़ में नाबाद 99 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे। उन्होंने पूरे मैदान पर शॉट्स की झड़ी लगा दी और दर्शकों को रोमांचित कर दिया। टीम के अन्य बल्लेबाज़ों ने भी संयमित और आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए कृपा सिंधु को पूरा सहयोग दिया, जिससे टीम एक मजबूत स्कोर खड़ा कर सकी। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी संत विवेका इंग्लिश स्कूल की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी। विपक्षी गेंदबाज़ों की धारदार गेंदबाज़ी और अनुशासित फील्डिंग के सामने उनकी एक न चली और पूरी टीम 16.2 ओवर में महज़ 100 रन पर सिमट गई। सबसे बड़ी विफलता यह रही कि उनकी छह बल्लेबाज़ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गईं। संत जेवियर्स की जीत में गेंदबाज़ों और क्षेत्ररक्षकों की भी अहम भूमिका रही। तेज और सटीक गेंदबाज़ी के साथ-साथ मैदान पर चुस्ती-फुर्ती ने विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया। मैच के बाद कृपा सिंधु चंदन को उनकी विस्फोटक बल्लेबाज़ी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## ब्रैड हैडिन ने की पंजाब किंग्स के युवा खिलाड़ियों की सराहना, बोले- 'टीम को मिला असली गहराई का फायदा'

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 अब निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है और पंजाब किंग्स अपनी दूसरी घरेलू लीग की शुरुआत 04 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। मैच से पहले सहायक कोच ब्रैड हैडिन ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया और टीम के हालिया प्रदर्शन पर संतोष जताया।

ब्रैड हैडिन ने विशेष रूप से युवा खिलाड़ियों के योगदान को सराहा और बताया कि उनकी उपस्थिति से टीम को गहराई मिली है। उन्होंने कहा, हमारे युवा खिलाड़ी अब सामने आकर प्रदर्शन कर रहे हैं, और यही इस सीज़न की सबसे सकारात्मक बात रही है। सीनियर खिलाड़ी तो हमेशा दबाव के पलों में उभरकर आते हैं, लेकिन युवा खिलाड़ियों की भागीदारी ने हमारी टीम को मजबूत आधार दिया हैपंजाब किंग्स इस समय अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और टीम लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हैडिन ने कहा, ÷इस दौर में उत्साह सबसे जरूरी है। टूर्नामेंट के इस चरण में आप चाहते हैं कि आपकी टीम सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेले और हमने हर मैच के साथ सुधार दिखाया है।उन्होंने पिछले मैच



में टीम की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा, हमने पिछली बार बल्ले से बहुत ही सटीक प्रदर्शन किया। हमारा लक्ष्य है कि हम धीरे-धीरे और सुधार करते जाएं ताकि अंतिम दौर में हम पूरी ताकत से उतर सकें। गेंदबाजी इकाई की प्रशंसा करते हुए हैडिन ने कहा, बोलर्स ने नई इम्पैक्ट प्लेयर नियम के अनुसार रणनीति बनाई है और इसे मैदान पर सही तरह से लागू किया है। इस कारण हम विपक्षी टीमों को सीमित करने में सफल रहे हैं। स्थानीय दर्शकों के समर्थन पर उन्होंने कहा, धर्मशाला में हमें वही प्यार मिल रहा है जो चंडीगढ़ और मुल्लांपुर में मिला था। यहां के लोग क्रिकेट के लिए बहुत जुनूनी हैं और खिलाड़ियों को यह ऊर्जा मैदान पर मिल रही है।

## दिल्ली में एशिया की टेनिस प्रतिभाओं का जलवा, सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई आईटीएफ अंडर-14 चैंपियनशिप

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित 2025 आईटीएफ एशिया अंडर-14 डेवलपमेंट चैंपियनशिप फाइनल्स का भव्य समापन 03 मई को हुआ। यह प्रतिष्ठित दो सप्ताह की चैंपियनशिप 22 अप्रैल से आरंभ होकर 03 मई 2025 तक आयोजित की गई, जिसमें एशिया के 16 देशों और दो ग्रैंड स्लैम टेनिस टूरिंग टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चीन, चीनी ताइपे, हांगकांग, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, कजाकिस्तान, कोरिया, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान, वियतनाम जैसे देशों से 14 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाएं और उनके कोच इस चैंपियनशिप में शामिल हुए।

प्रत्येक सप्ताह को एशियाई अंडर-14 रैंकिंग पॉइंट्स के लिए श्रेणी 'ए' टूर्नामेंट के रूप में मान्यता दी गई। इस वर्ष की चैंपियनशिप का विशेष महत्व रहा क्योंकि इसके प्रदर्शन के आधार पर विंबलडन 14 अंडर चैंपियनशिप और यूरोप टूर टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। चार बालक और चार बालिकाओं को इन दोनों प्रतिष्ठित




टीमों के लिए चुना गया। टूर्नामेंट में 32-32 खिलाड़ियों की लड़कों और लड़कियों की एकल एवं युगल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में कंपास ड्रॉ फॉर्मेट अपनाया गया जिससे प्रत्येक खिलाड़ी को हर दिन मैच खेलने का अवसर मिला, चाहे वह जीते या हारे। इस प्रारूप से अंततः सभी खिलाड़ियों की मेधा के अनुसार रैंकिंग निर्धारित की गई। सिंगल्स मैच तीन सेट के टाई ब्रेक प्रारूप में खेले गए, जबकि युगल और प्लेसमेंट मैच दो सेट और 10-पॉइंट मैच टाई ब्रेक के नियमों के अंतर्गत आयोजित हुए। युगल मुकाबलों में नो एडवांटेज और नो लेट सर्विस नियम लागू रहे।

## भारत में हाईरॉक्स की जोरदार शुरुआत, ओलंपिक तैराक श्रीहरि नटराज बोले- फिटनेस का नया जुनून बनेगा

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई ने भारत में पहली बार आयोजित हुए हाईरॉक्स रेस के जरिए केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि फिटनेस की नई लहर की शुरुआत की है। गोरेगांव स्थित नेस्को सेंटर आज 1650 एथलीटों की ऊर्जा और जोश से गूंज उठा। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिटनेस प्रतियोगिता अब भारत में भी अपनी पकड़ मजबूत करती दिख रही है। हाईरॉक्स फॉर्मेट की खासियत इसमें है कि इसमें आठ 01 किलोमीटर की दौड़ और आठ फंक्शनल फिटनेस चैलेंज को बारी-बारी से पूरा करना होता है। स्कीइर्ग पुल से लेकर वॉल बॉल शॉट तक, प्रतिभागियों ने अपनी सीमाओं को तोड़ते हुए जबरदस्त



प्रदर्शन किया। ओलंपिक तैराक और प्यूमा एथलीट श्रीहरि नटराज ने कहा, हाईरॉक्स फिटनेस का एक नया और मजेदार प्रारूप है, जो लोगों में फिटनेस को लेकर एक नया जुनून पैदा करेगा। यह दौड़, वजन उठाना और अन्य सभी गतिविधियों का समावेश करती है, इसलिए यह तेजी से लोकप्रियता हासिल करेगी। 16 वर्षीय गवले सई से लेकर 78 वर्षीय वीरेंद्र सूद तक, इस प्रतियोगिता ने उम्र और फिटनेस के हर स्तर के प्रतिभागियों का स्वागत किया। 24 देशों से आए प्रतियोगियों और हजारों दर्शकों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। बेंगलुरु एफसी के गोलकीपर और प्यूमा एथलीट गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा, हाईरॉक्स जैसे आयोजन खिलाड़ियों को नई तरह की फिटनेस चुनौतियां देते हैं। इससे पारंपरिक फिटनेस तरीकों को चुनौती मिलती है और लोग अपने जीवन में बदलाव महसूस करते हैं। बेंगलुरु के एक कॉरपोरेट कर्मचारी अनुराग राजशेखर ने अपने पांच साथियों के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, हमारे ऑफिस में फिटनेस का कॉम्पिटिशन होता है, और हाईरॉक्स इसमें चार चांद लगाने जैसा रहा। यह एक ऐसा मंच है जो आम जिम जाने वालों को भी अपनी मेहनत दिखाने का मौका देता है। हाईरॉक्स मुंबई ने भारत में फिटनेस की नई शुरुआत की है और 19 जुलाई को दिल्ली में होने वाली अगली हाईरॉक्स रेस के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर दिया है। इसके लिए जल्दी ही www.hyro&.co.in पर रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे।

## टी20 मुंबई लीग में सोबो मुंबई फाल्कन्स की एंट्री, श्रेयस अय्यर होंगे आइकन प्लेयर

**एजेंसी**

**मुंबई।** टी-20 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित तीसरे संस्करण में सोबो मुंबई फाल्कन्स ने दमदार एंट्री कर ली है। क्रिकेट के प्रति जुनून और विजन के साथ यह फ्रेंचाइज़ी न केवल अपने पहले सीज़न में शानदार प्रदर्शन करना चाहती है, बल्कि मुंबई क्रिकेट की समृद्ध परंपरा को आगे भी बढ़ाना चाहती है। टीम की शुरुआत को और खास बनाते हुए भारतीय दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव को फ्रेंचाइज़ी का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। वह अपने अनुभव और मार्गदर्शन से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे। सोबो मुंबई फाल्कन्स, जो दक्षिण मुंबई की सांस्कृतिक आत्मा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रतिनिधित्व करती है, इस सीज़न में पहली बार मैदान में उतर रही है। 26 मई से 8 जून तक मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले मुकाबलों में यह टीम नई ऊर्जा और कड़ी प्रतिस्पर्धा लेकर आएगी। टी-20 मुंबई लीग का यह तीसरा संस्करण भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार रोहित शर्मा के चेहरे के रूप में और भी खास बन गया है। वहीं, मुंबई फाल्कन्स की ओर से श्रेयस अय्यर को आइकन प्लेयर बनाया गया है, जिससे टीम को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। मुंबई फाल्कन्स के मालिक अमीत एच. गढोके ने कहा, हम मुंबई फाल्कन्स को टी20 मुंबई लीग में पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह फ्रेंचाइज़ी दक्षिण मुंबई की ऊर्जा, जुनून और संकल्प की प्रतीक है। हमारा लक्ष्य एक ऐसी टीम बनाना है जो न सिर्फ शीर्ष स्तर पर मुकाबला करे, बल्कि उभरती प्रतिभाओं को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने दिखाया जज्बा, ऑस्ट्रेलिया से रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार

**एजेंसी**

**पर्थ।** पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गए ऑस्ट्रेलिया दौरे के चौथे मैच में भारतीय महिला हॉकी टीम ने बेहतरीन संघर्ष किया, लेकिन अंत में उन्हें 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से नवनीत कौर (35') और लालरेम्सियामी (59') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्रेस स्टुअर्ट (2'), जेड स्मिथ (36') और ग्रेटा हेज़ (42') ने गोल दागे। मैच की शुरुआत से ही ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रुख अपनाया और महज दूसरे मिनट में ग्रेस स्टुअर्ट ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय टीम ने बराबरी के कई प्रयास किए, लेकिन पहले क्वार्टर में गोल नहीं कर पाई। दूसरे क्वार्टर में भारत ने मजबूत



डिफेंस का प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने से रोका और हाफटाइम तक स्कोर 0-1 ही रहा। तीसरे क्वार्टर में भारत ने दमदार वापसी की। 35वें मिनट में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। लेकिन भारत की खुशी ज्यादा देर नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट बाद ही जेड स्मिथ ने शानदार फील्ड गोल कर ऑस्ट्रेलिया को फिर से 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद ग्रेटा हेज़ ने 42वें मिनट में एक और गोल कर बढ़त को 3-1 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में भारतीय टीम ने हमलों की झड़ी लगा दी। 59वें मिनट में लालरेम्सियामी ने बेहतरीन गोल कर स्कोर 2-3 कर दिया और मुकाबले में रोमांच भर दिया। हालांकि, अंतिम क्षणों में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की डिफेंस को नहीं भेद पाई और मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में समाप्त हुआ।

## कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**मैड्रिड।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे। रूड ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा।

## संत जोसफ कॉलेज के हारिस ने नेशनल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट में लगातार तीसरा ख़िताब अपने नाम किया

**एजेंसी**


**प्रयागराज।** संत जोसफ कॉलेज के कक्षा 7 के छात्र हारिस खान ने गुरुग्राम हरियाणा में 28 अप्रैल से 02 मई तक आयोजित एआईटीए (चैम्पियनशिप सीरीज-7) अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल का ख़िताब अपने नाम किया। हारिस ने फाइनल में हरियाणा के सुखलीन शर्मा को 6-0, 6-0 से सीधे सेटों से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले सेमीफाइनल में हारिस ने हरियाणा के पवन तेजा टेकू को 6-1, 6-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। हारिस ने अंडर-14 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। अंडर-14 के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के सेकंड सीडेड आयुष काले को 6-4, 6-3 से सीधे सेटों में पराजित किया। अंडर-14 फाइनल में तेलंगाना के विश्वक रेड्डी के हाथों उन्हें 6-4, 6-3 से हार का



सामना करना पड़ा। परन्तु अपने ज़बरदस्त खेल से सभी का दिल जीत लिया। इस जीत के साथ हारिस ने अपने टेनिस करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है और भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल करने की उम्मीद जगाई है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके कोच सैफ इकबाल ने बधाई देते हुए आने वाले टूर्नामेंट में ऐसे ही प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।

# कगिसो रबाडा झेल रहे निलंबन, आईपीएल बीच में छोड़ इस कारण लौटे घर वापस

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने डोप टेस्ट में पॉजिटीव पाए जाने के बाद वर्तमान में निलंबन की सजा काट रहे हैं और उन्होंने यह बात स्वीकार भी की है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से उनके अचानक बाहर होने के पीछे यही कारण था, जहां वे गुजरात टाइटन्स के लिए खेल रहे थे। 3 अप्रैल को फ्रैंचाइजी ने कहा कि रबाडा एक 'व्यक्तिगत मामले' से निपटने के लिए घर वापस चले गए थे, लेकिन उन्होंने कोई और विवरण साझा नहीं किया। एक बयान में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा, 'क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका निलंबन की पुष्टि करता है।रबाडा ने प्रतिबंधित पदार्थ के उपयोग किया। यह घटना खेदजनक है, हालांकि, रबाडा ने सीएसए और अपने प्रशंसकों को पेशेवर मानकों को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के बारे में आश्वस्त किया है और क्रिकेट के खेल और जिस देश का वे प्रतिनिधित्व करते हैं, उसके प्रति अपने जुनून को फिर से दोहराया है। बोर्ड ने कहा, सीएसए पूरी तरह से नशा मुक्त खेल के लिए प्रतिबद्ध है और पेशेवर और शौकिया दोनों तरह के क्रिकेट खिलाड़ियों को सभी नियमों का पालन करने के महत्व की याद दिलाता है। हम इस संबंध में सभी खिलाड़ियों को अपना समर्थन देने में दृढ़ हैं। रबाडा ने यह भी कहा कि वह क्रिकेट में वापसी के लिए उत्सुक हैं और उन्होंने अपने परिवार, कानूनी टीम और गुजरात टाइटन्स को



उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। दक्षिण अफ्रीकी नशा मुक्त खेल संस्थान जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) के नियमों के तहत काम करता है, के अगले सप्ताह एक विस्तृत बयान जारी करने की उम्मीद है। रबाडा का निलंबन अल्पकालिक होने की उम्मीद है, क्योंकि माना जाता है कि उनका मामला न्यूजीलैंड के क्रिकेटर डग ब्रेसवेल जैसा है जिन्हें पिछले साल कोकीन के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि कैगिसो रबाडा ने कौन सा पदार्थ लिया था, हालांकि यह कोकीन या भांग होने की संभावना है, जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) द्वारा एक्स्टसी और हेरोइन के साथ सूचीबद्ध दो पदार्थ हैं। परीक्षण करने वाले दक्षिण अफ्रीकी नशा मुक्त खेल संस्थान (एसएआईडीएस) द्वारा सोमवार को एक बयान जारी करने की उम्मीद है जो आगे और स्पष्टता प्रदान कर सकता है। वाडा के कोड के अनुसार, यदि कोई एथलीट यह साबित कर सकता है कि पदार्थ को प्रतियोगिता से बाहर ले जाया गया था तो उन्हें एक महीने का कम निलंबन दिया जा सकता है। विशेष रूप से रबाडा 3 अप्रैल को भारत से चले गए थे और दक्षिण अफ्रीका लौट आए थे, लेकिन ठीक एक महीने बाद उन्हें फिर से खेल शुरू करने की अनुमति मिल गई थी, यह सुझाव देते हुए कि उनका निलंबन वाडा के न्यूनतम प्रतिबंध दिशानिर्देशों के अनुरूप है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के भीतर रबाडा के आगामी मैचों में शामिल न होने को लेकर कोई चिंता नहीं है, जिसमें जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी शामिल है।

जानिए कितने का

# अनुष्का शर्मा

## का ये पिंक पायजामा-शर्ट, सफेद टॉप की कीमत कर देगी हैरान





बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने हाल में अपना 37 वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस ने अपनी एक खूबसूरत तस्वीर शेयर कर फैंस को जन्मदिन की बधाई के लिए शुक्रिया भी किया था। शेयर की गई तस्वीर में एक्ट्रेस को फूलों के बीच नाइट आउटफिट में देखा जा सकता है। तस्वीर देखकर ऐसा लग रहा है जैसे विराट कोहली ने उन्हें रात को ही फूलों से बर्थडे विश किया था। लेकिन क्या आप जानते हैं इस तस्वीर में अनुष्का ने जो गुलाबी रंग की नाइट आउटफिट पहना है इसकी कीमत कितनी है ?

**गुलाबी नाइट आउटफिट की कीमत**

अनुष्का शर्मा ने अपने बर्थडे के अगले दिन सभी का शुक्रियादा करते हुए एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में एक्ट्रेस ने एक गुलाबी रंग का पायजामा और शर्ट पहनी हुई थी। एक्ट्रेस के ये नाइट वियर नोर्वे के arket नाम के ब्रांड का है। इस पायजामा की कीमत 5,598 रुपए और शर्ट की कीमत भी 5,598 रुपए है। एक्ट्रेस का ये नाइट वियर करीब 12,000 का है।

**कॉटन का वाइट टॉप है हजारों का**

इसके अलावा विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में अनुष्का ने कट स्लीव का कॉटन टॉप और शॉर्ट पैंट पहना हुआ था। एक्ट्रेस ने ये आउटफिट seed heritage नाम के ऑस्ट्रियन ब्रांड से खरीदा है। वेबसाइट के मुताबिक इस टॉप की कीमत 5,431 रुपए और 7,080 रुपए है। अनुष्का का ये सफेद आउटफिट करीब साढ़े 12 हजार का है।

**फिल्मों से दूरी**

वर्क फ्रंट की बात करें तो अनुष्का शर्मा को आखिरी बार साल 2018 में आई फिल्म जीरो में शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ देखा गया था। इसके बाद एक्ट्रेस, महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक पर भी काम कर रही थीं। लेकिन फिल्म अभी तक रिलीज नहीं हुई। अनुष्का अब फिल्मों से दूरी बनाकर अपने दोनों बच्चों की परवरिश में बिजी हैं।



# एकता कपूर

## की फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर ने डबल की अपनी फीस? जानें कितने करोड़ लेंगी अब

श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। अब तक वह कई हिट फिल्में दे चुकी हैं। सोशल मीडिया पर भी श्रद्धा की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी पिछली फिल्म स्त्री-2 बड़ी हिट गई थी, जिसके बाद अब उन्होंने अपनी फीस डबल कर ली है। श्रद्धा से पहले फिल्म के एक्टर रहे राजकुमार राव ने भी अपनी फीस बढ़ाकर पांच करोड़ कर दी थी।



**कितनी बताई जा रही फीस**


बॉलीवुड हंगामा के सूत्रों के अनुसार, अब श्रद्धा कपूर फीस को डबल करते हुए एकता कपूर के साथ अगले प्रोजेक्ट के लिए 17 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं। श्रद्धा और एकता कपूर के बीच में काफी समय से हाई कॉन्सेप्ट थ्रिलर फिल्म को लेकर बातचीत चल रही थी। इसे अनिल बर्वे डायरेक्ट करने वाले हैं और यह फिल्म 2025 के दूसरे क्वार्टर में फ्लोर पर आ सकती है। इसके लिए एक्ट्रेस को 17 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं।

**सबसे ज्यादा फीस**

सोर्स ने बताया, यह श्रद्धा कपूर को मिली अब तक की सबसे ज्यादा फीस होगी। इतना ही नहीं, आज के समय इंडस्ट्री में किसी भी एक्ट्रेस को मिलने वाली ज्यादा अधिक फीस में से यह एक है। सिर्फ फीस ही नहीं, बल्कि एक्ट्रेस ने कॉन्ट्रैक्ट में प्रॉफिट शेयरिंग क्लॉज पर भी साइन किया है। अगर फिल्म अच्छी चलती है तो उन्हें प्रॉफिट का एक तय हिस्सा भी दिया जाएगा।

पिछले साल आई श्रद्धा की स्त्री-2 ने बड़े पर्दे पर अच्छी कमाई की थी। वर्ल्डवाइड फिल्म ने 874 करोड़ से अधिक कमाए थे। इसमें श्रद्धा के अलावा तमन्ना भाटिया, राजकुमार राव, वरुण धवन, पंकज त्रिपाठी जैसे एक्टर्स शामिल थे। यह एक कॉमेडी हॉरर फिल्म थी, जिसे अमर कौशिक ने डायरेक्ट किया था।

## 20 करोड़ भी नहीं कमा पाई थी सैफ अली खान और गोविंदा की ये फिल्म, बजट का आधा हिस्सा निकालने में छूट गए थे पसीने



गोविंदा ने अपने फिल्मी करियर का आगाज 80 के दशक के बीच में किया था. वहीं 90 के दशक तक गोविंदा सुपरस्टार बन चुके थे. एक से बढ़कर एक फिल्में, शानदार डांस और अपनी दमदार कॉमेडी के चलते गोविंदा ने बड़े पर्दे पर अपनी अमिट छाप छोड़ी. उनके खाते में एक के बाद एक कई शानदार फिल्में आईं. हालांकि उनकी झोली में ढेरों फ्लॉप फिल्में भी गिरी हैं.गोविंदा ने अपने करियर में सफलता का जो शिखर देखा है उसी तरह से उनका करियर ढलान पर भी आया है. उनकी कई फिल्मों के लिए बजट तक निकालना मुश्किल हो गया था. वहीं गोविंदा की फिल्म 'हैप्पी एंडिंग' तो ऐसी रही जो अपने बजट का आधा भी नहीं निकाल पाई थी. इसमें गोविंदा के साथ सैफ अली खान ने भी काम किया था. लेकिन दोनों की पिक्चर बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी.

**57 करोड़ था 'हैप्पी एंडिंग' का बजट**

गोविंदा और सैफ अली खान की फिल्म 'हैप्पी एंडिंग' साल 2014 में आई थी. एक दशक पहले आई इस फिल्म से दर्शकों और मेकर्स को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन ये फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई. गोविंदा और सैफ के साथ फिल्म का हिस्सा इलियाना डिक्रूज, रणवीर शौरी और कल्कि कोचलिन जैसे सितारें भी थे. मेकर्स ने इस मल्टीस्टारर फिल्म पर 57 करोड़ रुपये खर्च किए थे.

**20 करोड़ भी नहीं हुई कमाई**

गोविंदा और सैफ की इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरा हाल हुआ था. अपने नाम के मुताबिक फिल्म की एंडिंग हैप्पी नहीं हो पाई थी और न ही इसकी ओपनिंग हैप्पी रही. 11 साल पुरानी इस फिल्म ने भारत में 20 करोड़ रुपये से भी कम का कलेक्शन किया था. इसका लाइफटाइम कलेक्शन सिर्फ 19.44 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था और ये पिक्चर बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हो गई.

**सैफ का वर्कफ्रंट**

गोविंदा लंबे समय से फिल्मी दुनिया से दूर है. वहीं सैफ अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म 'ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स' हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है. इसी बीच सैफ की नई फिल्म को लेकर खबर आ गई है. अभिनेता अब 2016 की मलयालम हिट 'ओप्पम' के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे. फिल्म इस साल के आखिरी तक फ्लोर पर आएगी.

## जब 400 लड़कियों के बीच में से सिर्फ आलिया भट्ट को चुना गया, कम उम्र में ही कर दिया था ये कमाल



आलिया भट्ट ने कम वक्त में बड़ा और खास नाम कमा लिया है. दिग्गज डायरेक्टर महेश भट्ट के घर में जन्मीं आलिया भट्ट को शुरू से ही घर में फिल्मी माहौल मिला था. बड़ी होने पर उन्होंने फिल्मी दुनिया की राह चुनी और आज वो हिंदी सिनेमा की सबसे चर्चित और कामयाब एक्ट्रेसेस में एक हैं.वैसे आपको बता दें कि आलिया भट्ट बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट भी काम कर चुकीं हैं. उन्हें बचपन में अक्षय कुमार और प्रीति जिंटा की एक फिल्म में देखा गया था. वहीं आपको ये जानकर भी हैरानी होगी कि अपनी डेब्यू फिल्म के लिए एक्ट्रेस का सेलेक्शन 400 लड़कियों में से हुआ था.

**अक्षय-प्रीति की इस फिल्म में चाइल्ड आर्टिस्ट थीं आलिया**

आलिया का जन्म महेश भट्ट और एक्ट्रेस सोनी राजदान के घर 15 मार्च 1993 को मुंबई में हुआ था. पिता के जाने-माने डायरेक्टर होने के चलते आलिया को अक्षय कुमार और प्रीति जिंटा की साल 1999 में आई फिल्म 'संघर्ष' काम करने का मौका मिला था. इसमें उन्होंने प्रीति के बचपन का किरदार निभाया था, तब वो महज 6 साल की थीं.

**डेब्यू फिल्म के लिए 400 लड़कियों में से हुआ सेलेक्शन**

आलिया भट्ट ने हिंदी सिनेमा में बतौर लीड एक्ट्रेस अपने कदम 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से रखे थे. साल 2012 में आई इस फिल्म में आलिया ने शनाया सिंघानिया का किरदार निभाया था. लेकिन इस रोल के लिए एक्ट्रेस का चयन 400 लड़कियों में से हुआ था. करण जौहर की इस पिक्चर के लिए 400 लड़कियों ने ऑडिशन दिया था. एक इंटरव्यू में खुद करण ने खुलासा किया था कि उन्होंने मुंबई और बाहर के शहरों की करीब 400 लड़कियों का स्क्रीन टेस्ट लिया था.

**आलिया भट्ट की बेहतरीन फिल्में**

आलिया भट्ट अपने करीब 13 साल के करियर में खूब शोहरत हासिल कर चुकी हैं. उन्हें इस जनरेशन की सबसे बड़ी स्टार में से एक माना जाता है. उनकी डेब्यू फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' हिट साबित हुई थी. एक दशक से ज्यादा के करियर में वो 'राजीफ़, 'गंगूबाई काठियावाड़ी', 'ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन', 'गली बॉय, 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी', 'आरआरआर', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'डियर जिंदगी', '2 स्टेट्स' और 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' जैसी शानदार फिल्में